पटना, शनिवार
19.09.2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 8 संवत 2083
पृष्ठ 18
मूल्य : ₹ 4
वर्ष : 31, अंक : 137
रजिस्ट्रेशन : आर एन 66055/96

बिहार जागे... देश आगे

# प्रभात खबर

पटना । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । रांची । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । कोलकाता से प्रकाशित

facebook.com/prabhat.khabar | twitter.com/prabhatkhabar | instagram.com/prabhat.khabar | youtube.com/c/PrabhatKhabartv

A
NAAC GRADE

# USHA MARTIN UNIVERSITY

Approved by:
UGC | AIU | BCI | PCI | INC | AICTE | PMCI | JSCPT

USHA MARTIN UNIVERSITY
Inclusion, Innovation & Ethics

## ADMISSIONS CLOSING SOON!






Axar Patel
International Cricketer

220+ Company Visited
1800+ Placement Offers
34 Lacs Highest Package
Upto 100% Scholarships

**B. TECH CSE**
- AI & ML
- Data Science
- Cyber Security

**BCA/MCA**
- Blockchain
- Mobile Computing
- Cyber Security
- Data Science

**BAJMC**
- BA - Journalism & Mass Communication
- MA - Journalism & Mass Communication

**BBA/MBA**
- Business Intelligence & Data Analytics
- Banking, Finance & Insurance

**APPLIED SCIENCE**
- B.Sc.PCM

**PHARMA**
- D Pharma
- B Pharma

**NURSING**
- BSc. Nursing
- GNM

**COMMERCE**
- B. Com. (Hons)
- B. Com. (Accountancy)

**DIPLOMA**
- Diploma in Mechanical
- Diploma in Electrical
- Diploma in Mining
- Diploma in Civil
- Diploma in Computer Science

**B. TECH**
- Mining
- Mechanical
- Civil
- Electrical & Electronics

**LAW**
- BBA LLB
- BA LLB
- LLM

**ARTS**
- BA English (Hons)
- Bachelor of Library & Information Science

**PARAMEDICAL**
- B.Sc MLT- Medical Lab Technology (Hons)
- B.Sc OTT- Operation Theatre Technology (Hons)
- B.Sc- Radiography and imaging Technology (Hons)

**B.Sc/M.Sc.**
- B.Sc. (Agriculture) Hons
- M.Sc Agriculture (Plant Breeding & Genetics)
- M.Sc Agriculture (Agronomy)
- B.Sc Forensic Science (Hons)

**SALIENT FEATURES**
- NEP-Aligned, Multidisciplinary Programmes with Holistic Approach.
- On Campus Apple AI Lab.
- Excellent Placement Record with Top Multinationals.
- University Transportation Facility Available.
- Excellent on Campus Hostels for Boys & Girls.
- Excellent Sports Facility with Coach.
- Academic MoU's with Several Corporates & Reputed University.
- Upto 100% Scholarships for Meritorious Students.

## UMU Placements


Bipul Kumar Anand, Oyester Operation, 34 LPA


Shipra Jain, Appollo Munich Health Ins., 8 LPA


K. Deepankar, Federal Bank, 17 LPA


Partha Pratim Das, Mankind Pharma, 8 LPA


Sweta Kumari, Bharti Airtel, 5.5 LPA


Aryan Kumar, Tech Mahindra, 4.5 LPA


Rishav Kumar, I.B Arts, 4.5 LPA


Abhinash Lal, Asian Paints, 7.8 LPA

## UMU Ecosystem


Pharmacy Laboratory



Moot Court


Apple Artificial Intelligence Lab


Engineering Workshop


Mass Media

At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi

admission@umu.ac.in | www.umu.ac.in | +91 8055 200 400, 8956 226 200

APPLY NOW

बिहार सरकार
STATE COMMISSION FOR WOMEN, BIHAR





# 25 वां स्थापना दिवस

## रजत जयंती समारोह
## बिहार राज्य महिला आयोग

**मुख्य अतिथि**

## श्री सम्राट चौधरी
मानननीय मुख्यमंत्री, बिहार

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री विजय कुमार चौधरी**
माननीय उपमुख्यमंत्री, बिहार

**श्री श्रवण कुमार**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग

**श्री निशांत**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग

**श्रीमती लेशी सिंह**
माननीय मंत्री, भवन निर्माण विभाग

**श्री नीतीश मिश्रा**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग

**श्रीमती शीला कुमारी**
माननीय मंत्री, विज्ञान प्रौद्योगिकी और तकनिकी शिक्षा विभाग

**सुश्री श्रेयसी सिंह**
माननीय मंत्री, खेल एवं उद्योग विभाग

**डॉ. प्रमोद कुमार**
माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग तथा कला संस्कृति एवं युवा विभाग

**डॉ. श्वेता गुप्ता**
माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग

**निवेदक**

**अप्सरा**
अध्यक्ष, बिहार राज्य महिला आयोग

हर महिला की आवाज़ हमारा संकल्प

दिनांक: 19 सितंबर 2026 | समय: 1:00 बजे अपराह्न | स्थान: बापू सभागार, पटना

PR-012217(SWD)D,2026-27

बिहार जागे... देश आगे

# प्रभात खबर

पटना । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । रांची । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । कोलकाता से प्रकाशित

पटना, शनिवार
19.09.2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 8 संवत 2083
पृष्ठ 18
मूल्य : ₹ 4
वर्ष : 31, अंक : 137
रजिस्ट्रेशन : आर एन 66055/96
prabhatkhabar.com



स्पोर्ट्स | 14
बीसीसीआइ एजीएम आज : अगरकर के भविष्य पर होगा फैसला



देश-विदेश | 13
चीन में नया दौर शुरू, रोबोट बना रहे रोबोट



अध्यात्म/ज्योतिष | 08
'हे अनंतरूप वाले प्रभु! हम सभी का आप उद्धार करें'

## क्विक बाइट्स

### ऑस्कर 2027 के लिए भारत की ओर से जायेगी मराठी फिल्म गोंधल



**मुंबई.** मराठी फिल्म गोंधल को ऑस्कर पुरस्कार 2027 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है. फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की. संतोष डावखर द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म एक नवविवाहित जोड़े से जुड़ी पारंपरिक रस्म वाली एक रात के इर्द-गिर्द घूमती है. फिल्म अंग, इक्कीस, हक, धुरंधर, हनुमान अंश, बॉर्डर 2, मैं वापस आऊंगा, पेड्डी, 120 बहादुर सहित 33 फिल्मों की सूची में से गोंधल का चयन किया गया है. 14 मार्च, 2027 को 99वें ऑस्कर पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जायेगा.

**ट्रंप लगायेंगे 100% टैरिफ वाले बिल पर मुहर**
पेज : 13

## सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | ₹ 1,50,350 | 1500 |
| सोना (खरीद) | ₹ 1,50,250 | 1500 |
| चांदी | ₹ 2,38,500 | 4500 |

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 'सेवा संकल्प और कायाकल्प' अभियान का किया शुभारंभ

# 30 नवंबर तक पंचायत स्तर पर विकास के सभी छोटे-छोटे काम पूरा करें : सीएम

संवाददाता, पटना

**मुख्यमंत्री** सम्राट चौधरी ने 30 नवंबर तक किसी भी हाल में पंचायत स्तर पर सभी छोटे-छोटे विकास कार्यों को पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि विद्यालयों की रंगाई-पुताई, आवश्यकतानुसार सामुदायिक भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण सहित अन्य आवश्यक काम तय समय-सीमा के अंदर पूरे किए जाएं. अंबेडकर छात्रावास, कर्पूरी ठाकुर छात्रावास सहित अन्य छात्रावासों में आवश्यक सुविधाओं को पूरा करें. साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक भवनों सहित अन्य सार्वजनिक संस्थानों में बचे हुए छोटे-छोटे कामों को भी 30 नवंबर तक हर हाल में पूरा करें.

मुख्यमंत्री ने यह बातें शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में सेवा संकल्प और कायाकल्प अभियान का शुभारंभ करने के बाद कहीं. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'कायाकल्प' पोर्टल का भी लोकार्पण किया. कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एचआर श्रीनिवास ने 'कायाकल्प' पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी.

### मुख्यमंत्री ने 'कायाकल्प' पोर्टल का भी किया लोकार्पण



शुक्रवार को 'संकल्प' सभागार में 'कायाकल्प' पोर्टल का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी.

### दो चरणों में होने हैं विकास के काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दो प्रमुख चरण हैं. **पहले चरण** के तहत पूर्व से अवस्थित परिसंपत्तियों का उन्नयन, सुदृढ़ीकरण और मरम्मती, जिसे हर हाल में 30 नवंबर तक पूरा करना है. इन कामों को उन्होंने दीपावली के पहले ही पूरा करने का सभी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से आग्रह किया. **दूसरे चरण** के बारे में सीएम ने कहा कि नयी आधारभूत संरचना और परिसंपत्तियों का निर्माण 31 मार्च 2027 तक पूरा किया जायेगा. उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें. पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के प्रतिनिधियों का सहयोग लें.

### लोगों को बेहतर सुविधाएं देना मकसद

मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी-छोटी योजनाओं के माध्यम से आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना अभियान का मकसद है. मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी संबंधित विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए तय समय-सीमा में सभी आवश्यक काम पूरा करें. मंत्री इसकी मॉनिटरिंग करें. कार्यक्रम को सफल बनाना है, इसमें लोकल स्तर पर पूर्ण सहयोग लें. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, स्वास्थ्य मंत्री निशांत, नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी आदि मौजूद थे.

### पोर्टल पर नौ विभागों की योजनाओं की मिलेगी जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सेवा संकल्प और कायाकल्प अभियान के तहत नौ संबंधित विभागों की योजनाओं की जानकारी 'कायाकल्प' पोर्टल पर मिलेगी. इसमें ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, पंचायती राज, नगर विकास एवं आवास, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग शामिल हैं.

**मोबाइल एप पर भी जानकारी उपलब्ध**

कायाकल्प पोर्टल के साथ-साथ कायाकल्प मोबाइल एप के माध्यम से भी योजनाओं के संबंध में जानकारी मिल सकेगी. कायाकल्प पोर्टल के द्वारा योजनाओं की प्रगति की निगरानी करना आसान होगा और लंबित कार्यों में तेजी लाने में मदद मिलेगी.

# प्रभात खबर के पत्रकार के साथ हाथापाई करने वाले दो डॉक्टर हटाये गये

- सहरसा सदर अस्पताल का मामला, अस्पताल की मैनेजर पर भी हुई कार्रवाई

संवाददाता, पटना

**प्रभात खबर** के पत्रकार के साथ सहरसा सदर अस्पताल में हाथापाई करने वाले दो डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाते हुए पटना मुख्यालय में योगदान करने को कहा है. विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सहरसा सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ सुशील कुमार आजाद और चिकित्सक डा रौशन लाल पर एक्शन लिया गया है. दोनों डाक्टरों को तत्काल प्रभाव से स्वास्थ्य विभाग में योगदान करने को कहा गया है. इनसे एक सप्ताह में स्पष्टीकरण भी मांगा गया है. वहीं, अस्पताल प्रबंधक सिम्पी कुमारी को स्थानांतरित करते हुए उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यकारी निदेशक को निर्देश दिया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार की देर शाम जारी कर दी है.

### सीसीटीवी फुटेज गायब

इस सिलसिले में हुई स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर सहरसा के डीएम ने 15 सितंबर को इस घटना की जांच करायी. जांच के क्रम में पाया गया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज गायब है.

### बीमार बच्चों की रिपोर्टिंग के दौरान हुई थी मारपीट

डीएम की जांच रिपोर्ट में कहा गया कि 12 सितंबर को मिड डे मील से बीमार हुए बच्चों की रिपोर्टिंग करने आये प्रभात खबर के मीडिया कर्मियों के साथ न केवल मारपीट की गयी बल्कि उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया. यही नहीं जांच के दौरान हैरान करने वाला तथ्य यह सामने आया कि अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी के फुटेज को साजिश के तहत मिटा दिया गया. डीएम की जांच रिपोर्ट के आधार पर ही अधीक्षक डा एसके आजाद और चिकित्सक डा रौशन लाल का वहां से तबादला करते हुए मुख्यालय योगदान करने को कहा गया है. वहीं अस्पताल प्रबंधक सिम्पी कुमारी पर तबादला के साथ ही कार्रवाई भी होगी.

### नंदीग्राम में ममता की प्रत्याशी ने वापस लिया नाम

**कोलकाता.** ममता बनर्जी को विधानसभा उपचुनाव होने के पहले ही बड़ा झटका लगा है. नंदीग्राम सीट से उनके गुट की उम्मीदवार संचिता प्रधान डे ने शुक्रवार को अपना नामांकन वापस लिया. उनकी नामवापसी से ममता बनर्जी गुट इस सीट पर चुनाव मैदान से बाहर हो गया है. विस्तृत देश-विदेश पेज पर

# सुप्रीम कोर्ट के जज जायेंगे एनटीए ऑफिस

- नीट पेपर लीक रोकने की तैयारियों को लेकर शीर्ष अदालत सख्त

अंजनी सिंह, नयी दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि नीट परीक्षा प्रणाली की जांच के लिए जरूरत पड़ने पर मामले की सुनवाई कर पीठ एनटीए के ऑफिस का दौरा करेगी. पीठ यह देखेगी कि परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से कराने के इंतजाम वास्तव में काम कर रहे हैं या नहीं. जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अलोक अराधे की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें एनटीए को भंग करने और पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत निगरानी सिस्टम की मांग की गयी है. न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा कि वह और न्यायमूर्ति अराधे एनटीए की हाल में उन्नत की गयी व्यवस्था का जायजा लेने के लिए उसके परिसर का दौरा करना चाहेंगे और देखेंगे कि व्यवस्था, कामकाज और उपलब्ध कर्मचारियों की स्थिति कैसी है. उन्होंने यह भी कहा कि संस्था में पर्याप्त स्थायी कर्मचारी होने चाहिए और पूरा स्टाफ प्रतिनियुक्ति पर नहीं होना चाहिए.

### पीठ के दो अहम निर्देश

- पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि सबसे अहम बात यह है कि सरकार नीट लेने की पूरी प्रक्रिया को संस्थागत स्वरूप देने पर विचार करे.
- पीठ ने नीलेकणि समिति की सहायता कर रहे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के संयुक्त सचिव को अब तक उठाये गये कदमों के बारे में जानकारी देते हुए कोर्ट में हलफनामा देने का निर्देश दिया.

### पीठ ने दिये चार सुझाव

1 एनटीए को वेबसाइट पर परीक्षा व्यवस्था में हो रहे बदलावों की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी.
2 एनटीए को मजबूत कानूनी आधार देने के लिए वैधानिक व्यवस्था पर भी विचार किया गया.
3 डिजिटल परीक्षा चरणबद्ध तरीके से लागू की जायेगी.
4 वकील व राज्य परीक्षा सुधारों के सुझाव इ-मेल से भेज सकते हैं.

# नीरज ने एके-47 रखकर हमें फंसाया : अनंत
# मेरे खिलाफ सबूत है तो अदालत जाएं : नीरज

संवाददाता, पटना

**पटना** स्नातक निर्वाचन सीट को लेकर मोकामा के विधायक अनंत सिंह और पटना स्नातक निर्वाचन सीट से विधान पार्षद रहे नीरज कुमार के बीच ठन गयी है. दोनों जदयू के वरिष्ठ नेता है. अनंत सिंह ने साफ कहा कि इस बार पटना स्नातक निर्वाचन सीट के चुनाव में वे नीरज कुमार का समर्थन नहीं करेंगे, बल्कि उनको हरवाने का काम करेंगे. उनकी हार निश्चित है. नीरज कुमार ने भी अनंत सिंह पर पलटवार किया है.

### अनंत का आरोप

अनंत सिंह ने कहा कि वे पार्टी का नहीं, नीरज कुमार का विरोध कर रहे हैं. हम जब लड़े तब नीरज कुमार ने विरोध किया. ललन सिंह भी लड़ते थे तब भी उन्होंने विरोध किया. नीरज कुमार ने एके- 47 रखकर हमको फंसाया, जेल भिजवाया. दारू पिलाकर हमको गाली सुनवाये. कौन सही बोल रहा है इसके लिए नार्को टेस्ट होना चाहिए.



### नीरज का पलटवार

अनंत सिंह के बयान पर नीरज कुमार पलटवार किया है. उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हम तो अपराधियों के लिए कहर हैं. गंगा में घुस कर भी कोई कहेगा तो लोग नहीं मानेंगे. एके- 47 रखवाने के आरोप पर नीरज कुमार ने कहा कि अगर उनके पास प्रमाण है तो कोर्ट जाएं. विधान परिषद के लिए चुनाव लड़ने के सवाल पर नीरज ने कहा कि यह पार्टी तय करेगी.

**पाकिस्तान**

### नमाज के दौरान मस्जिद में आत्मघाती विस्फोट, 16 की मौत

**पेशावर.** पाकिस्तान के पेशावर से 60 किमी दक्षिण-पश्चिम में कोहाट जिले में पुलिस लाइन के निकट स्थित एक मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान शुक्रवार को हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गये. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक हमलावर ने विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी को मस्जिद परिसर में घुसा दिया, जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों के साथ गोलीबारी हुई.

### एशियन गेम्स आज से : भारत ने भेजा सबसे बड़ा दल, आधे से अधिक युवा एथलीट

# मेडल तालिका में ऊंची छलांग की तैयारी में भारत पर इस बार भी चीन की 'दीवार' फांदना होगा कठिन

प्रभात खबर खेल डेस्क

**जापान** के नागोया में एशिया के सबसे बड़े खेल इवेंट एशियन गेम्स की औपचारिक शुरूआत शनिवार से हो जायेगी. खेलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे भारत के लिए यहां शनिवार से शुरू हो रहे 20वें एशियाई खेलों में कामयाबी की एक नयी कहानी लिखने की चुनौती होगी. अगले एक दशक में देश को शीर्ष दस देशों में लाने की भारत की आकांक्षा के लिए नींव का पत्थर रखने का दारोमदार खिलाड़ियों पर रहेगा. एशियाई खेलों में 43 खेलों में 11000 के करीब खिलाड़ी भाग लेंगे और 45 देश कम होने के बावजूद यहां प्रतिस्पर्धा का स्तर ओलिंपिक से बड़ा होने वाला है. भारत ने 501 खिलाड़ियों का दल भेजा है, इसमें आधे से अधिक खिलाड़ी पहली बार चुनौती पेश करेंगे. 2002 में 36 पदक जीतने वाले भारत ने 2023 के हांगझोउ में रिकॉर्ड 107 पदक जीते थे. इस बार भी पदकों का शतक लगाने की उम्मीद है. भारत को इस बार भी चीन, जापान और कोरिया के खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती मिलेगी. चीन ने 1274 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भेजा है.

| एशियाई खेल | भारत के पदक | चीन के पदक |
|---|---|---|
| 2002 | 36 | 308 |
| 2006 | 53 | 316 |
| 2010 | 65 | 416 |
| 2014 | 57 | 345 |
| 2018 | 70 | 289 |
| 2023 | 107 | 383 |

**भारत को कहां से उम्मीद** : भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीदों में एथलेटिक्स, निशानेबाजी और तीरंदाजी है. क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती, मुक्केबाजी से भी पदक की उम्मीद है.

### भारत ने 2010 से बड़े बदलाव का आगाज किया

- खेल के विकास पर गंभीरता से ध्यान देना 2010 दशक से शुरू किया गया
- 2014 में टॉप्स यानी लक्ष्य ओलिंपिक पोडियम योजना की शुरुआत
- 2016 खेलो इंडिया की शुरुआत हुई, 2017 संशोधित खेलो इंडिया कार्यक्रम लागू
- 2026-27 में खेल बजट 4,479 करोड़ रुपये कर दिया गया
- 2030 में एशियन गेम्स को ध्यान रख बजट सात गुना बढ़ाने की तैयारी है

K. S. COLLEGE
OF PROFESSIONAL EDUCATION
Recognised by ERC NCTE, Bhubaneshwar, Affiliated to Patliputra University, Patna & Bihar School Examination Board, Patna.
ADMISSION OPEN
B.Ed. 2026-28
SPOT ADMISSION
नामांकन लेने का अंतिम अवसर
18-09-2026 से 22-09-2026
B.LIS 2026-27
बिहार सरकार के पुस्तकालयाध्यक्ष (Librarian) की बहाली में प्रतिभागी बनें
D.El.Ed. 2026-28
काउंसलिंग के लिए सम्पर्क करें-



Dr. NITISH SINGH
☑ 100% Result in 1st Division
☑ Wi-Fi Campus with CCTV Surveillance
☑ T.E.T. Preparation
☑ Hostel Facility
☑ Digital Library
☑ English Speaking
☑ Online Class Facility
☑ Well Equipped IT Lab
☑ Personality Development



Corp Office : 1st Floor, Hira Panna Complex, Boring Road, Patna-1
Campus : Neora, Danapur, Patna- 801113
Contact : 7463880994, 7463880993, 7463880992
Email : admin@kalawatitrust.org, Website : www.kalawatitrust.org

## पितृपक्ष. डीएम की अध्यक्षता में हुई नगर निगम के अधिकारियों की बैठक

# गंदगी दिखी, तो होगी कड़ी कार्रवाई

**वरीय संवाददाता, गया जी**

1. 11 अक्तूबर तक सड़कों और नालियों की हर घंटे निगरानी करने का सख्त प्रशासनिक निर्देश
2. निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर सीधे स्पष्टीकरण और दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी
3. पूरे मेला क्षेत्र को अलग-अलग जोन में बांटकर तय की गयी संबंधित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त हो गया है. गुरुवार को समाहरणालय सभागार में नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक में डीएम शशांक शुभंकर ने स्पष्ट अल्टीमेटम दिया कि 11 अक्तूबर तक मेला क्षेत्र में कहीं भी गंदगी दिखी, तो संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी. सफाई व्यवस्था में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी. डीएम ने पूरे मेला क्षेत्र को अलग-अलग जोन में बांटकर अधिकारियों की जवाबदेही तय कर दी है. सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे खुद फील्ड में उतरकर हर घंटे सफाई का जायजा लें. निगरानी को पारदर्शी बनाने और काम में कोताही रोकने के लिए सभी सफाई कार्यों और अधिकारियों का "अटेंडेंस और विजिट चार्ट" तैयार करने का सख्त निर्देश दिया गया है. बैठक में चेतावनी दी गयी कि लगातार निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी जोन की सड़क या नाली में गंदगी पायी गयी, तो बिना देरी के संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा. जवाब संतोषजनक न होने पर सीधे दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी.



समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में शामिल डीएम, मेयर व अन्य.

### आउटसोर्सिंग से सफाई, फल्गु में लेजर शो

नगर निगम की ओर से बैठक में बताया गया कि पूरे मेला क्षेत्र की सफाई आउटसोर्सिंग के जरिये कराई जा रही है. मेयर वीरेंद्र कुमार और सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह वाटर एटीएम लगाये गये हैं. घाटों की सफाई और रंग-रोगन पूरा कर लिया गया है. सुरक्षा और सुंदरीकरण के लिए फल्गु नदी में लेजर लाइट शो दिखाया जायेगा, जबकि पूरे क्षेत्र में हाई-मास्ट और स्ट्रीट लाइटों के जरिए पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गयी है.

# गया जी में 24 सितंबर से लागू होगा नया ट्रैफिक प्लान, भारी वाहनों की नो इंट्री

- 10 अक्तूबर तक लागू रहेगी पितृपक्ष मेले की विशेष यातायात व्यवस्था

**मुख्य संवाददाता, गया जी**

गया जी शहर में 25 सितंबर से शुरू हो रहे पितृपक्ष मेला 2026 के मद्देनजर जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया है. 24 सितंबर की देर रात से 10 अक्टूबर तक शहर में नया ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा. इसके तहत बड़े वाहनों की नो-इंट्री के साथ-साथ ऑटो, टैक्सी और रिंग बस का किराया निर्धारित कर दिया गया है, ताकि देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को जाम और मनमानी वसूली से बचाया जा सके. मेला अवधि के दौरान सुबह तीन बजे से रात 11:00 बजे तक शहर में किसी भी प्रकार के बड़े और व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा.

रात 11:00 बजे से सुबह 03:00 बजे के बीच ही बड़े वाहन वैकल्पिक मार्गों से आ-जा सकेंगे. श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए किसान कॉलेज सहित कई अन्य स्थानों पर विशेष पार्किंग स्थल बनाये गये हैं.

### प्रमुख रूटों का प्रति व्यक्ति और रिजर्वेशन किराया

| रूट प्रति व्यक्ति | आरक्षण | (बुकिंग) |
|---|---|---|
| गया स्टेशन से विष्णुपद/चांद चौरा | 40 | 200 |
| गया स्टेशन से टिल्हा धर्मशाला | 30 | 150 |
| गया स्टेशन से बोधगया (दिग्घी तालाब होते हुए) | 50 | 175 |
| एयरपोर्ट से विष्णुपद/मंगलागौरी | 50 | 200 |
| एयरपोर्ट से बोधगया | 30 | 150 |
| टावर चौक से चंदौती मोड़ | 40 | 170 |

### रिंग बस और प्रीपेड टैक्सी

श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों तक आसानी से पहुंचाने के लिए रिंग बस सेवा शुरू की जा रही है. इसका प्रति व्यक्ति किराया खटकाचक से रामशीला 55 रुपये, रामशीला से प्रेतशिला 32 रुपये और प्रेतशिला से बोधगया 70 रुपये तय किया गया है. वहीं, प्रीपेड टैक्सी (एसी/नॉन-एसी) के किराये में पिछले साल की तुलना में 100 रुपये की वृद्धि हुई है, जिसे चार घंटे (40 किमी) और आठ घंटे (80 किमी) के स्लैब में वसूला जायेगा.

### मनमानी करने वालों पर सख्त एक्शन

जिला प्रशासन ने वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी है कि वे निर्धारित दर से अधिक किराया न वसूलें और गाड़ी पर किराया चार्ट अनिवार्य रूप से चस्पा करें. रूट डायवर्जन, नो-एंट्री और पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा त्वरित और सख्त कार्रवाई की जायेगी.

**ऑटो और इ-रिक्शा का फिक्स किराया:** प्रशासन ने ऑटो और इ-रिक्शा के लिए रूट के हिसाब से रेट तय कर दिये हैं. आरक्षण (बुकिंग) के लिए चार घंटे का किराया 800 रुपये, छह घंटे का 1100 रुपये और आठ घंटे का 1400 रुपये निर्धारित है.


बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

## जमाबंदी में गलती है?
## मृत जमाबंदीदार के उत्तराधिकारी हैं?




15 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान

अब जमाबंदी में होंगे सभी कॉलम भरे हुए और त्रुटिहीन

इस विशेष अभियान के दौरान जमाबंदी में दर्ज इन विवरणों की जाँच एवं सुधार किया जाएगा :
- रैयत के नाम में त्रुटि
- पिता के नाम में त्रुटि
- खाता संख्या
- खेसरा संख्या
- रकबा
- लगान राशि
- अन्य राजस्व विवरण
- मिसिंग जानकारी

मृत जमाबंदीदारों के वैध उत्तराधिकारियों की जमाबंदी भी होगी अद्यतन

यदि जमाबंदीदार की मृत्यु हो चुकी है, तो उनके वैध उत्तराधिकारियों की पहचान कर उत्तराधिकार नामांतरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

उत्तराधिकार नामांतरण

उत्तराधिकारी उपलब्ध कराएं आवश्यक जानकारी/दस्तावेज
- वंशावली
- बंटवारे के लिए सहमतिनामा, यदि लागू हो
- अन्य आवश्यक दस्तावेज

निर्विवाद एवं आपत्ति रहित मामलों में निर्धारित प्रक्रिया के तहत उत्तराधिकार नामांतरण किया जाएगा।

खास बात

इस अभियान में जमाबंदी के शुद्धीकरण के लिए आवश्यक होने पर मापी भी कराई जा सकती है। इसके लिए रैयत से कोई मापी शुल्क नहीं लिया जाएगा।

नागरिकों से अपील

अपनी जमाबंदी में दर्ज विवरण की जाँच करें। यदि जमाबंदी में त्रुटि है अथवा जमाबंदीदार की मृत्यु हो चुकी है, तो अपने हलका के राजस्व कर्मचारी को सभी दस्तावेज उपलब्ध कराएं।

PR No.- 011999 (Revenue)D. 2026-27

सही जमाबंदी • पारदर्शी राजस्व व्यवस्था • आसान भूमि सेवाएं

शिकायत एवं सुझाव के लिए जन शिकायत पोर्टल पर जायें। https://biharbhumi.bihar.gov.in/
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।
Follow Us #BiharRevenueAndLandReformsDept


# गया जंक्शन पर अवैध पार्किंग और जाम पर होगा एक्शन

पितृपक्ष

- पेयजल, शौचालय और पब्लिक एड्रेस सिस्टम को दुरुस्त कर 24 घंटे एक्टिव रखने का निर्देश

**संवाददाता, गया जी**

पितृपक्ष मेला 2026 के मद्देनजर देश-विदेश से आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए जिला और रेल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है. शुक्रवार को डीएम शशांक शुभंकर और एसएसपी सुशील कुमार ने गया जंक्शन का सघन निरीक्षण किया. अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन के चप्पे-चप्पे का जायजा लेते हुए भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक नियंत्रण और यात्री सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने का सख्त अल्टीमेटम दिया है.

**भीड़ नियंत्रण पर खास फोकस**

डीएम और एसएसपी ने स्टेशन के बाहरी परिसर से लेकर सभी प्लेटफार्मों और फुट ओवरब्रिज की स्थिति की गहन जांच की. मेले के दौरान जंक्शन पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए डीएम ने दबाव वाले संवेदनशील स्थानों को पहले से चिह्नित करने का निर्देश दिया है.

प्रवेश और निकास मार्गों को पूरी तरह सुव्यवस्थित रखने और जरूरत पड़ने पर बैरिकेडिंग व साइनेज लगाने को कहा गया है, ताकि स्टेशन पर कहीं भी अनावश्यक भीड़ जमा न हो.

**त्रिस्तरीय सुरक्षा और ट्रैफिक एक्शन प्लान :** एसएसपी सुशील कुमार ने मेले के दौरान कड़ी निगरानी और पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. स्टेशन की सुरक्षा के लिए आरपीएफ, जीआरपी और जिला पुलिस के बीच बेहतर तालमेल बनाया जायेगा. इसके साथ ही, स्टेशन के बाहर लगने वाले जाम और अवैध पार्किंग से निबटने के लिए यातायात पुलिस, परिवहन विभाग और नगर निगम को संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाने को कहा गया है. आपात स्थिति से निबटने के लिए त्वरित कार्रवाई टीमें भी तैनात रहेंगी.

### साफ-सफाई व सुविधाओं का अल्टीमेटम

अधिकारियों ने पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय और रिटायरिंग रूम जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी बारीकी से समीक्षा की. डीएम ने स्पष्ट किया कि किसी भी श्रद्धालु को जरूरी जानकारी या सुविधा के लिए भटकना न पड़े. शौचालयों की नियमित सफाई और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिये ट्रेनों की सही जानकारी लगातार प्रसारित करने पर विशेष जोर दिया गया है. विदेशी और गैर-हिंदी भाषी यात्रियों के लिए स्पष्ट दिशा-सूचक बोर्ड भी लगाये जायेंगे.


बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

## अभियान बसेरा

राज्य सरकार का संकल्प कोई भी पात्र वासभूमिहीन परिवार वासभूमि के अधिकार से वंचित न रहे।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के पात्र भूमिहीन परिवार अपने अंचल कार्यालय में जमा करें आवेदन

आवेदन के साथ संलग्न करें :
1. लिखित आवेदन के साथ परिवार के सभी सदस्यों का विवरण और मोबाइल नंबर।
2. आवेदक, पति/पत्नी तथा वयस्क पारिवारिक सदस्यों के आधार की स्व-अभिप्रमाणित प्रतियां।
3. जाति प्रमाण-पत्र की प्रति।
4. राशन कार्ड/मतदाता पहचान-पत्र/निवास प्रमाण-पत्र में से उपलब्ध दस्तावेज।
5. परिवार का वर्तमान सामूहिक फोटो।
6. निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र कि परिवार के पास वासयोग्य भूमि नहीं है तथा पूर्व में सरकारी योजना से वासभूमि नहीं मिली है।
7. यदि सरकारी भूमि पर बसे हैं तो मौजा, खाता, खेसरा (यदि ज्ञात हो) तथा उपलब्ध पुराने निवास-साक्ष्य।

कृपया ध्यान दें
1. आवेदन अपने अंचल कार्यालय में जमा करें।
2. इसके लिए पटना राज्य मुख्यालय में आने की कोई जरूरत नहीं है।
3. यदि किसी व्यक्ति/संस्था द्वारा लोगों को दिग्भ्रमित कर जिलों से पटना मुख्यालय लाया जाना पाया जाता है तो ऐसे व्यक्तियों/संस्थाओं को चिन्हित कर उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

PR No.- 012028 (Revenue)D. 2026-27

92 हजार से अधिक परिवारों को मिल चुकी है वासभूमि
वास का अधिकार • सम्मान का आधार • सशक्त परिवार

शिकायत एवं सुझाव के लिए जन शिकायत पोर्टल पर जायें। https://biharbhumi.bihar.gov.in/
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।
Follow Us #BiharRevenueAndLandReformsDept


# पितृपक्ष मेले को लेकर गया जंक्शन की सुरक्षा व्यवस्था की हुई समीक्षा



बैठक करते आरपीएफ के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त व सिटी एसपी.

**संवाददाता, गया जी**

पितृपक्ष मेला-2026 के मद्देनजर गया रेलवे स्टेशन पर यात्रियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और भीड़ नियंत्रण की तैयारियों की समीक्षा की गयी. डीडीयू मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर ने शुक्रवार को गया जंक्शन का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने प्लेटफॉर्म, प्रवेश-निकास द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया, यात्री प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, फुट ओवरब्रिज समेत यात्रियों के आवागमन वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया. संभावित भीड़ को देखते हुए आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे प्रशासन को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया. सहायक सुरक्षा आयुक्त गया संजय सिंह, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव, जीआरपी थानाध्यक्ष शिव कुमार और सीआइबी इंस्पेक्टर चंदन कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये. उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं पर निगरानी, महिला-बच्चों की सुरक्षा और यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा. भीड़ बढ़ने पर त्वरित कार्रवाई और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बल तैनात करने का निर्देश दिया.

### सिटी एसपी के साथ समन्वय बैठक

वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त ने सिटी एसपी अभिनव के साथ बैठक कर गया शहर व स्टेशन पर संभावित श्रद्धालु भीड़, यातायात, कानून-व्यवस्था और आकस्मिक स्थिति से निबटने पर चर्चा की. आरपीएफ, जीआरपी, जिला पुलिस और प्रशासन के बीच त्वरित सूचना आदान-प्रदान व संयुक्त कार्रवाई पर जोर दिया गया.

https://rktv.live/p/epaper.html




प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन
प्रभात खबर लेकर आया है देश दुनिया, आपके राज्य व शहर की ताजातरीन खबरें.
क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपडेट रहें.
www.prabhatkhabar.com
प्रभात खबर की वेबसाइट पर जाएं और यूट्यूब चैनल youtube.com/@PrabhatKhabartv सब्सक्राइब करें.

## प्रेमिका से शादी की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

- टावर के ऊपरी हिस्से से सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर परिजनों से की बात मानने की अपील

**प्रतिनिधि, डुमरिया**


टावर से उतरने के बाद युवक से पूछताछ करती पुलिस.

जिले के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत पोखरपुर गांव में गुरुवार सुबह प्रेम प्रसंग में शादी न होने से नाराज एक 24 वर्षीय युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया. युवक की पहचान बतारसपुर निवासी मेराज अहमद के रूप में हुई है. पुलिस और ग्रामीणों के घंटों समझाने-बुझाने के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया, जिसके बाद प्रशासन ने राहत महसूस की. मेराज सुबह करीब पांच बजे टावर के ऊपरी हिस्से पर पहुंच गया. वहां से उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया. इस वीडियो में वह अपने माता-पिता और परिजनों से अपनी शादी की बात मानने की गुहार लगाता दिखा. वीडियो वायरल होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गये और इलाके में अफरातफरी मच गयी.

**पुलिस की सक्रियता से टला हादसा**

घटना की सूचना मिलते ही बोधी बीघा थानाध्यक्ष प्रियंदन आलोक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लगातार समझाने के बाद मेराज शांत हुआ और सुरक्षित नीचे उतर आया. बोधी बीघा थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है. पुलिस को फिलहाल किसी भी पक्ष से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है. आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी.

### तीन साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग

मेराज का पिछले तीन वर्षों से नौडीहा थाना क्षेत्र के सराईडीह गांव की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है. दोनों के बीच शादी को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी. इसी बात से हताश होकर उसने यह कदम उठाया. घटना की जानकारी मिलने पर उसके माता-पिता भी मौके पर पहुंचे और उसे नीचे उतरने के लिए मनाते रहे.

## सिटी बाइट्स

### आज बेलागंज के कई इलाकों में चार घंटे बिजली रहेगी बाधित

**बेलागंज.** 132/33 केवी विद्युत लाइन में मरम्मत कार्य के कारण शनिवार को बेलागंज ग्रिड से निकलने वाली 33 केवी लाइन की बिजली आपूर्ति करीब चार घंटे बाधित रहेगी. बेलागंज विद्युत विभाग के कनीय अभियंता कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक संबंधित क्षेत्रों में आपूर्ति बंद रहने की संभावना है. मरम्मत कार्य के दौरान मेन, पाई बिगहा, चाकंद, कंडी नवादा, कोरियामा, कोरमथु, बाजितपुर, अगरेली, हबीपुर, बतसपुर, गोविंदपुर, दराचक, रहीम बिगहा, गंगापुर, रसूलपुर, डुमरी, गन्नू बिगहा, तकीया और पीर बिगहा समेत आसपास के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी. विभाग ने उपभोक्ताओं से निर्धारित अवधि को ध्यान में रखते हुए बिजली से संबंधित जरूरी कार्य पहले ही निबटा लेने की अपील की है.

### 17 अक्तूबर तक चंदौती में लगेगा सोलर कैंप

**गया जी.** सेवा सेतु के तहत प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर चंदौती ब्लॉक में सोलर कैंप लगाया गया. यह जानकारी साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के शहरी क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता आजाद कुमार सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि कैंप 17 अक्तूबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक लगाया जायेगा. उन्होंने उपभोक्ताओं से सोलर योजना के लिए आवेदन करने और इससे संबंधित अन्य सहायता के लिए कैंप में पहुंचने की अपील की. इसके अलावा बिजली बिल, नये सर्विस कनेक्शन समेत विद्युत संबंधी अन्य शिकायतों को भी कैंप में दर्ज कराया जा सकता है.कार्यपालक अभियंता ने बताया कि उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कैंप में संबंधित पदाधिकारी उपलब्ध रहेंगे.

### तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए डीएम की बैठक

**गया जी.** पितृपक्ष मेला को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. शुक्रवार को डीएम शशांक शुभंकर ने शहर के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक की. इसका मुख्य उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है. डीएम ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ समाज की सक्रिय भागीदारी से ही मेले का सफल आयोजन संभव है. इस बैठक में व्यापार मंडल, बार एसोसिएशन, विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति, रेड क्रॉस और आइएमए सहित कई प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए.

## दुखद. गुरुआ और नीमचक बथानी में दो अलग-अलग घटनाओं में चार बच्चों की गयी जान

# जिले में दो दिनों में डूबने से पांच की मौत

**प्रभात खबर टोली, गया जी**

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुरुवार से शुक्रवार के बीच जलस्रोतों (आहर, पइन और नदी) में डूबने से चार बच्चों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गयी. वहीं, एक 65 वर्षीय वृद्ध लापता है, जिसके डूबने की आशंका जतायी जा रही है. लगातार हुए इन हादसों से जिले में सुरक्षा व्यवस्था और जलस्रोतों के पास निगरानी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गये हैं. पुलिस ने सभी मामलों में शवों को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.

**टनकुप्पाः भैंस चराने गये वृद्ध लापता** : टनकुप्पा प्रखंड के बहसापीपरा गांव (कत्थाडीह) में शनिवार शाम भैंस चराने गये 65 वर्षीय होरिल यादव लापता हो गये. बड़की आहर के किनारे उनका जूता मिलने से उनके डूबने की आशंका जतायी जा रही है. सूचना मिलने के बाद फतेहपुर थाना पुलिस और ग्रामीण गोताखोरों की मदद से लगातार आहर में उनकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है.

### 10 दिन पहले भी गुरुआ में स्कूल से लौट रही दो छात्राओं की आहर में डूबने से हुई थी मौत

#### गुरुआः दो छात्रों की आहर में डूबने से मौत

गुरुआ थाना क्षेत्र के गुड़रु गांव में गुरुवार को आहर में नहाने गये दो छात्रों की डूबने से मौत हो गयी. मृतकों की पहचान 17 वर्षीय मो सादिक रजा (10वीं का छात्र) और 15 वर्षीय हसन (आठवीं का छात्र) के रूप में हुई है. पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला. गौरतलब है कि महज 10 दिन पहले इसी इलाके (सिमारु पंचायत) में स्कूल से लौट रही दो छात्राओं की भी आहर में डूबने से जान चली गयी थीं.


नीमचक बथानी के धरमुचक गांव में रोते-बिलखते परिजन.

#### नीमचक बथानी में झाड़ू लाने गयीं दो बच्चियां डूबीं

नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के धरमुचक गांव में गुरुवार दोपहर झाड़ू लाने गयीं दो बच्चियों की बिचला आहर में डूबने से दर्दनाक मौत हो गयी. मृतकों की पहचान राजाराम केवटा की पुत्री चान्दो कुमारी और टनु केवटा की पुत्री रेशमी कुमारी के रूप में हुई है. दोनों को तैरना नहीं आता था. उनके साथ मौजूद तीसरी बच्ची ने दौड़कर गांव वालों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने शवों को पानी से बाहर निकाला.


चातरघाट गांव में मृतक के परिजन को चेक देते अधिकारी.

#### चाकंदः चातरघाट गांव में पइन में डूबने से एक की मौत

नगर प्रखंड के चाकंद थाना क्षेत्र अंतर्गत चातरघाट गांव में शुक्रवार को पइन में डूबने से विनोद पासवान की मौत हो गयी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है. घटना के बाद नगर प्रखंड के बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में 20 हजार रुपये का चेक सौंपा और सरकारी योजनाओं के तहत आगे भी मदद का आश्वासन दिया.

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में तीन दोषियों को 20 साल की सजा

**गया जी.** पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश देव प्रिया कुमार की अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और उसे बेचने के मामले में तीन दोषियों को 20-20 साल की सजा सुनायी है. अदालत ने दोषियों पर करीब 1.25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और जुर्माने की राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया. दोषियों में परैया थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव निवासी नोनमती देवी, सलेमपुर गांव निवासी महेंद्र दास और कोंच थाना क्षेत्र के करमा गांव निवासी मुंहसुखन यादव उर्फ करमन यादव शामिल हैं. मामले में 29 अक्तूबर 2018 को परैया थाने में कांड संख्या 176/18 दर्ज की गयी थी. अभियोजन पक्ष के अनुसार, 22 अक्तूबर 2018 को स्टेशन पर पीड़िता की गाड़ी छूट गयी थी. इसके बाद नोनमती देवी उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गयी. आरोप है कि वहां उसके देवर समेत अन्य लोगों ने नाबालिग से दुष्कर्म किया. बाद में उसे बेच दिया गया. मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार ने पक्ष रखा. अभियोजन की ओर से कुल 12 गवाहों की गवाही करायी गयी. सजा के बिंदु पर अभियोजन ने मामले को गंभीर बताते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आनंद मोहन मिश्रा ने पक्ष रखा.

## तेजस राजधानी में नौ लाख का गांजा ले जा रहा पटना का युवक गिरफ्तार

- आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत की छापेमारी

**संवाददाता, गया जी**

गया रेलवे स्टेशन पर 16 सितंबर की रात आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तेजस राजधानी एक्सप्रेस से 17.749 किलोग्राम गांजा बरामद किया है. ऑपरेशन नार्कोस के तहत की गयी इस छापेमारी में पटना निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 8,87,450 रुपये बतायी गयी है. आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह के अनुसार, स्टेशन क्षेत्र में आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव और रेल थानाध्यक्ष शिवकुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गश्ती कर रही थी. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तेजस राजधानी एक्सप्रेस (22811 अप) से एक तस्कर गांजे की खेप लेकर गया पहुंच रहा है. इस सटीक सूचना के आधार पर टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या एक पर विशेष निगरानी शुरू कर दी.

**ट्रॉली बैग और झोले में छुपाया था गांजा** : रात करीब 10:20 बजे ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचते ही सुरक्षाकर्मियों ने कोच संख्या-9 में बर्थ संख्या-21 पर बैठे यात्री को संदेह के आधार पर रोका. पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके झोले, हैंड बैग और ट्रॉली बैग से कुल 17 पैकेट गांजा मिला. सभी पैकेटों का कुल वजन 17.749 किलोग्राम पाया गया. गिरफ्तार युवक की पहचान पटना जिले के कैमाशिकोह निवासी मनोज कुमार वर्णवाल के रूप में हुई है. तलाशी में उसके पास से एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड और यात्रा का टिकट भी बरामद हुआ है. गिरफ्तारी की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी को सौंप दिया गया है. रेलवे परिसर में नशे की तस्करी रोकने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा.

### दुष्कर्म का आरोपित अरेस्ट

**बोधगया.** एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किये जाने के मामले में आरोपित को चेरकी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसएसपी कार्यालय से सूचना दी गयी कि पीड़िता के भाई ने केस दर्ज कराया था, जिसमें कहा गया है कि आरोपित जमड़ी गांव के जितेश मांझी ने उसकी बहन को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया है. पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया.

### गणेश पूजा पंडाल में मोबाइल फोन चार्ज करते वक्त करेंट लगने से युवक की मौत

**वजीरगंज.** केनार चट्टी (केनार पहाड़पुर पंचायत) गांव में गुरुवार आधी रात मोबाइल चार्ज करने के दौरान करेंट लगने से एक युवक की मौत हो गयी. मृतक की पहचान स्थानीय निवासी बिरजू मालाकार के पोते हिमांशु कुमार के रूप में हुई है. यह हादसा गांव में स्थापित गणेश पूजा पंडाल में हुआ. जानकारी के अनुसार, हिमांशु अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए बिजली के बोर्ड के पास गया. बोर्ड में चार्जर लगाने के क्रम में वह करंट की चपेट में आ गया और झटके से जमीन पर गिर पड़ा. कुछ ही देर बाद हिमांशु के भाई की नजर उस पर पड़ी. मिंशु को फौरन स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया, लेकिन जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया.




### महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक की जयंती पर मेमोरियल हॉल में विशेष समारोह

## अनागरिक धर्मपाल की विरासत को किया याद

- कार्यक्रम में मगध प्रमंडल की आयुक्त डॉ सफीना एएन ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

**वरीय संवाददाता, बोधगया**


संबोधि बुद्धगया जर्नल का विमोचन करतीं मगध की आयुक्त व अन्य.

बोधगया में गुरुवार को महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक अनागरिक धर्मपाल की 162वीं जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर 1901 में निर्मित महाबोधि धर्मशाला के 125 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष "संबोधि बुद्धगया जर्नल" (2026) का विमोचन किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मगध प्रमंडल की आयुक्त डॉ सफीना एएन शामिल हुईं और उन्होंने विश्व स्तर पर बौद्ध धर्म को नई दिशा देने में धर्मपाल के योगदान की सराहना की. समारोह का मुख्य आकर्षण "संबोधि बुद्धगया जर्नल" का विमोचन रहा. यह महाबोधि सोसाइटी के पहले भवन (धर्मशाला) की 125वीं वर्षगांठ पर केंद्रित एक विशेष अंक है. इसमें भारत, श्रीलंका और म्यांमार के विद्वानों के शोध आलेख शामिल किये गये हैं. इस दौरान विश्वभारती, शांतिनिकेतन के प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार ने पीपीटी के जरिए बोधगया की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और भविष्य के दृष्टिकोण पर विस्तृत प्रस्तुति दी.

**बौद्ध धर्म के पुनरुत्थान में योगदान** : वक्ताओं ने बौद्ध शिक्षा के प्रसार और ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण में अनागरिक धर्मपाल के ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डाला. अध्यक्षीय भाषण उरुवेला फॉरेस्ट मेडिटेशन सेंटर के प्रधान वेन सयादों उ संदामुनि संदलंकार महाथेरो ने दिया. विशिष्ट अतिथियों में कोलंबो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर चूला जयवर्धने, वट लाओ इंटरनेशनल के एबॉट वेन साइक्सांना बोन्थुआंग और पूर्व एसपी (इंटेलिजेंस) संजय कुमार मौजूद रहे. अनागरिक धर्मपाल मेमोरियल हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि और महाबोधि विद्यापीठ के छात्रों के दीप प्रज्वलन से हुई. समारोह के अंत में स्कूली बच्चों को पुरस्कार बांटे गए. स्वागत भाषण सोसाइटी के बोधगया केंद्र के सहायक भिक्खु-इन-चार्ज वेन आर ज्ञानरतन थेरो और धन्यवाद ज्ञापन एडवोकेट अमरेंद्र कुमार सिंह ने दिया. कार्यक्रम का संचालन डॉ कैलाश प्रसाद ने किया.

https://rktv.live/p/epaper.html







# बोधगया में हजारों दीपों से जगमगाया क्षेत्र

वरीय संवाददाता, बोधगया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बोधगया में 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम के तहत दीपोत्सव का आयोजन किया गया. जिले के प्रभारी मंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की मौजूदगी में दोमुहान, मस्तीपुर स्थित देवी मंदिर और महाबोधि मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित किये गये. मस्तीपुर देवी मंदिर में 500 दीप जलाये गये, जबकि बोधगया क्षेत्र में हजारों दीप प्रज्वलित किये गये.

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की. प्रधानमंत्री का जन्मदिन 17 सितंबर को मनाया गया था. प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस अवसर पर देशभर में लोगों ने शुभकामनाएं दीं और सेवा गतिविधियों में भाग लिया. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्वी विजय कुमार मांझी, जिला मंत्री नीरज निश्चल उर्फ मुनीलाल, सुधांशु मिश्रा, कृष्णा साव, देवानंद पासवान, अशोक शर्मा, बाहिद अली और मुकेश कुमार सहित पार्टी कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे. आयोजकों के अनुसार, दीपोत्सव के माध्यम से प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुभकामनाएं व्यक्त की गयीं. कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसरों में दीप प्रज्वलन और प्रार्थना की गयी.


दीये जला कर पीएम के लिए प्रार्थना करते जिला प्रभारी मंत्री व अन्य.

## फल्गु महाआरती में शामिल हुए मंत्री विजय कुमार सिन्हा

**गया जी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर फल्गु नदी के देवघाट पर आयोजित फल्गु महाआरती में जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए. करीब आधे घंटे तक चली महाआरती में प्रभारी मंत्री डमरू बजाते हुए भक्ति भाव में लीन रहे.

# 21 सितंबर से सामूहिक अवकाश पर जायेंगे 32 बीडीओ-एपीओ

प्रतिनिधि, खिजरसराय

बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ के आह्वान पर जिले के 32 अधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 21 सितंबर से सामूहिक अवकाश पर जायेंगे. वेतनमान को लेवल-नौ करने और सुरक्षा के लिए अंगरक्षक मुहैया कराने की मांग को लेकर अधिकारियों ने यह अल्टीमेटम दिया है. इस संबंध में संघ की ओर से गया के जिलाधिकारी को सामूहिक अवकाश का औपचारिक आवेदन सौंप दिया गया है. जिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन पर जिले के 32 अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं. इनमें जिले के सभी बीडीओ और विभिन्न कार्यालयों में तैनात एपीओ शामिल हैं. इन अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि सरकार स्तर पर लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है. वर्तमान में मांगों को लेकर सरकार और संघ के बीच पत्राचार और वार्ता की प्रक्रिया जारी है. संघ ने स्पष्ट किया है कि 21 सितंबर से सामूहिक अवकाश पर जाने का अंतिम निर्णय इस वार्ता के नतीजों पर ही निर्भर करेगा. अधिकारियों के सामूहिक अवकाश पर जाने की घोषणा के बाद प्रखंड स्तर के कार्यालयों में प्रशासनिक हलचल तेज है. यदि सरकार से वार्ता विफल होती है और अधिकारी छुट्टी पर जाते हैं, तो जिले के सभी प्रखंडों में संचालित विकास योजनाएं और आम प्रशासनिक कामकाज सीधे तौर पर प्रभावित होंगे.


डीएम को ज्ञापन सौंपते अधिकारी.

## पकौड़ी, चाय और जूता पॉलिश कर सरकार पर साधा निशाना

**गया जी.** कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ और इंटक के संयुक्त तत्वावधान में 17 सितंबर को चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस मनाया गया. अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने पकौड़ी बनायी, युवा कांग्रेस ने चाय बनायी, जबकि इंटक कार्यकर्ताओं ने जूता पॉलिश कर बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया. कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश समिति सदस्य विजय कुमार मिट्ठू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील कुमार पासवान, जेएनयू छात्र संघ के पूर्व महासचिव विपिन बिहारी सिन्हा, एनएसयूआइ अध्यक्ष नवनीत कुमार सिंह व अन्य थे.

## सिटी बाइट्स



### पीएम के जन्मदिवस पर चांदचौरा दुर्गा मंदिर में हवन

**गया जी.** चांदचौरा दुर्गा मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को उनकी दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर विशेष पूजा-अर्चना व हवन किया गया. आयोजन भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में हुआ. भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के साथ देश की प्रगति और समृद्धि की कामना की. डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रसेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाया है. कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, सारिका वर्मा, वार्ड पार्षद अर्पणा मिश्रा व अन्य थे.



### शेरघाटी में मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

**शेरघाटी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने शेरघाटी में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया. बुधवार सुबह भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह के नेतृत्व में अनुमंडल अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरित किये गये. कार्यकर्ताओं ने मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. वहीं, शाम को राम मंदिर के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की. इस दौरान पटाखे फोड़े गये और लोगों के बीच लड्डू वितरित कर खुशी मनायी गयी. कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों पर भी चर्चा की.



### गुरुआ बाजार में डालमिया कलेक्शन शोरूम का शुभारंभ

**गुरुआ.** गुरुआ बाजार में गुरुवार को डालमिया कलेक्शन शोरूम का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया. शोरूम का उद्घाटन गुरुआ विधायक डॉ उपेंद्र प्रसाद, टिकारी विधायक अजय कुमार दांगी, पूर्व विधायक विनय कुमार यादव, मखदुमपुर के पूर्व विधायक सतीश दास, साहू संघ के जिला स्तरीय नेता अजय कुमार साहू और राजद नेता सुरेंद्र कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम के दौरान डालमिया कलेक्शन के प्रोपराइटर प्रेमनाथ पथिक ने अतिथियों का अंग वस्त्र और बुके देकर स्वागत किया. अतिथियों ने शोरूम का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं और उत्पादों की जानकारी ली.

# गया जी को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों ने खुद उठाया झाड़ू, मांगा जनता का साथ भी

वरीय संवाददाता, गया जी

गया जी नगर निगम ने गुरुवार को शहर में स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान का शुभारंभ किया. मेयर डॉ वीरेंद्र कुमार, डीएम डॉ शशांक शुभंकर, नगर आयुक्त डॉ गगन कुमार और सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से इसे हरी झंडी दिखाई. इसका मुख्य उद्देश्य गया को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना है. इस मौके पर अधिकारियों ने सफाई कर्मियों के साथ खुद झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई. मेयर ने कहा कि इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देना है. उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे घर का कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और सार्वजनिक जगहों पर गंदगी न फैलाएं. शहर को साफ रखना हर नागरिक की प्राथमिक जिम्मेदारी है. सशक्त स्थायी समिति के सदस्य और नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता केवल प्रशासन के प्रयासों से हासिल नहीं की जा सकती. गया जी देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है. ऐसे में शहर की सुंदरता बनाये रखना सबका सामूहिक दायित्व है. स्वच्छता को अपनी आदत और संकल्प बनाकर ही गया को स्वच्छ बनाया जा सकता है.

## हथियारों के साथ युवक पकड़ा गया, साथी फरार

**मानपुर.** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार शाम हथियार के साथ एक 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है. भुसुंडा से ग्रीनफील्ड जाने वाले मुख्य मार्ग पर बहोरा बीघा मोड़ के पास यह छापेमारी की गयी. पुलिस ने मौके से एक लोडेड देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, एक बाइक और एक मोबाइल फोन जब्त किया है. मुफस्सिल थानाध्यक्ष देवराज इंद्र ने बताया कि पुलिस को देखते ही युवक भागने लगे, लेकिन जवानों ने एक युवक को मौके पर ही दबोच लिया. गिरफ्तार युवक की पहचान बहोरा बीघा निवासी राजेश प्रसाद के बेटे आदित्य कुमार के रूप में हुई है. इस छापेमारी के दौरान आदित्य के कुछ अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे.


**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय में,
श्रीमान् सिविल जज जू.डी. द्वितीय, गढ़वा
O.S. 34/2020
प्रभा देवी वगै..........................वादी
बनाम्
रामचन्द्र सिंह वगै. .......प्रतिवादीगण
**नोटिस बनाम** : 1. बबली सिंह, पति श्री डॉ. उपेन्द्र राय, निवासी डॉ. उपेन्द्र राय क्लिनिक सासाराम, पो. व थाना - सासाराम, जिला - रोहतास, राज्य बिहार.....प्रतिवादीगण.
आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वादी के आवेदन से आपके पिता के स्थान पर उनके मृत्यु के पश्चात प्रतिस्थापित मेरे न्यायालय में किया है. जिसका नोटिस आप को नजारत एवं रजीस्टर्ड पोस्ट के द्वारा भेजा गया है परंतु आप उपस्थित नहीं हुए. इसलिये इस वाद की अगली तिथि दिनांक- 21.09.26 को दिन के 10:00 बजे निर्धारित की गई है.
अतः आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें. अन्यथा आप की अनुपस्थिति में इस वाद की कार्यवाही आप के विरुद्ध एकपक्षीय कर दी जायेगी. इसे सख्त ताकीद जाने.
आज दिनांक 02.09.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी.
ह./- सिविल जज जू.डी. द्वितीय, गढ़वा

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय, श्रीमान् जिला जज, गया।
प्रोवेट केश सं०-01/2024
यश राज ... आवेदक
नोटिस बनाम्
नजदीकी रिश्तेदार वसीयतकर्ता यमुना देवी पति स्व० रामचन्द्र राम
1. मीना कुमारी, पति रामचन्द्र प्रसाद दिवाकर एवं पुत्री रामचन्द्र राम एवं स्व० यमुना देवी, महल्ला- एम०आई०जी० 112, शहीद भगत सिंह कॉलोनी मुस्तफाबाद, पोस्ट + थाना - रामपुर, जिला-गया, 2. वीणा कुमारी पति सुरेश कुमार पुत्री रामचन्द्र राम एवं स्व० यमुना देवी, निवासी प्लौट नं० सी-2 सेक्टर मार्केट, सेक्टर-3 बोकारो स्टील सीटी, पोस्ट- सेक्टर-3, थाना बोकारो स्टील सीटी, जिला- बोकारो (झारखण्ड), 3. पुनम कुमारी पति अजय रजक, पुत्री रामचन्द्र राम एवं स्व० यमुना देवी, निवासी एच0आई0जी0 45, हाउसिंग कॉलोनी, बड़टाड़, धनबाद (झारखण्ड), 4. रूपम कुमारी पति उमेश राम, पुत्री स्व० रामचन्द्र राम एवं स्व० यमुना देवी, निवासी एम०आई०जी० 187 शहीद भगत सिंह कॉलोनी, मुस्तफाबाद, पोस्ट+थाना रामपुर, जिला गया, 5. संजय कुमार पिता स्व० रामचन्द्र राम एवं स्व० यमुना देवी, निवासी क्वार्टर नं0 294, सेक्टर-3ए, बोकारो स्टील सीटी, पोस्ट- सेक्टर-3, थाना बोकारो स्टील सीटी, जिला- बोकारो (झारखण्ड), 6. सुमन प्रसाद, पति शंकर प्रसाद, पिता स्व० रामचन्द्र राम एवं स्व० यमुना देवी निवासी 38 हार्डिंग रोड, फ्लैट नं० 2 बी, नियर हाज भवन, पोस्ट थाना सचिवालय, जिला पटना (बिहार), 7. धनंजय कुमार पिता स्व० रामचन्द्र राम एवं स्व० यमुना देवी, निवासी क्वार्टर नं० 139, अनुग्रहपुरी कॉलोनी, पोस्ट+थाना- रामपुर, जिला गया।
वजरिये नोटिस आपलोगों को सुचित किया जाता है कि आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त वाद मेरे न्यायालय में लाया गया है। जिसमे महल्ला अनुग्रहपुरी कोलोनी, गया, थाना रामपुर, जिला गया, अवस्थित वार्ड नं० 9 पुराना, 32 नया, होल्डीग नं0369/139, जिसका खाता नं0 533/90, प्लौट नं0 2295/5164, रकवा 1800 वर्गफिट हैं, के संबंध में, आपलोगों के विरूद्ध न्यायालय द्वारा नजारत एवं निबंधित डाक द्वारा सम्मन नोटिस की कारवाई की जा चूकी है। परन्तु आपलोग आज तक उपस्थित नहीं हुए हैं। अतः दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशन के माध्यम से अंतिम सूचना भेजी जा रही है कि अगली निर्धारित तिथि 19/09/26 को 10:30 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध प्रोवेट वाद की सुनवाई एकपक्षीय कर ली जायेगी। इसे ताकिद जानें।
आज दिनांक 14/08/2026 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
ह0/-प्रधान जिला जज, गया




**शैक्षणिक EDUCATIONAL**
शिक्षक नियुक्ति का सुनहरा अवसर
Admission Open-2026-2028
B.Ed., D.El.Ed. M.Ed.
College Approved by UGC & NCTE
BIHAR COLLEGE OF EDUCATION
Prof. Colony, Lane No. 02, Aghoria Bazar, Muzaffarpur
M. 7903411015, 9905885545

**किराये पर TO-LET**
3x500 Sq Ft Halls with Washroom suitable for Bank / Office / Commercial purpose near Kali Mandir Tower Chowk Gaya Contact - 7739725305
C-8145(PTN)

**आवश्यकता WANTED**
आवश्यकता है BRBCL नवीनगर में भूतपूर्व सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिक गनमैन की, जिनका गनलाइसेंस बिहार का होना चाहिए. M.-9031980017, 7903969935.
C-20961(RNC)

**शपथ पत्र AFFIDAVIT**

**शपथ-पत्र**
मैं, रजिया देवी पति विरेन्द्र यादव, ग्राम-सिसई महुआ टोला, थाना वो अंचल- गोरेयाकोठी, पो0- सिसई, जिला- सिवान (बिहार) का निवासी हूं। शपथकर्ता का आधार में नाम रजिया देवी है, जबकि एलआईसी की पालिसी सं0- 539963222 में नाम राजो देवी है। यह कि रजिया देवी व राजो देवी दोनों नाम शपथकर्ता का है तथा दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती है। शपथ सं0- 16132, दिनांक- 27.8.26.

**शपथ-पत्र**
मैं किशोर कुमार पिता स्व० जुगल रावत साकिन+पोस्ट धनवां थाना हिसुआ जिला नवादा का निवासी हूं। मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र में नाम आकाश सुमन एवं जन्म तिथि 9/3/2013 अंकित है जो सही है। मेरे पुत्र का आधार कार्ड स. 9196 2798 2240 है जिसमें मोलु कुमार और जन्मतिथि 03/02/2011 अंकित हो गया है, जो बिलकुल गलत है। मैं अपने पुत्र का सही नाम एवं जन्मतिथि आधार कार्ड में सुधारवाने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादन किया हूं। शपथ पत्र सं 20711 दिनांक 15/9/2026

**शपथ-पत्र**
मैं, श्यामदेयी देवी, पति- स्व० जगदीश राम निवासी ग्राम- बहवलपुर, पो० + थाना- गुरारू, जिला- गया (बिहार) की स्थायी निवासी हू. शपथ पत्र सं.-1/46 दिनांक-14.09.26 द्वारा घोषणा करती हू कि मेरा आधार नं.- 2293 5594 3172 में नाम SHAYAMDEI DEVI है. जबकि मेरा पति स्व० जगदीश राम के सर्विस बुक / सेन्टल रेलवे पेन्सन रसीद में मेरा नाम SHYAMDEI DEVI चढ़ा हुआ है. SHAYAMDEI DEVI and SHYAMDEI DEVI दोनों नाम मेरा ही है. मैं दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हू. यह कि दोनों नाम मेरा ही है, इसी वास्ते शपथ पत्र कर रही हू.

**शपथ-पत्र**
मैं, मोहम्मद शमशाद अली, पिता रशीद अंसारी, निवासी ग्राम- बैशाखी, पोस्ट ऑफिस- हरदिया, सहायक सराय O.P, जिला- सिवान, यह घोषणा करता हूँ कि मेरी बेटी शाहीन परवीन के 10वीं कक्षा के सर्टिफिकेट में मेरा नाम गलत तरीके से 'शमशाद अली' दर्ज हो गया है। अब से भविष्य के सभी कार्यों के लिए मुझे 'मोहम्मद शमशाद अली' के नाम से जाना जाएगा। शपथ-पत्र संख्या - 8225, शपथ-पत्र की तारीखः 25/06/2026

**शपथ-पत्र**
मैं, अखिलेश सिंह उर्फ अखिलेश कुमार उम्र लगभग 54 वर्ष पिता स्व- यदुनंदन सिंह निवासी ग्राम- पाईबिगहा वर्तमान थाना- पाईबिगहा, जिला- गयाजी (बिहार) शपथ पत्र संख्या 36408 तिथि 12.9.26 द्वारा घोषणा करता हू कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। तथा मेरा आधार नं0- 6316 1806 6922 है। मे मेरा नाम अखिलेश सिंह अंकित है जो सही है तथा मध्य बिहार ग्रामीण बैंक मे मेरा खाता है जिसमें मेरा नाम अखिलेश कुमार अंकित है यह कि अखिलेश सिंह एवं अखिलेश कुमार दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है जो मैं स्वयं हूँ।

**शपथ-पत्र**
मैं, केदार डालमिया, पिता जगन्नाथ डालमिया, निवासी मोहल्ला बारी रोड, थाना कोतवाली, होल्डिंग नंबर 19, वार्ड नंबर 19, गया, शपथ पत्र संख्या 36772 तिथि 15.9.26 के द्वारा यह घोषणा करता हूँ कि मेरा नाम अलग-अलग दस्तावेजों में केदारनाथ जगन्नाथ डालमिया, केदार डालमिया और केदार जगन्नाथ डालमिया के रूप में भी दर्ज है। मैं यह घोषणा करता हूँ कि मेरा सही और पूरा नाम केदार डालमिया है, और अब से सभी कार्यों के लिए मुझे केदार डालमिया के नाम से ही जाना जाएगा।

**AFFIDAVIT**
I, Kameshwar Kumar, S/o Anant Sah, R/o Village & Post: Chorauli, P.S.: Bhagwanpur Hat, Dist: Siwan, Bihar, vide affidavit number 1726 dated 15.9.26 declare that Kameshwar Kumar and Vijay Kumar Nirala (as recorded in LIC Policy No. 535535731) are the names of one and the same person, i.e., myself. Both names belong to me for all intents and purposes.

**शपथ-पत्र**
मैं, गीता देवी, पति- नन्दलेश कुमार यादव, साकिन+पो०- कुल्हरिया, थाना- बक्सर मु०, जिला- बक्सर, (बिहार)- 802116 की स्थायी निवासी हू. मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम- गीता देवी पति- नन्दलेश कुमार यादव है जबकि बैंक खाता नं.-743301 00017251, में मेरा नाम - रेनु देवी पति- नन्दलेश यादव है. गीता देवी (Geeta Devi), पति- नन्दलेश कुमार यादव (Nandlesh Kumar Yadav) एवं रेनु देवी (Renu Devi), पति- नन्दलेश यादव (Nandlesh Yadav) दोनो नाम हमारा ही है. मै दोनों नामों से जानी वो पहचानी जाती हू, जो कि सही वो सच है. मैं भविष्य में गीता देवी (Geeta Devi) तथा मेरे पति-नन्दलेश कुमार यादव (Nandlesh Kumar Yadav) नाम से ही जाने वो पहचाने जायेंगे. शपथ पत्र सं.- 22421/8-9-26

**शपथ-पत्र**
मैं, गुड़िया कुमारी, पति- दिनेश कुमार, निवासी मोहल्ला- नारायण नगर, थाना- मुफस्सिल, जिला- गया (बिहार), यह घोषणा करती हूँ कि मेरा सही नाम गुड़िया कुमारी है, जो मेरे आधार कार्ड नंबर 5772 2736 3909 में दर्ज है। मेरे बेटे पीयूष राज के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम गुड़िया देवी लिखा है, जो गलत है। शपथ पत्र सं.- 36265, दिनांक- 11.09.26

**सूचना**
पाठकों से यह अनुरोध है कि किसी भी पृष्ठों पर छपे विज्ञापनों से संबंधित पैसे का लेन-देन या किसी भी एकाउन्ट में पैसे ट्रांसफर करने से पहले स्वयं तथ्यों की जांच-परख कर लें. **क्योंकि नौकरी, व्यापार, मनोरंजन, लोन एवं फाईनेंस के नाम पर कुछ लोग धोखाधड़ी एवं ठगी का कारोबार चला रहे हैं,** इसके लिए अखबार प्रबंधन जिम्मेवार नहीं होगा. *विज्ञापन प्रबंधक*
प्रभात खबर | क्लासिफाइड विज्ञापन हेतु संपर्क कर सकते हैं.
Contact : Office - 0612-2540550, Mob. : 9835447208

बिहार सरकार कृषि विभाग
**मिलेट्स प्रोसेसिंग युनिट स्थापना का सुनहरा अवसर**

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (कृ० यो० ) अन्तर्गत मिलेट्स प्रोसेसिंग युनिट स्थापना हेतु वित्तीय सहायता**



1. राज्य में मिलेट्स प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए नये मिलेट्स प्रोसेसिंग युनिट की स्थापना हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित।
2. FPO, उद्यमी, व्यक्तिगत आवेदक एवं अन्य पंजीकृत संस्थाएँ आवेदन कर सकती हैं।
3. मिलेट्स प्रोसेसिंग इकाई की स्थापना हेतु प्रोसेसिंग मशीनरी के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध।

**वित्तीय सहायता (अनुदान)**
1. सामान्य वर्ग के किसानों हेतु परियोजना लागत का 40% अथवा अधिकतम रू० 4.32 लाख एवं अनुसूचित जाति/अनु0 जन जाति हेतु परियोजना लागत का 50% अथवा अधिकतम रू० 5.40 लाख प्रति इकाई (जो कम हो) अनुदान देय होगा।
2. सहायता मशीनरी हेतु उपलब्ध होगी।
3. भूमि क्रय, विद्युत संयोजन, मानव संसाधन एवं अन्य संचालन व्यय पर अनुदान देय नहीं होगा।

**पात्रता**
1. FPO कम से कम 2 वर्षों से पंजीकृत एवं संचालित हों।
2. व्यक्तिगत आवेदक की आयु 21 वर्ष या अधिक हो।
3. परियोजना हेतु न्यूनतम 15% स्वयं का अंशदान उपलब्ध हो।
4. बैंक ऋण प्राप्त करना अनिवार्य है।

**महत्वपूर्ण शर्तें**
1. नई मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई (100–200 कि० ग्रा० प्रति घंटा क्षमता)।
2. BIS मानक मशीनरी एवं FSSAI अनुपालन अनिवार्य।
3. परिसम्पत्तियों का न्यूनतम 3 वर्षों तक संचालन एवं रखरखाव आवश्यक।
4. अनुदान DBT के माध्यम से लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित किया जाएगा।
5. OFMAS Portal पर सुचीबद्ध विक्रेता से ही मशीनरी के क्रय किये जाने पर अनुदान दिया जाएगा।

**आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज**
1. DPR (परियोजना प्रतिवेदन)
2. बैंक ऋण स्वीकृति/सहमति पत्र
3. आधार एवं बैंक विवरण
4. पंजीकरण प्रमाणपत्र (संस्था हेतु)

आवेदन प्रारंभ की तिथिः 08.09.2026

PR No.- 012196 (Agriculture)D. 2026-27

अधिक जानकारी एवं आवेदन हेतुः
www.farmech.bihar.gov.in/Bihar Krishi App



''मिलेट्स प्रसंस्करण अपनाएँ - मूल्य संवर्धन बढ़ाएँ, रोजगार सृजित करें और किसानों की आय में वृद्धि करें।''


https://rktv.live/p/epaper.html

सिटी बाइट्स



## हीरो शोरूम में 51 विडा इलेक्ट्रिक स्कूटरों की सामूहिक डिलिवरी

**गया जी.** गया के स्वराजपुरी रोड स्थित केएल गुप्ता एंड को कंपनी ऑटोमोबाइल में शुक्रवार को 51 "विडा" इलेक्ट्रिक स्कूटरों की सामूहिक डिलिवरी की गयी. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सड़क सुरक्षा और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना था. कार्यक्रम में एमवीआइ अभिषेक कुमार, विडा के बिहार टेरिटरी मैनेजर दीप चौहान और शोरूम के मैनेजिंग पार्टनर नीरज कुमार गुप्ता उपस्थित रहे. एमवीआइ ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की. नीरज गुप्ता ने बताया कि ई-स्कूटर प्रदूषण कम करने और पेट्रोल पर निर्भरता घटाने का एक बेहतरीन विकल्प हैं. इस मौके पर विडा के वी2, वीएक्स2 प्लस और वीएक्स 2 गो मॉडल प्रदर्शित किये गये. इनकी टॉप स्पीड 90 किमी/घंटा और सिंगल चार्ज रेंज 165 किलोमीटर तक है.

## जदयू संगठन विस्तार को लेकर वरिष्ठ नेताओं ने किया विमर्श




**गया जी.** शहर के बिसार तालाब स्थित जदयू जिला कार्यालय में शुक्रवार को जिला संगठन के विस्तार और उसे मजबूत बनाने को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श किया. बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और जनसरोकार के मुद्दों को प्राथमिकता देने पर चर्चा हुई. जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने बताया कि संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए आगे की रणनीति पर सार्थक मंथन किया गया. बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसूदन राय, जिला उपाध्यक्ष कैलाश पासवान, जिला महासचिव दिनेश प्रसाद सिन्हा, विनोद यादव, पप्पू दांगी व बृजराज पांडेय, जिला सचिव प्रभात राउत, जिला नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष प्रकाश राम पटवा, कोषाध्यक्ष संजय मिश्रा समेत वरिष्ठ नेता शंभु सिंह, वीरेंद्र शर्मा, रामलखन स्वर्णकार, अरुण कुमार पटेल और गौतम पटेल मौजूद रहे.

### तीनों मामलों में अलग-अलग जांच व कानूनी कार्रवाई कर रही पुलिस

# हादसों में दो की मौत, तिरुपति में मजदूरी कर रहे युवक की गयी जान

दुखद

प्रतिनिधि, इमामगंज

इमामगंज थाना क्षेत्र और इससे जुड़े परिवारों में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी. भारतमाला परियोजना के गड्ढे में गिरने से एक वृद्ध की जान चली गयी, जबकि रानीगंज में एक युवक का शव फंदे से लटका मिला. वहीं, आंध्र प्रदेश के तिरुपति में मजदूरी कर रहे इमामगंज के एक युवक की कार्यस्थल पर हादसे में मौत हो गयी. पुलिस तीनों मामलों में अलग-अलग जांच और कानूनी कार्रवाई कर रही है. पहली घटना नौडीहा पंचायत के चमनाडीह-संग्रामपुर की है. यहां भारतमाला परियोजना के तहत बन रही वाराणसी-कोलकाता सड़क के समीप एक गड्ढे में गिरने से 80 वर्षीय दुलारचंद यादव की मौत हो गयी. मृतक मूल रूप से कोठी थाना क्षेत्र के तेलवारी मोहनडीह के निवासी थे. मुखिया उत्तमदीप कुमार यादव के अनुसार, वृद्ध मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और भटकते हुए वहां पहुंच गये थे.



शव की सूचना पर किसान मार्केट रानीगंज में लगी ग्रामीणों की भीड़

**फंदे से लटका मिला 18 वर्षीय युवक का शव** : दूसरी घटना इमामगंज के रानीगंज किसान मार्केट में हुई. यहां 18 वर्षीय हर्ष तिवारी का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस इस बात की बारीकी से जांच कर रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया है.

**तिरुपति में टाइल्स गिरने से मजदूर की गयी जान** : तीसरी घटना सिद्धपुर गांव के निवासी रवि कुमार से जुड़ी है. रवि तिरुपति बालाजी में टाइल्स लगाने का काम करता था. काम के दौरान ऊपर से भारी टाइल्स गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे श्री वेंकटेश्वर नारायण रुइया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी. इमामगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि तिरुपति पुलिस से संपर्क कर घटना की प्रारंभिक जानकारी ली गयी है. परिजन शव लाने के लिए तिरुपति रवाना हो चुके हैं.





कमर–पेड़ू में दर्द, खून की कमी, कमज़ोरी, हथेली–तलवों में जलन, हार्मोन्स असंतुलन, चिड़चिड़ापन आदि में सहायक

"90 वर्षों से No.1 वुमन हेल्थ टॉनिक"

हेमपुष्पा

Helpline: 011-23261111, rajvaidyacare@gmail.com


## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**कोंच.** अहियापुर-गुरारू मुख्य पथ पर पलांकी सखी गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 50 वर्षीय महिला की मौत हो गयी. मृतका की पहचान पलांकी सखी गांव निवासी फगुनी पासवान की पत्नी ललिता देवी के रूप में की गयी है. ललिता देवी गांव के मुख्य मार्ग से गुजर रही थीं. इसी दौरान वाहन ने टक्कर मार दी. हादसे में वह घायल हो गयीं. परिजन व स्थानीय लोग उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया. इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

## दो मोटरसाइकिलों से 16 लीटर महुआ शराब जब्त

**डुमरिया.** भदवर थाना क्षेत्र के बेनीनगर एवं रामदोहर के बीच पकवा नदी के समीप से पुलिस ने दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं. एक मोटरसाइकिल लाल एवं दूसरी काले रंग की है. जांच के दौरान मोटरसाइकिलों की डिक्की से करीब 16 लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुई. भदवर थानाध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि पुलिस टीम अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान पर निकली थी. इसी दौरान बेनीनगर-रामदोहर के बीच पकवा नदी के समीप पुलिस को देखकर शराब तस्कर दोनों मोटरसाइकिलें छोड़कर मौके से फरार हो गये. पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर थाने लाया है. मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है.

## बंद कमरे में मिली किशोरी की लाश, कान में लगा था इयरफोन

**बांकेबाजार.** भलुहार गांव में गुरुवार दोपहर बीए पार्ट वन की 17 वर्षीय छात्रा स्वीटी कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया, जिसके बाद शुक्रवार को परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया. पुलिस प्रथमदृष्टया इसे प्रेम-प्रसंग से जुड़ा मामला मानकर हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है. मृतका मूल रूप से मोनेयां गांव निवासी मिथिलेश कुमार की पुत्री थी. मां के निधन के बाद वह भलुहार गांव में अपने पिता के साथ किराये के मकान में रहती थी, जहां उसके पिता किराने की दुकान चलाते हैं. गुरुवार को मिथिलेश अपनी दुकान पर थे, तभी उनके दामाद (मृतका के जीजा) ने फोन कर स्वीटी से बात कराने को कहा. मिथिलेश जब कमरे पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था. खिड़की से झांकने पर उन्होंने बेटी को संदिग्ध हालत में देखा, जिसके बाद शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही बांकेबाजार थानाध्यक्ष पवन कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि मृतका के कान में इयरफोन लगा हुआ था. इससे आशंका जताई जा रही है कि घटना से ठीक पहले वह फोन पर किसी से बात कर रही थी. थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि शुरुआती जांच में मामला प्रेम-प्रसंग का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व विस्तृत जांच के बाद ही मौत के असली कारणों की पुष्टि हो सकेगी.




घटनास्थल पर जुटे ग्रामीण.

## 12 दिन बाद घर लौटा परिवार, तो उड़े होश पांच लाख के गहने और कैश गायब

**शेरघाटी.** उचिरमा गांव में चोरों ने एक बंद मकान से करीब पांच लाख रुपये के आभूषण और नकदी उड़ा लिये. गृहस्वामी कौशल किशोर शर्मा 12 दिनों के बाद 17 सितंबर को जब घर लौटे, तब इस बड़ी चोरी का खुलासा हुआ. अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. कौशल शर्मा जब घर पहुंचे, तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला. काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला. इसके बाद उन्होंने पड़ोसी की छत से अपने घर के अंदर झांका. उन्होंने देखा कि कमरों के दरवाजे टूटे हुए हैं और पूरा सामान तितर-बितर पड़ा है. चोरों ने घर में घुसने के लिए कटर का इस्तेमाल किया और दरवाजों के कब्जे काट दिये. अंदर घुसकर उन्होंने ट्रंक और अलमारी का लॉक तोड़ा मिला. वहां से दो सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र और एक सोने की चेन चोरी कर ली गयी. इन आभूषणों की कुल कीमत लगभग 3.5 लाख रुपये आंकी गयी है. गहनों के अलावा घर में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये नकद भी गायब मिले. गृहस्वामी के अनुसार, यह रकम धान-गेहूं और एक जमीन की बिक्री से हासिल हुई थी. घटना की सूचना तुरंत डायल-112 को दी गयी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया. फिलहाल चोरी गये सामान की बरामदगी और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

## शराब के साथ महिला धरायी

**डुमरिया.** बोधि बिगहा थाना पुलिस ने शराब तस्करी व वाहन जांच को लेकर विशेष अभियान चलाया. 15 सितंबर को महुड़ी गांव में छापेमारी कर सरिता भारती को 16 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ गिरफ्तार किया गया. 16 सितंबर को बिहार-झारखंड सीमा पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान वाहनों के कागजात, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की गयी. आवश्यक कागजात नहीं रखने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया गया. थानाध्यक्ष प्रियनंद आलोक ने बताया वाहन जांच के दौरान 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया.


पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

शाखा कार्यालयः सीओ सैम सर्किल ऑफिस, गया (आर जे पैलेस, राय काशी नाथ मोड़, गया) ईमेलः cogayasamd@pnb.co.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के आलोक में पठित

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा पीएनबी द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी /सिक्योर्ड क्रेडिटर को अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को 'जहाँ है जैसा है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (रों) से बैंक / सुरक्षित लेनदार के कारण। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में संबंधित संपत्तियों के अनुसार होगी।

**सुरक्षित संपत्ति की अनुसूची**

| लॉट नम्बर | क. शाखा का नाम<br>ख. खाते का नाम<br>ग. उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता | बंधक रखी गई अचल संपत्तियों (भूमि और भवन) का विवरण, बंधककर्ता/संपत्ति के मालिक के नाम सहित | क. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस की तारीख<br>ख. बकाया राशि<br>ग. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा–13 (4) के तहत कब्जे की तारीख<br>घ. कब्जे की प्रकृति प्रतीकात्मक/भौतिक | क. आरक्षित मूल्य (लाख में)<br>ख. ईएमडी<br>ग. बोली वृद्धि राशि | ई नीलामी का दिनांक/समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (क) शाखा- टनकुप्पा, गया<br>(ख) श्री उपेन्द्र कुमार<br>पिता- श्री देवलाल महतो<br>(ग) श्री उपेन्द्र कुमार<br>पिता- श्री देवलाल महतो,<br>श्री देवलाल महतो<br>पिता- स्वर्गीय छट्ठू महतो,<br>निवासी -ग्राम- आरोपुर, पोस्ट- टनकुप्पा, फ़तेहपुर, जिला- गया- 824232 | पंजीकृत सेल डीड संख्या-2633 दिनांक- 05/02/2016, खाता संख्या-84, प्लॉट संख्या- 964, थाना संख्या-509, क्षेत्रफल-1.812 डिसमिल के अंतर्गत आने वाली संपत्ति श्री देवलाल प्रसाद पिता- स्वर्गीय छट्ठू महतो के नाम पर स्थित है, ग्राम- आरोपुर, थाना-वजीरगंज, पोस्ट-टनकुप्पा, जिला- गया<br>चौहद्दी- उत्तर- सुंदरी देवी, दक्षिण- चारू चौधरी एवं वसन कुवंर, पूर्व- सुखदेव यादव, पश्चिम- रामस्वरूप यादव | (क) 06.02.2024<br>(ख) बकाया राशिः<br>दिनांक 31.01.2024 तक रु. 9,91,218.86/- (रूपए नौ लाख इक्यानवे हज़ार दो सौ अठारह एवं छियासी पैसे मात्र) साथ ही दिनांक 01.02.2024 से आगे का ब्याज एवं पूर्ण भुगतान होने तक अन्य खर्च।<br>(ग) 10.05.2024<br>(घ) सांकेतिक कब्ज़ा | (क) रु. 8,60,000/-<br>(ख) रु. 86,000/-<br>(ग)रु.10,000/- | दिनांक 06.10.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक | शून्य |
| 2 | (क) शाखा- ए.पी कॉलोनी, गया<br>(ख) श्री कुणाल भारती<br>पिता- श्री जय प्रकाश गुप्ता<br>(ग) श्री कुणाल भारती<br>पिता- श्री जय प्रकाश गुप्ता<br>निवासी- ग्राम- दुर्गा स्थान यूको बैंक के निकट, मानपुर, थाना+पोस्ट- बुनियादगंज, जिला-गया-823003 | सेल डीड संख्या- 7019 दिनांक- 26.04.2017, खाता संख्या- 7 (नया), 40 (पुराना), प्लॉट संख्या- 875 (नया), 519 (पुराना), ब्लॉक संख्या- 1, मौजा- बरेव, क्षेत्रफल- 929 वर्ग फीट, थाना- मुफस्सिल, थाना संख्या- 268, जिला- गया के अंतर्गत आने वाली संपत्ति श्री कुणाल भारती पिता- श्री जय प्रकाश गुप्ता के नाम पर स्थित है।<br>चौहद्दी- उत्तर- ब्लॉक संख्या- 2 विकाश कुमार आज खरीददार, दक्षिण-नीज लेख्यकारी, पूर्व -10 फिट चौड़ा रास्ता, पश्चिम- सुनीता सिंह पति- राजेश कुमार सिंह | (क) 13.11.2019<br>(ख) बकाया राशि-<br>रु. 14,33,934.23 /-<br>(रूपए चौदह लाख तैंतीस हज़ार नौ सौ चौंतीस एवं तेईस पैसे मात्र) साथ ही दिनांक 01.07.2019 से आगे का ब्याज एवं पूरा भुगतान होने तक अन्य खर्च।<br>(ग) 18.03.2020<br>(घ) सांकेतिक कब्ज़ा | (क) रु. 6,49,800/-<br>(ख) रु. 64,980/-<br>(ग) रु. 10,000/- | दिनांक 06.10.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक | शून्य |
| 3 | (क) शाखा- राय काशी नाथ मोड़, गया<br>(ख) श्रीमती सुमन कुमारी<br>पति- श्री राजेश कुमार<br>(ग) श्रीमती सुमन कुमारी<br>पति श्री राजेश कुमार<br>सह-उधारकर्ता- श्री राजेश कुमार<br>पिता श्री देवी साव<br>पता- सहोदा मौलानगर, अतरी जिला-गया, बिहार-823311 | श्रीमती सुमन कुमारी पति- श्री राजेश कुमार, के नाम पर, सहोदा मौलानगर अतरी, जिला- गया अमावां में गिरवी रखी गई संपत्ति, थाना- बोधगया, जिला- गया में स्थित है, जिसका खाता संख्या- 140 (नया), प्लॉट संख्या- 402 (नया), ब्लॉक संख्या- 04, थाना संख्या- 355, क्षेत्रफल- 680 वर्ग फीट या 1.56 डिसमिल, सेल डीड संख्या- 3917 दिनांक- 18.03.2015 है<br>चौहद्दी- पूर्व- राज कुमार सिंह, पश्चिम- 14 फीट प्रस्तावित रास्ता, उत्तर- आज खरीदार किरण देवी, दक्षिण- निज विक्रेता | (क) 27.03.2023<br>(ख) बकाया राशि-<br>दिनांक 27.03.2023 तक रु. 9,95,478.26/- (रूपए नौ लाख पचानवे हज़ार चार सौ अठहत्तर एवं छब्बीस पैसे मात्र) साथ ही दिनांक 28.03.2023 से आगे का ब्याज एवं पूरा भुगतान होने तक अन्य खर्च।<br>(ग) 25.07.2023<br>(ग) सांकेतिक कब्ज़ा | (क) रु. 7,30,000/-<br>(ख) रु.73,000/-<br>(ग) रु.10,000/- | दिनांक 06.10.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक | शून्य |
| 4 | (क) शाखाः डोभी, गया<br>(ख) मेसर्स जनता बीज भंडार, प्रोपराईटर- श्री शंकर यादव पिता- स्वर्गीय कौलेश्वर यादव<br>(ग) मेसर्स जनता बीज भंडार, प्रोपराईटर- श्री शंकर यादव<br>पिता- स्वर्गीय कौलेश्वर यादव<br>पता- ग्राम-फतेहपुर, पोस्ट- पीडासीन, थाना डोभी, जिला-गया-824201<br>पता- ग्राम- घोंगहवा, अंचल / थाना- डोभी, पिन-824201 जिला-गया<br>श्री शंकर यादव<br>पिता- स्वर्गीय कौलेश्वर यादव<br>पता- ग्राम-फतेहपुर, पोस्ट- पिडासीन, थाना-डोभी, जिला-गया<br>पता- ग्राम- घोंगहवा, आंचल/थाना- डोभी, पिन-824201, जिला-गया<br>पता- ग्राम-घोंगहवा,अंचल/थाना-डोभी पिन-824201 जिला-गया<br>पता- ग्राम-फतेहपुर, पोस्ट- पीडासीन, थाना-डोभी, जिला-गया | पंजीकृत सेल डीड संख्या-7501 दिनांक 28/12/2020 के अंतर्गत आने वाली संपत्ति, प्लॉट संख्या- 990 (नया), खाता संख्या- 55, क्षेत्रफल- 10 डिसमिल, थाना संख्या- 804, ग्राम- मौजा- धरमपुर, थाना- डोभी, जिला-गया में स्थित श्री शंकर यादव पिता- स्वर्गीय कौलेश्वर यादव के नाम पर स्थित है<br>चौहद्दी- उत्तर-रास्ता, दक्षिण-पुनित यादव, पूर्व- ग्रामीण सड़क, पश्चिम- कुलोजन यादव | (क) 29.01.2025<br>(ख) बकाया राशिः-<br>दिनांक 31.12.2024 तक रु. 20,54,756.31 (रूपए बीस लाख चौवन हज़ार सात सौ छप्पन एवं इकतीस पैसे मात्र) + दिनांक 01.01.2025 से आगे का ब्याज एवं पूर्ण भुगतान होने तक अन्य खर्च।<br>(ग) 28.04.2025<br>(घ) सांकेतिक कब्ज़ा | (क) रु. 20,45,700/-<br>(ख) रु. 2,04,570/-<br>(ग) रु.10,000/- | दिनांक 06.10.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक | शून्य |

नियम एवं शर्तें: -
यह बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों तथा निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्तियां 'जैसा है जहाँ है' एवं 'जैसा है जो है' एवं 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेची जा रही हैं।
2. ऊपर दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए अधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से दिनाक 06.10.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक की जाएगी।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com एवं www.pnbindia.in देखें।

प्रकाश कुमार
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक, सुरक्षित ऋणदाता
मोः-7327079850

दिनाक- 19.09.2026
स्थान- गया

**विवाद की स्थिती में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना



HDFC BANK We understand your world

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई – 400 013
शाखा कार्यालयः एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दूसरी मंजिल, राजेंद्र राम प्लाज़ा, एग्जीबिशन रोड, पटना – 800001

Ref. No.: RPM LEGAL/SN/BH/PAT/LAP/Dec/3/25-26

**कब्ज़ा सूचना**

पंजीकृत डाक, पावती अपेक्षित

(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

चूंकि,
अधोहस्ताक्षरी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा उसमें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (12) को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित करते हुए, दिनांक 8 दिसंबर 2025 को उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना जारी की थी, जिसमें **उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता–साई इंटरप्राइजेज (उधारकर्ता), जीतेंद्र कुमार (सह-उधारकर्ता) तथा नंद किशोर यादव (सह-उधारकर्ता), खाता संख्या** 50200036338298 को उक्त मांग सूचना में उल्लिखित रु. 13,38,998.58/- **(तेरह लाख अड़तीस हजार नौ सौ अट्ठानवे रुपये और अट्ठावन पैसे मात्र)** की राशि, जो 08.12.2025 तक बकाया थी, का भुगतान उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर, भविष्य के ब्याज सहित संविदात्मक दर पर, मासिक अंतराल पर चक्रवृद्धि ब्याज के साथ तथा लागू होने पर दंडात्मक ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित, जो 09.12.2025 से भुगतान और/या वसूली की तिथि तक देय होंगे, करने के लिए कहा गया था।

चूंकि उपर्युक्त उधारकर्ता बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहा है, अतः इसके द्वारा उपर्युक्त उधारकर्ता को विशेष रूप से तथा आम जनता को सामान्य रूप से यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, **14 सितंबर 2026** को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया है।

उधारकर्ता तथा आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे इस संपत्ति के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन या व्यवहार न करें तथा इस संपत्ति के साथ किया जाने वाला कोई भी व्यवहार रु. **13,38,998.58/- (तेरह लाख अड़तीस हजार नौ सौ अट्ठानवे रुपये और अट्ठावन पैसे मात्र)** तथा उस पर देय ब्याज के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

सुरक्षित परिसंपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण–नीचे वर्णित आवासीय संपत्ति का संपूर्ण भाग एवं पार्सल, अर्थात्:** 1. भूमि संपत्ति श्री नंद किशोर यादव के नाम पर है, खाता संख्या 49 (नया)/31 (पुराना), प्लॉट संख्या 245 (नया)/103 (पुराना), जिसका क्षेत्रफल 0.10 डेसिमल है, जो मौजा-हरिपुर, परगना-मनेर, थाना-बोधगया, थाना संख्या 354, तौजी संख्या 3160/3130, अंचल-बोधगया, जिला-गया में स्थित है। **सुरक्षित संपत्ति की चौहद्दी इस प्रकार है: उत्तरः** श्री प्रसिधि मांझी की संपत्ति, **दक्षिणः** ग्लास फैक्ट्री, **पूर्वः** निज खरीदार तथा **पश्चिमः** चौर।

स्थानः गया | हस्ताक्षरित/- अधिकृत अधिकारी
दिनांकः 14.09.2026 | एचडीएफसी बैंक लिमिटेड



**केंद्रीय विद्यालय बोधगया**
दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गयाजी पंचानपुर मार्ग, जिला-गयाजी, बिहार – 824236

**साक्षात्कार / WALK-IN-INTERVIEW**

केंद्रीय विद्यालय बोधगया एवं केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, गया में पूर्णतः अस्थायी/अंशकालिक संविदा आधार पर पैनल तैयार करने हेतु साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने खर्चे पर साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं

**केंद्रीय विद्यालय बोधगया**

| पद | साक्षात्कार तिथि | समय |
|---|---|---|
| ECCE Trained Balvatika Teacher<br>PRT (Primary Teacher)<br>PRT (Music) | 25/09/2026 (शुक्रवार) | पंजीकरण : 9:00 AM<br>साक्षात्कार : 10:00 AM |

शैक्षणिक योग्यता: See website – no2gaya.kvs.ac.in

**केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, गया**

| TGT | साक्षात्कार तिथि | समय |
|---|---|---|
| TGT (Sanskrit and English)<br>PGT (Chemistry, Maths, Computer Science and Economics) | 26/09/2026 (शनिवार) | पंजीकरण : 9:00 AM<br>साक्षात्कार : 10:00 AM |

शैक्षणिक योग्यता: See website – no2gaya.kvs.ac.in

नोट:
1. **उपयुक्त सभी पदों के साक्षात्कार दोनों विद्यालयों के लिए केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, गया में आयोजित होंगे।**
2. पंजीकरण 9:00 AM तथा साक्षात्कार 10:00 AM।
3. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरकर अपने शैक्षणिक एवं अन्य संबंधित प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां तथा स्व-सत्यापित फोटोकॉपी एवं अपनी एक फोटोग्राफ साथ लानी होगी।
4. अभ्यर्थी https://samvida-sathi.kvs.gov.in/register पर जाकर ऑनलाइन भी आवेदन/पंजीकरण कर सकते हैं।
5. सभी पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य विस्तृत जानकारी विद्यालय की वेबसाइट https://no2gaya.kvs.ac.in पर उपलब्ध है।
6. यदि किसी पद के लिए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होती है, तो अभ्यर्थियों की संख्या सीमित करने हेतु स्क्रीनिंग टेस्ट (Screening Test) आयोजित किया जा सकता है।

**प्राचार्य**



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/13 दिनांक- 17.09.2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026**

**Offline Spot Admission Round-2 से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

1. सर्वसाधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / संस्थानों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2026/12 दिनांक- 03.09.2026 के अनुसार ITICAT-2026 की Offline Spot Admission दिनांक 07.09.2026 को सम्पन्न किया जा चुका है। Offline Spot Admission समाप्ति के पश्चात् प्रत्येक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की व्यवसायवार रिक्तियाँ उनके सूचना पट पर उपलब्ध है। **वैसे अभ्यर्थी जिनका Round-1 , Round-2 एवं Mop-up Counselling** तथा **Offline Spot Admission के माध्यम से किसी संस्थान में नामांकन नहीं हुआ है, विभागीय पत्रांक- सं.सं.-टी-2/नामां० (G)-01/2025-1790 दिनांक 16.09.2026 के आलोक में संस्थान स्तर पर आयोजित Offline Spot Admission Round-2 के लिए पात्रता-प्राप्त हैं। Offline Spot Admission Round-2** संस्थान स्तर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) में **आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की विवरणी निम्नवत् है;**

i. Spot Admission Round-2 में भाग लेने हेतु **आवेदन की अंतिम तिथि : 20.09.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।**

ii. Spot Admission Round-2 के माध्यम से **नामांकन की निर्धारित तिथि : 21.09.2026 पूर्वाह्न 10.00 बजे।**

2. आवेदक Spot Admission Round-2 हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 21.09.2026 पूर्वाह्न 10.00 बजे तक अपने आवेदित संस्थान में उपस्थित हो कर उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध मेधा-सह-विकल्प के आधार पर नामांकन लेंगे। इस सूचना के आधार पर निर्धारित तिथि एवं समय पर Spot Admission Round-2 में निश्चित् रूप से उपस्थित हो अन्यथा उनको अनुपस्थित मान लिया जायेगा जिसके लिये संस्थान / पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।

3. अभ्यर्थी को bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी/ कार्यालय/ संस्थान द्वारा निर्गत सभी मूल प्रमाण-पत्र/ दस्तावेज तथा उनकी एक-एक स्वसत्यापित छाया प्रतियाँ Spot Admission Round-2 के समय साथ लाना अनिवार्य है।

4. **विशेष जानकारी अभ्यर्थी अपने जिला के अंतर्गत सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) से प्राप्त कर सकते हैं।**

परीक्षा नियंत्रक


https://rktv.live/p/epaper.html

नोटिस बैनर बिहार लोक सेवा आयोग : टीआरइ-4 के 32,388 पदों के लिए 21 सितंबर से 21 अक्तूबर तक करें ऑनलाइन आवेदन



## बियाडा में शुरू हुआ मगध का इकलौता मॉडर्न प्रिंटिंग हब



संस्थान का उद्घाटन करते मंत्री संतोष कुमार सुमन, विधायक रोमित कुमार व अन्य.

- मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन और अतरी विधायक रोमित कुमार ने किया कारखाने का शुभारंभ

वरीय मुख्य संवाददाता, गया जी

गया-बोधगया मार्ग स्थित बियाडा औद्योगिक क्षेत्र (टेकुना फार्म) में मंगलम पेपर्स एंड कार्ड्स के नये और अत्याधुनिक कारखाने का शुभारंभ किया गया. मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन और अतरी विधायक रोमित कुमार ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया. इसे मगध क्षेत्र का इकलौता आधुनिक प्रिंटिंग और कार्ड्स निर्माण केंद्र बताया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर प्रिंटिंग उद्योग को बढ़ावा देना और रोजगार के नये अवसर पैदा करना है. समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने कहा कि गया में आधुनिक तकनीक आधारित उद्योगों का विस्तार एक सकारात्मक पहल है. इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार भी सृजित होंगे. उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उद्यमियों को आगे बढ़ाने और उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए हरसंभव सहयोग कर रही है.

**अत्याधुनिक मशीनों से लैस है प्लांट :** संस्थान के प्रोपराइटर कुमार नीरज और संदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि इस नए कारखाने में आधुनिक मशीनों के जरिये उच्च गुणवत्ता वाली प्रिंटिंग सुविधाएं दी जायेंगी. ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुसार लगातार नई तकनीक को शामिल किया जायेगा. डीएम डॉ शशांक शुभंकर ने भी अपना शुभकामना संदेश भेजकर संचालकों और पूरी टीम को बधाई दी है. इस मौके पर अतरी विधायक रोमित कुमार, टिकारी विधायक अजय दांगी, गया जी नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, जिला पर्षद अध्यक्ष नैना कुमारी, राजद नेता विश्वनाथ यादव सहित बड़ी संख्या में अतिथि, व्यवसायी, शुभचिंतक व अन्य लोग उपस्थित रहे.

सख्ती. शिकायत सही मिली, डीइओ ने लगातार दूसरे साल की अनुशंसा

# छात्रों से अवैध वसूली, रामलखन सिंह यादव कॉलेज की मान्यता पर तलवार

- कॉलेज का तर्क- छात्रों की फीस से ही दिया जाता है 30 शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन
- 26 अगस्त को फीस 8400 थी, 14 सितंबर को बढ़ाकर 18550 रुपये दिखायी गयी



सर, गार्जियन किसी तरह पढ़ा रहे हैं, 8400 रुपये कहां से देंगे

क्या कहते हैं डीइओ

छात्रों के हंगामे व शिकायत के बाद प्रभात खबर में छपी रिपोर्ट.

संवाददाता, गया जी

शहर के डेल्हा स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज (केंद्र कोड 21031) में निर्धारित राशि से अधिक परीक्षा शुल्क वसूले जाने की शिकायत की जांच के बाद डीइओ कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कॉलेज की संबद्धता रद्द करने की अनुशंसा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से की है. इस संबंध में डीइओ ने निदेशक (शैक्षणिक) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को पत्र भेजा है. छात्रों से निर्धारित राशि से अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर डीइओ ने डीपीओ (योजना व लेखा) गौरव राज को मामले की जांच का निर्देश दिया था. इसी आलोक में 14 सितंबर को डीपीओ ने कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया था. जांच के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे. छात्रों ने कॉलेज स्तर से परीक्षा शुल्क के रूप में 8400 रुपये लिये जाने की शिकायत की गयी. निरीक्षण के समय कॉलेज के प्राचार्य मौजूद नहीं थे. उनके प्रतिनिधि से मौके पर ही स्पष्टीकरण मांगा गया. डीपीओ के समक्ष छात्रों ने यह भी बताया कि नामांकन के समय शुल्क की विस्तृत जानकारी उन्हें नहीं दी जाती है. इस संबंध में छात्रों ने लिखित शिकायत भी दी. साथ ही, छात्रों ने पिछले वर्ष भी अधिक राशि वसूले जाने का आरोप लगाया. डीपीओ के जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कॉलेज की संबद्धता रद्द करने की अनुशंसा की है. डीइओ ने बताया कि कॉलेज की संबद्धता रद्द करने अनुशंसा डायरेक्टर (शैक्षणिक) से की गयी है.

**कॉलेज का तर्क- छात्रों के पैसे से चलता है संस्थान :** कॉलेज की ओर से दिये गये प्रतिवेदन में बताया गया कि छात्रों से लिये जाने वाले शुल्क से ही शिक्षक व कर्मियों के वेतन का भुगतान तथा कॉलेज का अन्य विकास कार्य किया जाता है. कॉलेज में 160 छात्र-छात्राओं के नामांकन और 30 शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों के कार्यरत होने की बात भी कही गयी.

### इस साल भी 8400 रुपये की वसूली

जांच में फीस के नाम पर बड़ी धांधली सामने आयी है. डीइओ की रिपोर्ट के अनुसार, कॉलेज के 26 अगस्त के विवरण में परीक्षा और शिक्षण शुल्क मिलाकर 8,400 रुपये दर्ज थे. वहीं, 14 सितंबर के विवरण में नामांकन, परीक्षा और सूचीकरण आदि मदों को जोड़कर इसे सीधे 18,550 रुपये कर दिया गया. कॉलेज प्रबंधन ने इसे अपना निर्णय बताया, लेकिन जांच टीम को इस बढ़ोतरी का कोई आधिकारिक साक्ष्य नहीं दे सका.

### छात्र बोले - मजबूरी का फायदा उठा रहा सिस्टम

अधिक राशि की वसूली की शिकायत करने वाले छात्रों ने बताया कि 11वीं में नामांकन को लेकर बिहार बोर्ड की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन दिया था. रामलखन सिंह यादव कॉलेज पहला च्वाइस भी नहीं था. फिर भी बोर्ड के द्वारा अलॉट कॉलेज में मजबूरी में नामांकन लेना पड़ा. उस समय शुल्क की कोई जानकारी नहीं दी गयी थी. जबकि कॉलेज ने जानकारी देने का दावा किया है. वहीं छात्रों ने बताया कि सरकार सिर्फ विद्यार्थी सहयोग पोर्टल लॉन्च करती है. समाधान होता ही नहीं है. मजबूरी में उधार पैसा लेकर कॉलेज को देना पड़ा.

## सिटी बाइट्स

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को प्रथम राजभाषा कीर्ति पुरस्कार



**गया जी.** गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से नवी मुंबई में 14-15 सितंबर को आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए प्रथम राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया. पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गयी राजभाषा शील्ड केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के हाथों बैंक के एमडी एवं सीइओ कल्याण कुमार ने प्राप्त की. कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार भी मौजूद थीं. सम्मेलन के दौरान बैंक की द्विभाषीय गृह पत्रिका 'सेंट्रलाइट' के 100 वर्ष पूरे होने पर प्रकाशित विशेष 'विरासत अंक' का विमोचन राजभाषा विभाग के राज्यमंत्री नित्यानंद राय, बंदी संजय कुमार और राजभाषा सचिव अंशुली आर्य ने किया. बैंक की ओर से 115 वर्षों की यात्रा पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगायी गयी.

### युवाओं को बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए

**गया जी.** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की पहल पर 24 सितंबर को पटना के वेटरनरी कॉलेज में "यूथ बोले तो" संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. इसे सफल बनाने के लिए शुक्रवार को बोधगया में पंचायती राज प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव सुशीला कुमारी के आवास पर एक तैयारी बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष हृदय कुमार शर्मा ने की. बैठक में 24 सितंबर के पटना कार्यक्रम में युवाओं की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने पर रणनीति बनी. वक्ताओं ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की तकनीकी भूमिका अहम होगी. इस दौरान चिराग पासवान को बिहार का नेतृत्व सौंपने की मांग भी प्रमुखता से उठी. नेताओं ने स्पष्ट किया कि युवाओं को राजनीति की मुख्यधारा में लाना समय की मांग है. 18 सितंबर को कार्यक्रम की कोर कमेटी ने भी बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की. बोधगया की बैठक में प्रदेश सचिव विजय पासवान, लेबर सेल जिलाध्यक्ष अजय यादव और जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे.

### मेघा कुमारी को एसीएस का सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार

**गया जी.** सीयूएसबी के रसायन विज्ञान विभाग की शोधार्थी मेघा कुमारी को अमेरिकन केमिकल सोसायटी (एसीएस) का सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुतीकरण पुरस्कार मिला है. यह सम्मान वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआइटी), वेल्लोर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पदार्थ, ऊर्जा एवं सततता सम्मेलन (आइसीएमईएस-2026) में प्रदान किया गया. मेघा कुमारी सहायक प्राध्यापक डॉ महेंद्र खत्रावत के निर्देशन में शोध कर रही हैं. इस उपलब्धि पर सीयूएसबी के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह, रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो अतुल प्रताप सिंह और शोध पर्यवेक्षक डॉ महेंद्र खत्रावत ने मेघा को बधाई दी.

### कस्तूरबा विद्यालयों में रिक्त पदों पर नियोजन 21 से

**गया जी.** जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में चतुर्थ वर्ग के रिक्त पदों पर नियोजन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हरिदास सेमिनरी प्लस टू स्कूल में आयोजित किया जायेगा. अलग-अलग पदों के लिए 21 से 25 सितंबर तक साक्षात्कार की तिथि निर्धारित की गयी है. सहायक रसोइया पद के लिए 21 सितंबर को 43 अभ्यर्थी साक्षात्कार में शामिल होंगे. मुख्य रसोइया पद के लिए 22 सितंबर को 25, अनुसेवक पद के लिए 23 सितंबर को 50 तथा चौकीदार/रात्रि प्रहरी पद के लिए 24 और 25 सितंबर को 105 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा.

### आइसा व इनौस ने मनाया राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस

**गया जी.** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) और इंकलाबी नौजवान सभा (इनौस) ने 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस मनाया. इस दौरान गया कॉलेज के खेल मैदान के मुख्य द्वार से जुलूस निकाला गया, जो गया कॉलेज गेट पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया. सभा को इनौस के राज्य उपाध्यक्ष तारिक अनवर और आइसा के राज्य अध्यक्ष धनंजय ने संबोधित किया.

### कबड्डी टीम के खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**गया जी.** अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में गया कॉलेज की टीम ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया. उपविजेता बनने के बाद प्राचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्रा ने कबड्डी टीम के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया. उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि गया कॉलेज खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है. टीम के कप्तान दीपक कुमार के साथ सागर कुमार, रूपेश, रोहित, सनी, पीयूष कुमार, विक्की, अंकित, प्रवीण व विक्रम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया.

### एयरपोर्ट पर हिंदी पखवारे में प्रतियोगिता आयोजित

**बोधगया.** राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार गया जी हवाई अड्डे पर 14 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवारा मनाया जा रहा है. इसके तहत विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. शुक्रवार को चित्र अभिव्यक्ति प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें हवाई अड्डा के 23 कार्मिकों ने भाग लिया. विमानपत्तन निदेशक अविनाश प्रसाद ने प्रश्नपत्र वितरित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. उन्होंने कार्मिकों से आग्रह किया कि हिंदी पखवारे तक सीमित न रहकर पूरे वर्ष दैनिक कार्यालयी कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें. प्रतियोगिता में पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक (राजभाषा) दिवाकर कुमार को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया था. कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन विमानपत्तन निदेशक के मार्गदर्शन में राजभाषा विभाग के प्रभारी अमरेश कुमार पांडेय ने किया.

### राजेश्वरी प्रेस में धूमधाम के साथ मना विश्वकर्मा पूजा



**गया जी.** जीबी रोड स्थित राजेश्वरी प्रेस, गायत्री कंस्ट्रक्शन, मक्खन टोली स्थित ज्वेलरी कारीगर केंद्रों में भगवान विश्वकर्मा पूजा श्रद्धा व भक्ति से किया गया. श्रद्धालु पूरे विधि विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना, आराधना व उपासना कर अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि के साथ-साथ कारोबार के विकास की कामना किया. पूजन समाप्ति के बाद श्रद्धालु के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. राजेश्वरी प्रेस व गायत्री कंस्ट्रक्शन में प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर सुनील कुमार सिन्हा व सुशील कुमार सिन्हा ने पूजा अर्चना की.

### अनिता भारत गैस एजेंसी में हुई विश्वकर्मा पूजा



**गुरुआ.** गुरुआ में संचालित अनिता भारत गैस एजेंसी परिसर में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना धूमधाम से की गयी. इस अवसर पर एजेंसी परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया. आसपास के लोगों ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया. इस दौरान अनिता भारत गैस एजेंसी की ओर से एक दर्जन से अधिक लोगों को अंग वस्त्र और मिठाई देकर सम्मानित किया गया. एजेंसी के संचालक संजीव कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ विश्वकर्मा पूजा मनायी गयी.

## भुरहा धाम में दीप जलाकर मनाया पीएम मोदी का जन्मदिवस

**गुरुआ.** भुरहा धाम परिसर में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. विधायक डॉ उपेंद्र प्रसाद, वरिष्ठ नेता विनय कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष रामजतन यादव, मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व सैनिक मंटू सिंह और युवा नेता चंद्रशेखर समेत अन्य लोगों ने दीप जलाकर व केक काटकर जन्मदिवस मनाया. दीपों से भुरहा धाम परिसर जगमगा उठा. मौके पर विधायक डॉ उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिवस सेवा, समर्पण और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है. उनके नेतृत्व में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है. वहीं, भवानी स्थान में अति पिछड़ा आयोग के सदस्य अमित कुमार दांगी, महामंत्री अनिल कुमार यादव, संजय साव समेत अन्य लोगों ने दीप जलाकर प्रधानमंत्री का जन्मदिवस मनाया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे.

## खेल प्रतिभाओं की पहचान के लिए प्रशिक्षित हुए जिलास्तरीय ट्रेनिंग

संवाददाता, गया जी

जिला शिक्षा कार्यालय और जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मशाल 2.0 के तहत 15 से 18 सितंबर तक चार दिवसीय जिला प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसका उद्देश्य विद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान, पंजीकरण, परीक्षण और चयन की प्रक्रिया को व्यवस्थित करना रहा. प्रशिक्षण में जिला स्तरीय प्रशिक्षकों को मशाल 2.0 पोर्टल और डैशबोर्ड, स्कूल लॉगिन, पासवर्ड रीसेट, विद्यार्थी पंजीकरण तथा बैटरी टेस्ट की प्रक्रिया की जानकारी दी गयी. बैटरी टेस्ट के विभिन्न चरणों का ऑडियो-वीडियो प्रदर्शन कराने के साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया. प्रशिक्षकों को टेस्ट का रॉ डाटा पीडीएफ में डाउनलोड करने, निर्धारित प्रारूप में डाटा भरने, पीडीएफ अपलोड करने और प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों की रैंकिंग करने का अभ्यास कराया गया. इसके अलावा इंट्रा-स्कूल टीम और फाइनल टीम के गठन तथा चयनित टीम को सीआरसी स्तर पर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया भी पोर्टल पर समझायी गयी. डेटा एंट्री से जुड़ी सामान्य तकनीकी समस्याओं और उनके समाधान की जानकारी भी दी गयी. जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि मशाल 2.0 विद्यालयों में छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान और उन्हें अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है. समापन अवसर पर प्रशिक्षकों से अपने-अपने प्रखंडों में संबंधित शिक्षकों को प्रशिक्षण देने और विद्यालय स्तर पर गतिविधियों के संचालन में सहयोग करने की अपेक्षा की गयी.

## आनंदा एफसी ने गेवाल बिगहा एफसी को हराया

**गया जी.** शुक्रवार को फुटबॉल मैच में आनंदा एफसी बाइपास और गेवाल बिगहा एफसी के बीच मुकाबला हुआ. रोमांचक मैच में आनंदा एफसी ने गेवाल बिगहा एफसी को 1-0 से पराजित किया. टीम की जीत में गौतम ने निर्णायक भूमिका निभाते हुए एकमात्र गोल किया. मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया. मध्यांतर के दौरान आनंदा एफसी के खिलाड़ी गौतम ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलायी. निर्धारित समय तक आनंदा एफसी की बढ़त कायम रही और टीम ने मुकाबला अपने नाम कर लिया. आरके सिन्हा ने बताया कि शनिवार को उपासना एफसी और जीएसी के बीच मुकाबला होगा. इससे पहले गुरुवार को दशरथ मांझी एफसी बाराचट्टी ने एससी टिकारी को 2-0 से हराया था. 20 सितंबर को गांधी मैदान स्टेडियम में दोपहर तीन बजे फुटबॉल लीग का उद्घाटन होगा.

## आठवीं के छात्र ओबैद रजा का टी20 टेस्ट के लिए चयन



ओबैद रजा.

**शेरघाटी.** शेरघाटी स्थित गुरुकुल के कक्षा आठवीं के छात्र ओबैद रजा का चयन दुबई में होने वाले टी20 टेस्ट (ट्रायल) के लिए हुआ है. मोहम्मद खुशनूद के बेटे ओबैद ने हाल ही में टी20 चयन प्रक्रिया के पहले राउंड को सफलतापूर्वक पार किया है, जिसके आधार पर उन्हें यह अंतरराष्ट्रीय मौका मिला है. ओबैद का हालिया क्रिकेट रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है. उन्होंने साउथ दिल्ली प्रीमियर लीग (2024-25) में बेस्ट बैट्समैन का खिताब अपने नाम किया था. इसके अलावा, शेरघाटी प्रीमियर लीग 2025 में भी उन्हें "बेस्ट परफॉर्मर" चुना गया. स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर इन्हीं शानदार प्रदर्शनों के आधार पर उनका चयन दुबई के लिए हुआ है.

**स्कूल प्रशासन ने दी बधाई :** छात्र की इस उपलब्धि पर गुरुकुल के निदेशक जितेंद्र सिंह और विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी है. विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ओबैद स्कूल के नियमित खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा हैं. निदेशक ने कहा कि ओबैद ने अपने अनुशासन और निरंतर अभ्यास से यह मुकाम हासिल किया है.

## सेवानिवृत्त शिक्षकों का जल्द होगा एरियर का भुगतान

**बोधगया.** मगध विश्वविद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को एमयू के कुलपति से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 2022 से 2025 तक के महंगाई भत्ता एरियर का भुगतान अब तक नहीं हुआ है, जबकि इसका अनुदान 20 दिन पहले ही विश्वविद्यालय को प्राप्त हो चुका है. भुगतान में विलंब से सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों में रोष है. ज्ञापन प्राप्त करने के बाद कुलपति ने वित्त अधिकारी को बुलाकर प्रतिनिधिमंडल के सामने इस मामले पर विमर्श किया. प्रतिनिधिमंडल में प्रो अरविंद कुमार सिन्हा, प्रो राजेश्वर सिंह, प्रो राधेमोहन प्रसाद प व अन्य थे.

गया जिले की खबरें पेज नौ पर भी




## वजीरगंज में बालिका शिक्षा को लेकर संकल्प, 60 शिक्षिका दीदी सम्मानित

**वजीरगंज.** वजीरगंज के दखिनगांव बाइपास स्थित सुखदेव पैलेस के सभागार में शुक्रवार को समग्र सेवा संस्था का 26वां स्थापना दिवस मनाया गया. इस अवसर पर बालिका शिक्षा संकल्प सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन उप प्रमुख पूनम कुमारी, बीडीओ प्रभाकर सिंह, मगध विश्वविद्यालय के प्रो प्यारे मांझी और जिला पार्षद छोटू दास ने संयुक्त रूप से किया. स्वागत भाषण महेश कुशवाहा ने दिया. उप प्रमुख पूनम कुमारी ने कहा कि वंचित समुदाय की बेटियों को शिक्षा से जोड़ने का संस्था का प्रयास सराहनीय है. इससे बाल श्रम और बाल विवाह पर रोक लगाने में मदद मिलेगी. प्रो प्यारे मांझी ने कहा कि बेटियों को शिक्षित करना समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. इस दौरान 60 शिक्षा दीदियों को सम्मानित किया गया.

# पिंडदानियों के लिए गांधी मैदान में बन रही टेंट सिटी, मिलेंगी हाइटेक सुविधाएं

मुख्य संवाददाता, गया जी

पितृपक्ष मेला 2026 में देश-विदेश से गया आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए गांधी मैदान में 2500 क्षमता वाली विशाल टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है. बिहार सरकार और पर्यटन विभाग की इस पहल के तहत यात्रियों को मुफ्त और सुरक्षित आवास मिलेगा. गुरुवार को डीएम शशांक शुभंकर और एसएसपी सुशील कुमार ने निर्माणाधीन टेंट सिटी का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसे तय समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार करने का सख्त निर्देश दिया. डीएम ने स्पष्ट किया है कि बारिश या जलजमाव की स्थिति से निबटने के लिए सभी टेंट कम से कम चार इंच ऊंचे वुडेन फ्रेम (लकड़ी के ढांचे) पर बनाये जाएं. इसके अलावा, अनुष्ठान के लिए जाने वाले यात्रियों के सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु परिसर में विशेष सेफ्टी काउंटर और लॉकर रूम बनाया जाएगा. यहां टोकन सिस्टम लागू होगा ताकि यात्री बेफिक्र होकर पिंडदान कर सकें. टेंट सिटी में यात्रियों के लिए 24 घंटे पावर बैकअप, आरओ पेयजल, वीआइपी लाउंज और नियमित सफाई की व्यवस्था की जा रही है. सुरक्षा के मद्देनजर पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जायेगा और आसमान से ड्रोन के जरिये भी निगरानी होगी. यात्रियों की तत्काल मदद के लिए टेंट सिटी में ''मे आई हेल्प यू'' काउंटर स्थापित किया जायेगा.

### पिंडदानियों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा देगा आइएमए

**गया जी.** पितृपक्ष महासंगम मेला में देश- विदेश से गया आने वाले पिंडदानियों और श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने नि :शुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है. डीएम शशांक शुभंकर के समक्ष हुई बैठक के बाद आइएमए गया शाखा के अध्यक्ष डॉ विश्व विजय सिंह और सचिव डॉ विमलेंदु विमल ने सहयोग का आश्वासन दिया. आइएमए के अनुसार, मेला अवधि में कोई पिंडदानी बीमार पड़ता है और चिकित्सा सहायता के लिए चिकित्सकों के निजी क्लिनिक पहुंचता है, तो उसे नि :शुल्क फर्स्ट एड और प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करायी जायेगी. मरीज की स्थिति के अनुसार चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक सहयोग भी दिया जायेगा. आइएमए पदाधिकारियों ने कहा कि पितृपक्ष मेला गया की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है.

न्यायालय,
श्रीमान् मुन्सिफ तृतीय
व्यवहार न्यायालय, गया।
हकियत वाद संख्या- 273/2026
श्री राम नन्दन प्रसाद........................ वादी
बनाम्
सुरेन्द्र कुमार वगैरह............... प्रतिवादीगण
नोटीस बनाम्
प्रतिवादी सं० 1 सुरेन्द्र कुमार, 2. अजय कुमार, दोनों पिता मुन्द्रिका यादव, निवासी मौजा-बाजीतपुर टोला दया बिगहा, थाना - बेलागंज, जिला गया।
चूँ बजरिए प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध उक्त वाद लाया है, जिसकी सूचना न्यायालय द्वारा पूर्व में नजारत एवं रजिस्ट्री से आपलोगों दी जा चुकी है, लेकिन आपलोग न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे है।इस वाद की अगली सुनवाई की तारिख **14.09.2026** ई० को समय 10:30 बजे सुबह निश्चित है, आपलोग उक्त तिथि को न्यायालय में खुद या अधिवक्ता के मार्फत उपरोक्त वाद में उचित पैरवी करें, अन्यथा आपलोग के विरूद्ध उपरोक्त हकियत वाद में एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी। इसे अति आवश्यक समझें।आज दिनांक 16-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर में एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।
मुन्सिफ तृतीय
व्यवहार न्यायालय, गया।

कोर्ट नोटिस
न्यायालय,
सबजज-सप्तम
नवादा
हकियत वाद सं०- 408/024
कृष्णवल्लभ प्रसाद वगैरह... .. वादीगण
बनाम
शकुन्तला देवी वगैरह.. .. प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम :-
1-ईश्वरी चन्द प्रसाद वल्द स्व० रामदेव प्रसाद ग्राम रेडीवाग, थाना मोहनपुर जिला गया
चूँ वजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित कियाजाता है कि इस वादमें सम्मन एवं नोटिस आपके विरुद्ध निर्गत किया जा चुका है लेकिन आप अभी तक इस वादमें उपस्थित नहीं हुए है।
इस प्रकाशन के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि दिनांक 06/11/26 को 10:30 बजे स्वयं वा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालयमें उपस्थित होकर वाद की उचित पैरवी करें, अन्यथा वाद की कार्यवाही आपके विरुद्ध एकपक्षीय की जायेगी। ताकिद जाने।
Sd/-
ब-हुकुम
सबजज-सप्तम,
व्यवहार न्यायालय, नवादा

सीयूएसबी व बिहार राज्य जैव विविधता बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में हुई कार्यशाला

# पहली बार मापी जायेगी शहरों की जैव विविधता

वरीय संवाददाता, गया जी



कार्यशाला में शामिल सीयूएसबी के कुलपति व अन्य.

सीयूएसबी और बीएसबीबी की संयुक्त पहल पर बिहार के छह प्रमुख शहरी क्षेत्रों का सिटी बायोडायवर्सिटी इंडेक्स तैयार किया जा रहा है. इसकी प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए सीयूएसबी परिसर में एक वृहद कार्यशाला-सह-समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. इसमें देश भर के विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं ने क्षेत्रीय सर्वे, पारिस्थितिकी तंत्र और संसाधनों के उपयोग से जुड़ी अपनी अंतरिम रिपोर्ट पेश की. इस बहु-संस्थागत अध्ययन में पटना, गया, भागलपुर, आरा-बक्सर, मुजफ्फरपुर और बिहारशरीफ-राजगीर-नालंदा-पावापुरी को शामिल किया गया है. कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे बीएसबीबी के अध्यक्ष भरत ज्योति ने स्पष्ट किया कि शहरी जैव विविधता और इंडेक्स की गणना के लिए बिहार में पहली बार इतने बड़े स्तर पर रिसर्च किया जा रहा है. सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने इस पहल को शहरी इकोसिस्टम के संरक्षण के लिए मील का पत्थर बताया.

**पक्षियों के घोंसले और चमगादड़ों पर रिसर्च :** समीक्षा बैठक का नेतृत्व कर रहे सीयूएसबी के प्रधान अन्वेषक प्रो राम प्रताप सिंह ने गया-बोधगया, मुजफ्फरपुर और आरा-बक्सर के आंकड़े पेश किये. उन्होंने बताया कि शहरों में पक्षियों के घोंसले बनाने की प्रक्रिया का अध्ययन उनके संपूर्ण जीवन-चक्र और प्रजनन को समझने में मदद करेगा. वहीं, आइआइएचएस बेंगलुरु के अधिष्ठाता प्रो जगदीश के. ने भागलपुर के इकोसिस्टम में चमगादड़ों की मौजूदगी और उनकी भूमिका पर जानकारी साझा की.

**देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों ने साझा किये आंकड़े :** इस कार्यशाला में आइआइटी (आइएसएम) धनबाद, सीएसआइआर-एनइइआरआइ, बीआइटी मेसरा, एनआइटी पटना और पटना विश्वविद्यालय सहित कई संस्थानों की टीमों ने एक-दूसरे के साथ आंकड़े साझा किये. बैठक के समापन पर विशेषज्ञों ने एक सुर में कहा कि शहरी जल निकायों को बचाने, महत्वपूर्ण घोंसले वाले वृक्षों का संरक्षण करने और आवासीय क्षेत्रों के बीच इकोलॉजिकल संपर्क को बहाल करने की जरूरत है.

https://rktv.live/p/epaper.html

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



# विकसित भारत के संकल्प में
# सहभागी युवा शक्ति

## सरकारी सेवाओं के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने की पहल

# रोजगार मेला

**देश भर के 45 स्थानों** पर सरकारी नौकरियों हेतु
**51,000+ चयनित अभ्यर्थियों** को नियुक्ति पत्रों का वितरण

# नरेन्द्र मोदी
## प्रधानमंत्री
के द्वारा

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से**

शनिवार, 19 सितंबर, 2026 | दोपहर 12:30 बजे

- भारत सरकार एवं सहयोगी राज्य सरकारों द्वारा मिशन मोड में लाखों पदों पर नियुक्तियाँ
- समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भर्ती परीक्षाओं की सुविधा
- पेपर लीक पर और अधिक कड़ा कानून — विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना, समयबद्ध जांच एवं सुनवाई
- यूपीएससी के 'प्रतिभा सेतु' पोर्टल से प्रतिभाशाली युवाओं को निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध
- यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड एवं आईबीपीएस जैसी प्रमुख भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित परीक्षाएँ
- पारदर्शी, समयबद्ध एवं मेरिट आधारित भर्ती प्रक्रिया से युवाओं के सपनों को नई उड़ान
- परीक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन एवं आधार बेस्ड सत्यापन व्यवस्था लागू
- i-GOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर नव-नियुक्त कार्मिकों के लिए 'कर्मयोगी प्रारंभ' ऑनलाइन मॉड्यूल के साथ 6,700 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध

CBC 15401/13/0004/2627

DD NEWS
कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
डीडी न्यूज़ पर देखें।

प्रशिक्षण संबंधी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी मॉड्यूल की वेबसाइट
https://portal.igotkarmayogi.gov.in पर जाएँ अथवा क्यूआर कोड स्कैन करें।

https://rktv.live/p/epaper.html



## राधाष्टमी आज

# श्रीराधा ने कृष्ण के सोच की धारा बदल दी

सलिल पांडेय, मिर्जापुर

**भक्ति परंपरा** में माना जाता है कि श्रीकृष्ण को पाना हो तो 'राधे-राधे' कहना ही पर्याप्त है, क्योंकि सद्प्रवृत्तियों में ही श्रीकृष्ण का वास है. भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को श्रीकृष्ण का अवतरण जीवन की विषमताओं और अंधकार में आत्मबल जगाने का संदेश देता है, जबकि शुक्ल अष्टमी को श्रीराधा का प्राकट्य सद्प्रवृत्तियों के बल पर उज्ज्वल पक्ष की ओर बढ़ने का सूचक है. भागवत या महाभारत में राधा का प्रत्यक्ष उल्लेख न होने का कारण यह है कि राधा-कृष्ण अभिन्न हैं- जैसे शिव का अर्धनारीश्वर रूप.

एक प्रसंगानुसार, जब गोकुल में प्रथम दर्शन के बाद कृष्ण ब्रह्ममुहूर्त में राधा के घर मुरली बजाने पहुंचे, तब राधा ने कहा- 'कृष्ण, ऐसे जीवन नहीं चलता. सुबह-सुबह ही नृत्य-गीत करना उचित नहीं.' कृष्ण ने पूछा-'तो क्या करना चाहिए?' राधा ने उत्तर दिया- 'ब्रह्ममुहूर्त में योग-साधना, पूजन आदि करिए. जनता की समस्याओं के लिए जनता दरबार लगाइए तथा गायों को लेकर खेत-खलिहान में जाइए एवं कृषि कार्य में लग जाइए. शाम को जब आप लौटेंगे तब पुनः यमुना-तट पर मैं आऊंगी और नृत्य-गीत होगा.' राधा के इस उत्तर से श्रीकृष्ण अत्यंत प्रभावित हो गये. बोल पड़े- 'राधा, तुमने तो मेरी सोच की धारा ही बदल दी.' जो विचार जीवन को ऐसी सार्थक दिशा दे, वही जीवन की 'राधा' है.

व्यक्तित्व की विराटता और जनकल्याण की यही सीख रामकथा में भी मिलती है. गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में *'जेई जानहिं तेहिं देई जनाई, जानत तुम्हहिं तुम्हहिं होई जाई'* चौपाई में इसी उन्नत चिंतन की ओर संकेत किया है. वाल्मीकि रामायण के अनुसार, भगवान श्रीराम जब वनवास के लिए निकल पड़े और उन्हें मनाने भरत जी आये तब श्रीराम ने भी कहा - 'भरत, तुम अयोध्या लौट जाओ. वहां पिता दशरथ की तरह पूर्वाह्न काल में जनता-दरबार अवश्य लगाना, ताकि जनता की समस्याओं को जान सको.' वृषभानु-नंदिनी श्रीराधा ने भी श्रीकृष्ण को गोपालन, कृषि उत्पादन और जनकष्ट निवारण से जोड़ा. इस प्रकार, मनुष्य का सार्थक कर्म यदि 'कृष्ण' है, तो उस कर्म से निकलने वाली आभा ही 'राधा' है.

## अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर

# 'हे अनंतरूप वाले प्रभु! हम सभी का आप उद्धार करें'

गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ उत्सव अनंत चतुर्दशी पर पूरा होता है. इसी दिन भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा और चौदह गांठ वाले अनंत सूत्र धारण करने की विशिष्ट परंपरा है. एक ओर गणपति की विदाई होती है, तो दूसरी ओर भगवान विष्णु से परिवार की रक्षा और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है.



रघोत्तम शुक्ल
पूर्व पीसीएस, लखनऊ

**भा**द्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी दस्तक दे रही है. क्षीर सागर में शेष शैया पर शयन करने वाले सृष्टि पालक भगवान विष्णु की आराधना, उपासना, व्रत का यह पर्व 25 सितंबर को है. 'अनंत' भगवान विष्णु तो हैं ही, पृथ्वी को अपने सहस्त्र फणों पर धारण करने वाले शेष नाग को भी अनंत कहा जाता है. विष्णु जी के स्वरूप भी अनंत हैं. कहा गया है- *'हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहु विधि सब संता।।'* शेषनाग भी भगवान के अवतारों में दैत्य दलन में उनका सहयोग करने हेतु आते रहे हैं. राम अवतार में वे लक्ष्मण बने और कृष्ण रूप के साथ हलधर बलराम. अतः वे भी अनंत हैं. ऐसे में यह अनंत चतुर्दशी विष्णु के 'भुजग शयनम्' स्वरूप की पूजा हेतु निर्धारित है.

**क्षीराम्बुधौ शेषविशेषतल्पे**
**शयानमन्तःस्मितशोभिवक्त्रम्।**
**उत्फुल्लनेत्राम्बुजमम्बुजाभमाद्यं**
**श्रुतीनामसकृत्स्मरामि।।** (शारदा तिलक)

इस दिन की पूजा, व्रत आदि दरिद्रता तथा कष्टों को दूर करने वाली तथा व्रती को धन-धान्य व संपन्न बनाने वाली होती है. व्रती चौदह गांठों वाला मोटा-सा पीले रंग में रंगा भुजबंध भी बांधता है, जिसे 'अनंता' कहते हैं. यह 14 गांठें चौदहों भुवनों की प्रतीक हैं, जिनके स्वामी भगवान विष्णु हैं. बताते चलें कि यह समग्र सृष्टि चौदह भुवन, तीन लोक, सप्त द्वीप, नौ खंड और 21 ब्रह्मांडों से युक्त है. सात भुवन ऊर्ध्व और सात नीचे हैं. वे क्रमशः इस प्रकार हैं - भू, भुव, स्व, मह, जन, तप, ब्रह्म/अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल और पाताल. मान्यता है कि अनंत सूत्र में भगवान विष्णु का आशीर्वाद होता है और इसे धारण करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है.

पौराणिक कथानुसार, पांडव जब वनवास के कष्ट झेल रहे थे, तो अत्यंत दुखी हुए. भविष्य पुराण, उत्तर पर्व, अध्याय-108 की कथा के अनुसार, तत्समय भगवान श्रीकृष्ण आये और उन्हें अनंत चतुर्दशी का व्रत रखने के लिये कहा. इस प्रसंग में उन्होंने उनको कौडिन्य ऋषि की कथा सुनायी. कौण्डिन्य ऋषि की पत्नी सुशीला ने इस तिथि को एक नदी के तट पर कुछ महिलाओं को पूजा-अर्चना करते देखा, तो कारण पूछा. स्त्रियों ने उन्हें अनंत भगवान की पूजा-अर्चना का महत्व बताया. सुशीला ने भी वैसा ही किया और अनंता बांधा. फलतः वे विपुल धन-संपदा युक्त हो गयीं. ऋषि का आश्रम चमक उठा. एक दिन जब ऋषि ने पत्नी के हाथ में अनंता बंधा देखा, तो कारण पूछा. पत्नी ने वृत्तांत बताया. ऋषि ने अहंकार वश भगवान की महिमा मानने से इंकार कर दिया और वह अनंता तोड़कर आग में फेंक दिया. कु-परिणाम सामने आये. शनैः शनैः ऋषि निर्धन और दरिद्र हो गये. तब उन्हें अपनी भूल का अहसास हुआ और कातर होकर भगवान अनंत को वन-वन खोजते फिरे. द्रवित हो भगवान अनंत ने उन्हें दर्शन दिये और सपत्नीक 14 वर्ष तक अनंत व्रत रखने का उपदेश दिया.

**भाद्रपदस्यान्ते चतुर्दश्यां द्विजोत्तम।**
**पौर्णमास्याःसमायोगे व्रतं चानंतकम् चरेत्।।**

ऋषि ने वैसा ही किया और पुनः अपना वैभव वापस पाया. कौण्डिन्य ऋषि का यह आश्रम लखनऊ में गोमती तट पर वर्तमान 'कुड़िया घाट' पर था, जो कौण्डिन्य घाट का ही अपभ्रंश है. सुशीला जी ने गोमती तट पर ही स्त्रियों को पूजन करते देखा होगा. निकट ही चौक के पास 'कोनेश्वर' महादेव मंदिर भी है, जो 'कौण्डिन्येश्वर का अपभ्रंश है और कौण्डिन्य ऋषि द्वारा स्थापित बताया जाता है. वैसे भी लखनऊ लक्ष्मण जी की नगरी है, जो शेषावतार थे.

श्रीकृष्ण द्वारा ऐसा बताये जाने पर युधिष्ठिर ने भी यह व्रत किया और कालांतर युद्ध जीतकर राज्याधिकारी बने. वन में युधिष्ठिर की यह दशा देखकर शेषावतार (अनंत) बलराम जी ने क्षोभ भी व्यक्त किया है (महाभारत-वन पर्व)- *'युधिष्ठिरो यत्र जटी महात्मा वनाश्रयः क्लिश्यति चीरवासाः।'*



### ॥ पूजन विधि ॥

**व्रती प्रातः** स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण कर ले. पवित्र चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर शेष शय्या पर लेटे भगवान विष्णु का चित्र या मूर्ति प्रतिष्ठित करे. पार्श्व में लक्ष्मी जी विराजमान हों. कलश स्थापित करे, जिसमें आम्र पल्लव, नारियल रखे. कलावा बांधे. पूजन सामग्री में अक्षत, पुष्प, रोली, चंदन, तुलसीदल आदि हों. भुजबंध या अनंता रखे. विधि-विधान से पूजा करके अनंत चतुर्दशी कथा पढ़े या योग्य पुरोहित से पढ़वाये और सुने. पूजन में द्वादशाक्षर मंत्र 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का उच्चारण करे. पश्चात् आरती हो और पुरुष गण अनंता दाहिनी भुजा में व स्त्रियां बायीं भुजा में बांधे. बांधते समय यह मंत्र पढ़ा जाये –

**अनंतसंसार महा समुद्रे मग्नं समुद्धर वासुदेव।**
**अनंतरूपे विनियोजयस्व ह्यनंत सूत्राय नमो नमस्ते।।**

(हे वासुदेव! इस अपार संसार रूपी महासागर में डूबे हुए हम सभी का आप उद्धार करें. हे अनंतरूप वाले प्रभु! आप मुझे अपने शाश्वत रूप से जोड़ें. हे अनंत सूत्र रूप (अनंत रक्षा सूत्र धारण करने वाले) भगवान, आपको मेरा बार-बार नमस्कार है.)

फिर सभी प्रसाद ग्रहण करें. व्रत कर्ता सायंकाल पूजन और भोग लगाने के बाद सात्विकी भोजन करे. इससे व्रती, पूजक, अनुष्ठान कर्ता के सभी पाप विगलित हो जाते हैं और कष्टों, दुखों, दारिद्र का नाश होकर वह सुखी, समृद्ध और वैभव संपन्न हो जाता है.

## प्रेरक प्रसंग

# पुण्य और कर्तव्य



**जेठ** की भीषण गर्मी में तीर्थयात्रा पर निकला एक पुण्य आत्मा परिवार सहित प्यास से व्याकुल हो उठा. कई कोस दूर जाने के बाद भी कहीं पानी नहीं दिखाई पड़ रहा था. बच्चे प्यास से व्याकुल होने लगे. तब उसने ईश्वर को पुकारा- 'हे प्रभु! अब तुम ही कुछ करो!' इतने में उसे कुछ दूर पर एक साधु तप करता हुआ नजर आया. साधु ने उसे एक कोस दूर उत्तर दिशा में बहती नदी का पता बताया. उसने साधु का धन्यवाद किया. पत्नी एवं बच्चों की स्थिति नाजुक होने के कारण वहीं रुकने के लिए बोला और खुद पानी लेने चला गया. जब वह नदी से पानी लेकर लौट रहा था, तो रास्ते में पांच व्यक्ति मिले, जो अत्यंत प्यासे थे. उसने अपना सारा पानी उन प्यासों को पिला दिया. दोबारा जल लाया, तो फिर कुछ अन्य प्यासे मिल गये और उसने पुनः जल सेवा कर दी. ऐसा बार-बार होता रहा और काफी समय बीत जाने के बाद जब वह नहीं आया, तो साधु उसकी तरफ चल पड़ा. उसके इस पुण्य कार्य को देख कर साधु बोला, 'हे पुण्य आत्मा! तुम बार-बार नदी से लाते हो और किसी प्यासे को पिला देते हो. इससे तुम्हें क्या लाभ हुआ भला? तुमने केवल खुद पुण्य कमाने के स्वार्थ में अपना मूल कर्तव्य भुला दिया. बिना जल के तुम्हारे बच्चे और परिवार ही जीवित ना बचें. तुम अपना धर्म ऐसे भी निभा सकते थे, जैसे मैंने निभाया.' पुण्य आत्मा ने पूछा, 'कैसे महाराज?' फिर साधु ने समझाया, साधु बोला, 'मैंने तुम्हें नदी से पानी लाकर देने के बजाय रास्ता ही बता दिया. तुम्हें भी उन सभी प्यासों को नदी का रास्ता बता देना चाहिए था, ताकि तुम्हारी भी प्यास मिट जाये और अन्य प्यासे लोगों की भी.'

इतना कहकर साधु अंतर्ध्यान हो गये. उस व्यक्ति को बोध हो गया कि केवल अंधभक्ति में पुण्य कमाने से बड़ा धर्म अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए दूसरों को सही राह दिखाना है.


बिहार सरकार

# निदेशक-सह-राज्य अग्निशमन पदाधिकारी का कार्यालय

(बिहार अग्निशमन सेवा अधिनियम, 2014 की धारा–25,26 एवं 27 के अधीन बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली, 2021 के नियम 18 (क) के अंतर्गत)

**पंडाल एवं अस्थायी ढ़ांचा बनाते समय अग्नि से सुरक्षा हेतु उपाय (भारतीय मानक ब्यूरो, आई.एस. 8758–1993) एवं अग्नि निरोधक (Fire Retardant) पंडाल बनाने की प्रक्रिया/सामग्री उपलब्धता**

1. किसी भी दशा में पंडाल 3 मीटर से कम उँचाई का न लगाया जाए।
2. पंडाल बनाने में सिन्थेटिक सामग्री से बने कपड़े या रस्सी का प्रयोग न किया जाए।
3. पंडाल के चारों तरफ 4–5 मीटर खुला स्थान होना चाहिए, जिससे लोग सुरक्षित बाहर निकल सकें।
4. पंडाल बिजली की लाईन के नीचे किसी भी दशा में न लगाया जाए।
5. कोई भी पंडाल रेलवे लाईन, बिजली के सब–स्टेशन, चिमनी या भट्‌टी से कम से कम 15 मीटर दूर लगाया जाए।
6. बाहर निकलने का गेट 5 मीटर से कम चौड़ा न हो और अगर रास्ता मेहराबदार (आर्च) बनाया जाए तो भूमि तल से मेहराब (आर्च) की उँचाई 5 मीटर से कम नहीं होना चाहिए।
7. बाहर निकलने के कम से कम दो रास्ते होना चाहिए। जहाँ तक संभव हो सके दोनों रास्ते एक दूसरे के विपरीत दिशा में हो।
8. बाहर निकलने के गेट समूचित संख्या उचित तरीका से बनाये जाये। ताकि किसी भी दशा में पंडाल के किसी भी स्थान से किसी व्यक्ति को बाहर निकलने हेतु 15 मीटर से अधिक दूरी न तय करनी पड़े।
9. कुर्सियाँ दोनों किनारे से 1.2 मीटर जगह छोड़कर लगाई जाए व बाहर कुर्सियों के बाद 1.5 मीटर की जगह छोड़ी जाये एवं इसके बाद पुनः बाहर कुर्सियाँ लगाई जा सकती है। कुर्सियों को 10 कतारों के बाद 1.5 मीटर की जगह (गैन्गवे) छोड़ी जाए।
10. कुर्सियों को कम से कम चार–चार के समूह में नीचे से बाँध कर जमीन में लोहे के छड़ गाड़कर स्थिर कर दिया जाए जिससे भगदड़ के समय कुर्सियाँ अव्यवस्थित होकर बाहर निकलने के मार्गों को अवरूद्ध न कर सके।
11. तारों के जोड़ किसी भी दशा में खुले नहीं होने चाहिए। जहाँ तक संभव हो पोर्सलीन कनेक्टरों का प्रयोग करना चाहिए।
12. ईमरजेंसी लाईन की व्यवस्था होनी चाहिए।
13. विद्युत का कोई भी सर्किट, बल्ब, ट्‌यूबलाईट आदि पंडाल के किसी भी भाग से कम से कम 15 सेंटीमीटर दूर होना चाहिए।
14. हाईलोजन लाईट का प्रयोग किसी भी दशा में पंडाल या अस्थायी निर्माण के अंदर में नहीं किया जाना चाहिए।
15. पंडाल के अंदर किसी भी दशा में भट्‌टी का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। अगर करना ही पड़े तो टीन शेड लगाकर किया जाए जो पंडाल से अलग हो। यदि हवन कुण्ड का प्रयोग अति आवश्यक हो तो उस स्थल एवं आस–पास अग्नि सुरक्षा से संबंधित निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चत करेंगे।
16. पंडाल अग्नि सुरक्षा हेतु 0.75 लीटर पानी प्रति वर्ग मीटर स्थान हेतु ड्रम या बाल्टियों में सुरक्षित रखा जाए व इसका प्रयोग अग्निशमन के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य में कदापि न किया जाए। कुल पानी की आधी मात्रा पंडाल के अंदर व आधी पंडाल के बाहर रखी जाए।
17. प्रत्येक 50 वर्ग मीटर जगह हेतु कम से कम दो बाल्टी पानी व प्रत्येक 100 वर्ग मीटर स्थान हेतु फायर एक्सटिंग्यूसर (9 लीटर क्षमता का वाटर टाईप) अग्नि सुरक्षा हेतु उपलब्ध रखा जाए।
18. स्विच गेयर, मेन मीटर और स्टेज के पास विद्युत की आग से सुरक्षा हेतु एक कार्बन डाई ऑक्साईड गैस एक्सटिंग्यूसर या ड्राई केमिकल पाउडर एक्सटिंग्यूसर उचित मानक क्षमता के लगायें जायें।
19. अतिशबाजी का प्रयोग पंडाल के निकट अथवा अंदर न करें।
20. पंडाल के अंदर तथा निकट धुम्रपान न करें।
21. पंडाल में प्रयोग आने वाले कपड़ों को अग्नि निरोधक घोल से उपचारित करें।
22. बहुत बड़े पंडाल व अस्थायी निर्माण के पूर्व अग्निशमन विभाग को सूचित कर उनसे सुझाव प्राप्त करें।

**अग्नि निरोधक घोल (Fire Retardant Solution) हेतु सामग्री, बनाने का तरीका एवं उपलब्धता**

**(क) अग्नि निरोधक घोल हेतु सामग्री की भाग का अनुपात–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अमोनियम सल्फेट | – | 4 भाग (मात्रा से) |
| 2. | अमोनियम कार्बोनेट | – | 2 भाग (मात्रा से) |
| 3. | बोरैक्स | – | 1 भाग (मात्रा से) |
| 4. | बोरिक एसिड | – | 1 भाग (मात्रा से) |
| 5. | एलम | – | 2 भाग (मात्रा से) |
| 6. | पानी | – | 35 भाग (मात्रा से) |

**(ख) अग्नि निरोधक पंडाल बनाने का तरीका:–**

उपरोक्त निर्धारित अनुपात में सभी सामग्रियों को मिलाकर घोल बनाना है, घोल बनाने के बाद पंडाल के कपड़ो को उक्त घोल में भींगने हेतु छोड़ देना चाहिए। कपड़ा को पूर्ण रूप से भींगने के बाद उसे सुखाकर पंडाल बनाना है। ऐसे पंडाल में आग मुस्किल से लगता है। अगर आग लग भी जाता है तो कपड़ा काफी धीरे–धीरे बिना फ्लेम का जलता है। कपड़ा सिकुड़ जाता है।

**(ग) अग्नि निरोधक सामग्री की उपलब्धता–**

**उपरोक्त सभी सामान केमिकल के दुकान में 500 ग्राम के पैकेट में प्राप्त किया जा सकता है।**

आवेदन प्रपत्र एवं विस्तृत विवरणी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

निदेशक –सह–राज्य अग्निशमन पदाधिकारी
बिहार, पटना

PR. No. 011803 (State Fire) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।



बिहार सरकार

# पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

## नि:शुल्क

**प्रतिमाह ₹2000/- अनुदान**

**प्रतिमाह 15 कि०ग्रा० खाद्यान्न**

राज्य सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा छात्रावास योजना के तहत बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्र/छात्राओं के लिए 100 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास संचालित है, जहां नामांकन की नि:शुल्क व्यवस्था है।

### छात्रावासों में दी जाने वाली सुविधाएँ -

- नि:शुल्क आवासन
- डिजिटल अध्ययन केन्द्र (ऑनलाईन स्मार्ट क्लास)
- पुस्तकालय सुविधा (अखबार, मैगजीन सहित)
- अभ्यास करने हेतु कम्प्यूटर आधारित शिक्षण / टेस्ट, वाई-फाई सुविधा युक्त इंटरनेट
- खेल-कूद सामग्री
- मेस / रसोईया
- 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति
- समय-समय पर विशेषज्ञों के माध्यम से प्रेरणा एवं मार्ग-दर्शन सत्र का आयोजन

विस्तृत जानकारी हेतु QR CODE स्कैन करें।



PR No.- 011983 (BC & EBC)D 2026-27

- पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के वैसे छात्र/छात्राएं जो संबंधित जिले के सरकारी / मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत् हैं निर्धारित क्षमता के विरुद्ध इन छात्रावासों में अपना नामांकन करा सकते हैं।
- नये सत्र 2026-27 के लिए नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं विभागीय वेबसाइट https://bcebconline.bihar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- विशेष जानकारी हेतु संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय से सम्पर्क अथवा विभागीय वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।



https://rktv.live/p/epaper.html




# आँखों की थकान का आसान समाधान

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS | 24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com Available at all leading medical stores | Clinically Tested*




## सिटी बाइट्स

### मंत्री संतोष सुमन ने जलाया आशीर्वाद का दीया



**गया जी.** गया जी स्थित गोदावरी आवास पर बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आशीर्वाद का दीया जलाया. इस दौरान प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गयी. मंत्री ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि प्रधानमंत्री सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें और इसी ऊर्जा के साथ देश की सेवा करते रहें. अतरी विधायक रोमित कुमार एवं इमामगंज विधायक दीपा मांझी ने भी प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए दीप प्रज्वलित किया. कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष छोटू खान, सांसद प्रतिनिधि नंदलाल मांझी, राष्ट्रीय प्रवक्ता शंकर मांझी, जिला महासचिव सोनम सिंह, जिला प्रवक्ता दिवाकर सिंह, पंकज सिंह, सुषमा दांगी, दीना मांझी, मनोज मांझी व विजय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे.

### बोधगया में सड़क किनारे से हटाया गया अतिक्रमण

**बोधगया.** पितृपक्ष को देखते हुए बोधगया में सड़क किनारे रहे अतिक्रमण को हटाया गया. शुक्रवार को बोधगया सीओ के नेतृत्व में बोधगया नगर पर्षद के माध्यम से अतिक्रमण हटाने का काम किया गया. इसके तहत देमुहान से महाबोधि मंदिर रोड में निगमा मोनास्टरी व माया सरोवर के आसपास सड़क किनारे फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों को हटाया गया. पितृपक्ष मेले के दौरान यात्रियों को सड़क पर पैदल चलने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसे लेकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है. यह अभियान बोधगया रिवर साइड रोड में भी चलेगा और बोधगया थाना व पच्छट्टी -बकरौर मोड़ के पास अतिक्रमण हटाया जायेगा.

### सम्राट जरासंध की प्रतिमा पुनर्स्थापित कराने की मांग

**बोधगया.** बोधगया के धनांवा में सम्राट जरासंध की प्रतिमा पुनर्स्थापित कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को पहल की गयी. राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधिमंडल ने गया डीएम द्वारा प्रेषित पत्र के आलोक में धनांवा में तोड़ी गयी सम्राट जरासंध की प्रतिमा के स्थान पर नयी प्रतिमा का निर्माण कराकर उसे पुनर्स्थापित कराने का आग्रह किया.प्रतिनिधिमंडल में सुरेश सिंह, डॉ. पिंटू, सुभाष प्रसाद चंद्रवंशी, जीत कुमार चंद्रवंशी और जेपी चंद्रवंशी शामिल थे.

### बालू उठाव की शिकायत पर एसडीओ ने मांगा प्रतिवेदन

**खिजरसराय.** खिजरसराय थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों से अवैध बालू उठाव एवं परिवहन की शिकायतों को लेकर नीमचक बथानी के अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद ने थानाध्यक्ष से प्रतिवेदन मांगा है. एसडीओ ने बालू उठाव और परिवहन से संबंधित कई बिंदुओं पर जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. एसडीओ ने पूछा है कि पुलिस की लगातार गश्ती के बावजूद विभिन्न घाटों से बालू का उठाव और परिवहन किस प्रकार किया जा रहा है. उन्होंने वर्तमान स्थिति, बालू उठाव एवं परिवहन की वैधता तथा घाटों पर रात्रि गश्ती की स्थिति की जानकारी मांगी है.

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

**बोधगया.** नगर पर्षद बोधगया में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ कार्यालय प्रांगण की सफाई कर के किया गया. उक्त कार्यक्रम में नप की अध्यक्ष ललिता देवी, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य गौतम कुमार गुप्ता, विजय कुमार व प्रतिनिधि कमलेश कुमार, वार्ड पार्षद, पदाधिकारी एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे.

### पेंशन चालू करने का दिया निर्देश

**गया जी.** 59 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का रुका हुआ पेंशन पुनः त्रुटि सुधार करते हुए चालू करने के लिए डीएम शशांक शुभंकर ने आदेश जारी किया है. यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक ने दी है. डीएम ने कार्रवाई करते हुए सहायक निदेशक को सभी पेंशनधारियों का पेंशन चालू कराने के लिए निदेश दिया.

### सात बाइकों से 1405 लीटर देसी शराब जब्त

**बाराचट्टी.** सिंधुगढ़ पुलिस ने बंदा-सांवरचक सड़क से सात बाइक पर लदी 1405 लीटर देसी शराब बरामद की. मामले में गुरपा थाना क्षेत्र के रेंगनी निवासी कृष्ण कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है. थानाध्यक्ष निलेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम रात में गश्त कर रही थी. इसी दौरान सात बाइक पर भारी मात्रा में शराब ले जाते तस्करों को देखा गया. पुलिस को देखते ही तस्कर बाइक छोड़कर भागने लगे. इनमें से कृष्ण कुमार यादव को पुलिस ने पकड़ लिया. सभी सात बाइकें भी जब्त कर ली गयीं. थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार कृष्ण कुमार यादव से पूछताछ में शराब तस्करी से जानकारियां मिली हैं. बरामद शराब को सिंधुगढ़ और मोहनपुर थाना क्षेत्रों में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था.

### डुमरिया में भगवान विश्वकर्मा की पूजा हुई

**डुमरिया.** सृजन व निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना श्रद्धापूर्वक की गयी. विश्वकर्मा पूजा को लेकर क्षेत्र के मोटर पार्ट्स दुकानों, आरा मिल, बाइक एजेंसियों, कंप्यूटर संस्थानों, मिलों समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों में विशेष तैयारी की गयी थी. कई स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गयी.

# लंबित कार्यों पर अल्टीमेटम, बैठक से गायब तीन अफसरों से शोकॉज

- डुमरिया के पनकारा स्थित पंचायत सरकार भवन में एसडीओ ने की समीक्षा बैठक

प्रतिनिधि, डुमरिया

एसडीओ जतिन कुमार ने गुरुवार को डुमरिया प्रखंड के पनकारा स्थित पंचायत सरकार भवन में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए सभी अधिकारियों को एक महीने के भीतर लंबित मामलों के निष्पादन का अल्टीमेटम दिया है. बैठक से नदारद रहे तीन अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है. समीक्षा बैठक में बीडीओ, गोदाम प्रबंधक व सीडीपीओ अनुपस्थित रहे. एसडीओ ने इसे प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए तीनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की है. प्रशासन ने साफ कर दिया है कि सरकारी कार्यों और बैठकों में कोताही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी.

**म्यूटेशन और मनरेगा पर फोकस** : एसडीओ ने सीओ को दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) और जमाबंदी से जुड़े लंबित मामलों को जल्द निबटाने का सख्त निर्देश दिया. इसके अलावा, मनरेगा के तहत चल रहे मिट्टी कार्यों का मस्टर रोल (एमआर) से भौतिक मिलान करने को कहा गया है, ताकि धरातल के काम और सरकारी अभिलेख (रिकॉर्ड) में किसी प्रकार की विसंगति या गड़बड़ी न रहे. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ संत रविदास विकास शिविर और सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों की भी गहन समीक्षा की गयी. इस मौके पर डुमरिया बीडीओ पंकज कुमार, सीओ संजय कुमार और मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी निर्भय कुमार आदि अधिकारी मौजूद थे.



बैठक में अधिकारी को निर्देश देते एसडीओ.

## खिजरसराय में नशाखोरी की रोकथाम को लेकर बैठक

**खिजरसराय.** प्रखंड कार्यालय खिजरसराय में शुक्रवार को नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड के तहत प्रखंड स्तरीय कमेटी की बैठक हुई. अध्यक्षता बीडीओ पूजा गहलोत ने की. बैठक में नशामुक्त भारत अभियान को प्रभावी बनाने और प्रखंड क्षेत्र में नशाखोरी की रोकथाम को लेकर चर्चा की गयी. बीडीओ ने पदाधिकारियों व कर्मियों से नशाखोरी रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करने की अपील की. उन्होंने कहा कि नशाखोरी को बढ़ावा देने वाले अवांछित तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाये. स्कूल-कॉलेजों में नशे से संबंधित गतिविधियों का अध्ययन करने के साथ नशाखोरी के हॉटस्पॉट चिह्नित कर वहां जागरूकता और रोकथाम के उपाय करने पर जोर दिया गया. उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी जरूरी है.

### युवक को कट्टा दिखाकर दी जान मारने की धमकी

**परैया.** थाना क्षेत्र के पार परैया गांव में गुरुवार रात एक युवक को देसी कट्टा दिखाकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है. पीड़ित गौरव कुमार के आवेदन पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है. गौरव कुमार ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार रात गांव स्थित मंदिर में था. इसी दौरान बाइक सवार कुछ युवक वहां पहुंचे और उसे बुलाकर गाली-गलौज करने लगे. आरोप है कि इसी बीच एक युवक ने देसी कट्टा निकालकर उसे धमकाया और शोर मचाने लगा. शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो सभी आरोपी बाइक और कट्टा छोड़कर फरार हो गये. ग्रामीणों ने बरामद बाइक और देसी कट्टा पुलिस के सुपुर्द कर दिया.


**Bihar State Milk Co-Operative Federation Ltd.**
COMFED
DAIRY DEVELOPMENT COMPLEX, P.O. - BIHAR VETERINARY COLLEGE, PATNA-800014 (BIHAR)
E-Mail: engineeringcomfedpatna@gmail.com, Website: www.sudha.coop

**Notice Inviting Tender**
**(Though e-tendering mode only on website- www.eproc2.bihar.gov.in)**

**NIT No.: Comfed:Engg:5057** — **Date : 15.09.2026**

**1.0 Name & address of advertiser:** Managing Director, Bihar State Milk Cooperative Federation Ltd. (COMFED), Dairy Development Complex, P.O.-B.V. College, Patna-800014. **2.0 Bid submission start date:** 21.09.2026 (Monday) on **www.eproc2.bihar.gov.in** **3.0 Date & time of pre bid meeting:** 28.09.2026 (Monday) at 11.00 noon at COMFED, Dairy Development Complex, P.O.- B.V. College, Patna-800014. **4.0 Bid submission End date and time by the bidders:** 12.10.2026 (Monday) up to 17.00 Hours on **www.eproc2.bihar.gov.in** **5.0 Last date, time & place for submission of original instrument of EMD etc. as allowed in tender:** 14.10.2026 (Wednesday) up to 15.00 Hours at COMFED HQ, Dairy Development Complex, P.O.-B.V. College, Patna-800014. **6.0 Date time & place of opening of Techno commercial bid:** 14.10.2026 (Wednesday) up to 15.30 Hours on **www.eproc2.bihar.gov.in** **7.0 Date & time of opening of price bid:** Date & time will be communicated later subsequent to approval of techno commercial bid. Place-**www.eproc2.bihar.gov.in** **8.0 Validity:** 180 Days (One hundred eighty days) **9.0 Details of work :**

| Sl. No. | Name of the work/item | Estimated amount | Cost of tender document to be paid through online. | Earnest money to be deposited. | Bid processing fees to be paid through on line (Non refundable) | Completion period. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Supply, installation, integration, testing & commissioning of Various Equipment at Ranchi Dairy as per technical specification of tender document. | Rs. 4,04,25,061.00 | Rs. 10,000.00 | Rs. 8,08,501.00 | As per Eproc2 | Six (06) Months |

10.0 For participation in the above e- tender process the bidders are required to get themselves registered as per details given at www.eproc2.bihar.gov.in so that the user ID, Password and digital signatures are issued to them. 11.0 Tender Document can be seen and purchased on web site www.eproc2.bihar.gov.in. Any modification/amendment in tender will be notified on e-portal. The Managing Director, COMFED reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason. AGM (Engg.)



सं. 24/7/2020 - प्रशा.I-भाग (2)
भारत सरकार
**नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) में अनुबंध के आधार पर यंग प्रोफेशनल्स [तकनीकी] के छह (06) पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. विस्तृत विवरण मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात www.mnre.gov.in पर उपलब्ध है. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन, सायं 05:00 बजे तक होगी.

ह./- (रजत यादव)
भारत सरकार के अवर सचिव
अटल अक्षय ऊर्जा भवन (AAUB)
लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003

CBC 28101/11/0013/2627



**राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान**
**NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING**
(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)
क्षेत्रीय केन्द्र, पटना, द्वितिय तल बिस्कोमान टॉवर, गांधी मैदान, पटना-1, दूरभाष-0612-2545051, 2547470

**राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पटना उपयोग एवं अनुपयोग की गई उत्तरपुस्तिकाओं एवं पुराने दस्तावेजों के उठाव के लिए मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित करती है । कृपया क्षेत्रीय केन्द्र के वेबसाइट www.rcpatna.nios.ac.in पर जाकर निविदा की शर्तें और फार्म डाउनलोड करें और निविदा दिनांक 09.10.2026 को समय 12:30 बजे उपराह्न तक निविदा बाक्स में डालें ।**

**क्षेत्रीय निदेशक**



**डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मुख्य महाप्रबंधक/डीडीयू, डीएफसीसीआईएल की ओर से निर्धारित प्रपत्रों पर एकल पैकेट प्रणाली के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **1. एनआईटी संख्याः** DFC-DDU-EL-DDU-FIRE-T020. **2. कार्य का नामः** मुख्य महाप्रबंधक/डीडीयू के अधीन डीडीयू यूनिट के डीजीओएन से केडब्लूडीएन सेक्शन के लिए सिस्टम-I एसपी/एसएसपी/टीएसएस कंट्रोल रुम भवन में स्वचालित अग्नि अलार्म एवं पहचान प्रणाली (एफएडीएस) की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं कमीशनिंग तथा SCADA प्रणाली के माध्यम से ओसीसी प्रयागराज स्थित टीपीसी बोर्ड डीडीयू को संचार सुविधा प्रदान करना। **3. अनुमानित लागतः** रु. 27,85,850.36 (रुपये सत्ताईस लाख पचासी हजार आठ सौ पचास एवं छत्तीस पैसे मात्र), जीएसटी सहित। **4. निविदा लागतः** रु. 3,540/- जीएसटी सहित (रुपये तीन हजार पांच सौ चालीस मात्र) एवं **बयाना राशिः** रु. 55,800/- (रुपये पचपन हजार आठ सौ मात्र) दोनों का भुगतान **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन किया जाना है। **5. प्रस्ताव की वैधताः** 120 दिन। **6. कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह। **7. कार्यालय प्रभारी एवं हेल्प डेस्कः** श्री रणधीर सिंह, पीएम/ईएल/डीडीयू (+91 7897587779) 011-23761525। **8. निविदा दस्तावेज प्रारंभ एवं जमा करने की तिथि एवं समयः** बोली प्रक्रिया **www.ireps.gov.in** के माध्यम से 29.09.2026 से 13.10.2026 को 15:00 बजे तक होगी। **9. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 13.10.2026 को 15:30 बजे। **नोटः** किसी भी प्रकार का शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल डीएफसीसीआईएल की वेबसाइट एवं **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा।

परियोजना प्रबंधक/विद्युत
मुख्य महाप्रबंधक, डीएफसीसीआईएल/डीडीयू के लिए



**सूचना / सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि **श्री राजेश मीणा, पूर्व सहायक, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार** के वर्तमान आधिकारिक स्थान/पदस्थापन/पते-ठिकाने की जानकारी आधिकारिक प्रयोजनों हेतु आवश्यक है। अगस्त 2005 का वेतन भुगतान करने के उपरांत इस मंत्रालय से उनका स्थानांतरण कर दिया गया था, जिसके पश्चात् उनका वर्तमान आधिकारिक स्थान/पदस्थापन/पते-ठिकाने का विवरण अप्राप्त है।

यदि किसी के पास इस संबंध में कोई जानकारी हो, तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के भीतर आहरण एवं संवितरण अधिकारी, वस्त्र मंत्रालय, कमरा नं. 5423, 5वीं मंजिल, जीपीओए-3, नेताजी नगर, नई दिल्ली (दूरभाषः 011-20903166, ईमेलः cash-textiles@gov.in) पर संपर्क करने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

आदेशानुसार
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**वस्त्र मंत्रालय**

CBC 41101/11/0009/2627



**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति**

माह सितम्बर, 2026 में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक परीक्षा एवं कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अर्द्धवार्षिक परीक्षा के कार्यक्रमानुसार दिनांक 26.09.2026 को आयोजित होने वाली विषय की परीक्षा दिनांक 28.09.2026 को आयोजित कराने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान, अध्ययनरत विद्यार्थी, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा० शि०) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि माह सितम्बर, 2026 में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक परीक्षा एवं कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अन्तर्गत दिनांक 26.09.2026 को आयोजित होने वाली विषय की परीक्षा अपरिहार्य कारणों से अब **दिनांक 28.09.2026 को आयोजित की जाएगी**। तदनुसार केवल दिनांक 26.09.2026 के विषय की परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम निम्नवत् है:-

| class | Date of Examination | Faculty | 1st Sitting (09:30 AM to 12:45 PM) ("Cool off Time 09:30 AM to 09:45 AM) | Faculty | 2nd Sitting (02:00 PM to 05:15 PM) ("Cool off Time 02:00 PM to 02:15 AM) |
|---|---|---|---|---|---|
| 11th (Quarterly Exam.) | 28.09.2026 (Monday) | I.A. | 319-Home Science | xxx | xxx |
| 12th (Half Yearly Exam.) | 28.09.2026 (Monday) | I.A. | 319-Home Science | xxx | xxx |

2. तदनुसार राज्य के +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने शिक्षण संस्थान से त्रैमासिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की त्रैमासिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम तैयार कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. माह सितम्बर, 2026 में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक परीक्षा एवं कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अर्द्धवार्षिक परीक्षा के लिए निर्देश है कि **दिनांक 26.09.2026** को आयोजित होने वाले त्रैमासिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षा उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार आयोजित होगी, जिसमें निश्चित रूप से सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे।
4. शेष विषय/विषयों के लिए घोषित परीक्षा कार्यक्रम एवं निदेश यथावत् रहेंगे।

विज्ञप्ति संख्या- पी.आर. 213/2026 — परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)



ARMY DENTAL CORPS

**JOIN ARMY DENTAL CORPS**
**AS SHORT SERVICE COMMISSIONED OFFICER**
**FOR A PROMISING & CHALLENGING CAREER: 2026**

सेना डेंटल कोर में शॉर्ट सर्विस कमीशन के अनुदान के लिए भारतीय नागरिकों, पुरुष और महिला दोनों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**योग्यता:** उम्मीदवारों को डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय से बीडीएस/एमडीएस डिग्री धारक होना चाहिए।

**आयु सीमा:** उम्मीदवार की आयु **31 दिसम्बर 2026** को **45 वर्ष** से अधिक नहीं होनी चाहिए।

Online applications are invited from Indian citizens, both male and female, for grant of Short Service Commission in the Army Dental Corps.

**QUALIFICATION:**

Candidates must be BDS/MDS Degree holder from a College/University recognized by Dental Council of India (DCI).

**AGE LIMIT:** The candidate must not have attained **45 yrs** of age as on **31 Dec 2026**.

अधिक जानकारी के लिए **19 Sep 2026** का **Employment News/Rozgar Samachar** देखें।

पात्रता का विवरण, शर्तें, अनुदेश और ऑनलाइन आवेदन **22 Sep 2026** के पश्चात **www.join.afms.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

**For more information, see Employment News/Rozgar Samachar issue of 19 Sep 2026.**

**Details of Eligibility, Terms & Conditions, Instructions and Online Applications will be available on the website www.join.afms.gov.in from 22 Sep 2026 onwards.**

CBC 10601/11/0028/2627



**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

**ई-निविदा सूचना संख्या : ECR-NCA-OT-03-26-27 दिनांक- 12.09.2026**
**शुद्धिपत्र संख्या : ECR-NCA-OT-03-26-27 दिनांक- 17.09.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरीय मंडल विद्युत अभियंता/मेमू, झाझा, पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर, मेमू कार शेड, झाझा, के द्वारा दिनांक-17.09.2026 शुद्धिपत्र जारी किया गया निम्नलिखित ई-निविदा सूचना संख्या **ECR-NCA-OT-03-26-27 दिनांक- 12.09.2026**

**01. कार्य का नाम एवं कार्यस्थल :** झाझा स्थित मेमू कार शेड में दो साल की अवधि के लिए गैर-मुख्य गतिविधियों की आउटसोर्सिंग।

**S.N. : 1. Weightage :** 20%, **Technical criteria:** Previous work done: The bidder shall submit documents related to Completed/ on-going similar service contracts during the last three previous financial years and the current financial year along with the details payments received and percentage penalties imposed therein to classify the completed/on-going similar service contracts in the following categories. Payment received more than or equal to 80% or 50% or 40% or the current advertised value and percentage penalties I m p o s e d therein., **Documentation:** Certificate from client firm authorizing payment received along with percentage penalties imposed, contract-wise for completed/ on-going similar service contracts with satisfactory performance., **Scoring:** Scoring method: For each completed/ on-going similar service contracts with satisfactory performance shall be as under: (a) 100 marks if the bidder has completed or received payment as under: 1 project>80% 2 projects>50% or 3 Or more projects >40% of the advertised value of the bid. (b) 50 marks if the bidder has completed or received payment as under: 1 project> 50% or 2 Projects> 40% of the advertised value of the bid. (c) 20 marks if the bidder has completed or received payment as under: 1 project> 40% value completed (d) No marks if all projects< 40% value completed. **Deduction** for percentage penalty imposed in the respective completed/ on-going similar service contracts; the score of each completed/ on-going similar service contacts with satisfactory performance shall be reduced by a percentage equal to the percentage penalty imposed in respective contract. No reduction for percentage penalty less than 5%. Contract where percentage penalty is more than 20% of contract value shall not be considered for calculation of scores for this purpose. **S.N. : 2. Weightage :** 35%, **Technical criteria:** Turnover (in last three and current financial year) (Less than 1.5 times the value of work is not eligible)., **Documentation:** As per audited balance sheet certified by the CA., **Scoring:** (a) 100 marks- more than 25 times advertised value of work. (b)70 marks- 10-25 times advertised value of work. (c) 50 marks- 5-10 times advertised value of work. (d)30 marks- 1.5-5 times advertised value of work. **S.N. : 3. Weightage :** 20%, **Technical criteria:** Number of years in operations (Firms having less than 1-year of experience are not eligible)., **Documentation:** Company establishment certificate and company's work order copy/agreement copy/completion certificate etc. as proof of operation. Years shall be counted from the date of agreement of the work., **Scoring:** (a) 100 marks- more than 8 years (b) 80 marks- 5- 8 years (c) 60 marks- 2-5 years (d) 40 marks- 1-2 years. **4. Weightage :** 25%, **Technical criteria:** Size of Workforce The Bidder must have a minimum number of personnel (as defined by Railway administration) on the organization's pay roll., **Documentation:** EPFO challan/bank account statement in support available manpower of (duly submitted to EPFO) in respect of the previous four quarters preceding the date of opening of Bid should be submitted in support of their qualification., **Scoring:** a) 100 Marks if the Bidder's workforce on roll is greater than 3 times of the total workforce required in this Bid. b) 70 Marks if workforce on roll is equal to or up to 3 times the total workforce required in this Bid. c) No marks if workforce on roll deployed is less than the total workforce required in this Bid. **Example: A bidder secured marks against Srl. No. 1 = W, Srl. No.2 = X, Srl. No.3 = Y, Srl. No.4 = Z then, Total Marks scored (T) with minimum 1 year experience = 0.2 W + 0.35 X + 0.2 Y + 0.25 Z; T ≥ 20 to qualify. Note: Firms having less than 1-year experience are not eligible.**

वरीय मंडल विद्युत अभियंता/मेमू, झाझा
मेमू कार शेड झाझा
पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर

पीआर/0943/एमसीएस/जेएजे/ईएलईसीटी/सी/26-27/120


https://rktv.live/p/epaper.html

**आंकड़ों में राज्य** वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य का पूंजीगत खर्च 63455.84 करोड़ रुपये रहने की संभावना है.

prabhatkhabar.com

## सीएम राहत कोष में भाजपा ने दिये 51 लाख

- भाजपा के सभी सांसद, विधायक और विधान पार्षद अपने एक महीने सीएम राहत कोष में देंगे

**संवाददाता, पटना**

**बिहार** में बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए भाजपा ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 51 लाख रुपये का अंशदान किया है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर 51 लाख रुपये का चेक सौंपा. उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा होना सामूहिक जिम्मेदारी है. संजय सरावगी ने घोषणा की कि बिहार में भाजपा के सभी सांसद, विधायक और विधान पार्षद अपने एक महीने के वेतन की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में देंगे. पार्टी के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता राहत एवं बचाव प्रयासों में हरसंभव सहयोग करेंगे.

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सरावगी ने सौंपा चेक



**मुख्यमंत्री राहत कोष में पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज ने दिये 71 लाख रुपये :** मुख्यमंत्री राहत कोष में पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की ओर से 71 लाख रुपये की सहायता राशि दी गयी. लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की और 71 लाख रुपये का चेक सौंपा.

### नितिन नवीन ने तीन माह का वेतन ₹6.35 लाख मुख्यमंत्री राहत कोष में दिये



बिहार में बाढ़ की स्थिति के बीच प्रभावित परिवारों तक राहत और आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए सरकार की ओर से राहत एवं बचाव कार्य जारी है. इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने राज्यसभा सांसद के रूप में तीन महीने के वेतन की राशि 6.35 लाख रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष में दान करने की घोषणा की. नितिन नवीन ने कहा कि बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और प्रभावित परिवारों के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ा होना सभी की जिम्मेदारी है. राज्य सरकार की ओर से बाढ़ प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार सात हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जा रही है.

## जदयू विधायकों को मिला विधायी प्रशिक्षण

- जदयू के एकदिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने किया शुभारंभ

**संवाददाता, पटना**

**जदयू** के विधानमंडल सदस्यों को विधायी जिम्मेदारियों और सदन के कार्यप्रणाली की जानकारी दी गयी. जदयू प्रदेश मुख्यालय के कर्पूरी सभागार में शुक्रवार को इस एकदिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने शुभारंभ किया. इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध संस्थान 'पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च' के विशेषज्ञों ने पार्टी के विधायकों और विधान पार्षदों को उनकी विधायी जिम्मेदारियों, सदन की कार्यप्रणाली सहित नीति और कानून निर्माण से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी. एकदिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान पांच प्रमुख विषयों पर विशेषज्ञों के द्वारा संवाद किया गया.

### विशेषज्ञों ने विधानमंडल सदस्यों से किया संवाद



जदयू के एकदिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का उद्घाटन करते नीतीश कुमार.

**मतदाताओं से संवाद करें जदयू नेता : निशांत**
स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने विधानमंडल सदस्यों से कहा कि वे अपने क्षेत्रों में बूथ स्तर तक जाएं और मतदाताओं से संवाद करें, उनके सुख-दुख के साथी बनें. उन तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें. साथ ही, यह देखें कि उनकी बेहतरी के लिए और क्या किया जा सकता है.

### हमारी सबसे बड़ी पूंजी हमारे नेता का 20 वर्षों का काम : संजय झा

कार्यक्रम की शुरुआत में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि बहुत सारे साथी पहली बार चुनाव जीतकर आए हैं. विधायी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना जरूरी है. इसी उद्देश्य से दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम को बुलाकर कानून बनाने की प्रक्रिया, बजट कार्य और सदन की कार्यप्रणाली से जुड़ी जानकारी दी गयी है. किसी राजनीतिक दल की ओर से बिहार में पहली बार इस तरह का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया है. उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी पूंजी हमारे नेता नीतीश कुमार का 20 वर्षों का काम है.

## सिटी बाइट्स



### जयंती पर याद किये गये शिवसागर रामगुलाम

**पटना.** मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय सर शिवसागर रामगुलाम की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर राज्यपाल सैय्यद अता हसनैन ने गांधी मैदान के दक्षिणी तीनमुहाने पर स्थित सर शिवसागर रामगुलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. समारोह में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा और सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव समेत अन्य गण्यमान्य लोगों ने भी सर शिवसागर रामगुलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये.

### जनता ने 'आशीर्वाद का दीया' नकारा : राजद

**पटना.** राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व महासचिव भाई अरुण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के आयोजित आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम को जनता ने नकार दिया. पूरा सरकारी महकमा के इस आयोजन को सफल बनाने के लिए लगे रहने के बावजूद इससे जनता ने दूरी बनाकर रखी. इस आयोजन पर जनता की बड़ी राशि खर्च की गयी. एक और बिहार की जनता बाढ़ से पीड़ित है और भारतीय जनता पार्टी तेल की बर्बादी कर रही है.

### कुछ लोगों के दिल जल गये : जीतन राम मांझी

**पटना.** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देशभर में आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष जताया है. कहा है कि हम पार्टी की ओर से दीया जलाने पर कुछ लोगों का दिल ही जल गया. श्री मांझी ने कहा कि 17 सितंबर को एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेइंतहा मुहब्बत करती है. उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन लोगों का दीप जलने से दिल जल रहा है.

### जदयू भविष्य की तैयारी में : नवल शर्मा

**पटना .** जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा है कि लंबे समय से जदयू के खत्म होने की मुनादी कर रहे विपक्ष को आज के प्रबोधन कार्यक्रम ने करारा जवाब दे दिया है. सोचने की बात है कि जहां विपक्षी पार्टियां जोड़-तोड़ और राजनीतिक समीकरणों में उलझी हैं, जदयू अपने जनप्रतिनिधियों को बेहतर विधायी कार्य के लिए तैयार कर रही है. यह बताता है कि पार्टी तात्कालिक राजनीति नहीं, बल्कि संगठन की मजबूती और लंबे राजनीतिक सफर में विश्वास करती है. विधायकों और विधान पार्षदों की बड़ी भागीदारी ने साबित किया कि जदयू पूरी तरह मजबूत और आत्मविश्वास से भरी हुई है.

**कार्यक्रम .** सीएम ने जेपी गंगा पथ पर दीप जला कर सेवा संकल्प अभियान का किया शुभारंभ

## सेवा, समर्पण व जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है : मुख्यमंत्री

**'आशीर्वाद का दीया'**

**संवाददाता, पटना**

**मुख्यमंत्री** सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है. समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को मजबूत करना है. प्रधानमंत्री का सार्वजनिक जीवन राष्ट्र निर्माण के संकल्प और जनसेवा की यह यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणादायक है.

मुख्यमंत्री ने लोक सेवक आवास में भी 'आशीर्वाद का दीया' जलाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की. इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. इसके बाद उन्होंने पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और पटना हवाई अड्डा में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में सहभागिता की. इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये. उसमें कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं. कलाकारों द्वारा गंगा आरती भी की गयी.

### सामुदायिक रसोई केंद्र का किया निरीक्षण



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी .

मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से पूर्व जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) स्थित बिंद टोली में बाढ़ पीड़ितों के लिए संचालित सामुदायिक रसोई केंद्र का निरीक्षण किया. उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए की जा रही भोजन व्यवस्था का जायजा लिया. भोजन की गुणवत्ता और उपलब्धता की जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों का हालचाल जाना. इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित को डिग्निटी किट सौंपा और स्वास्थ्य जांच कार्ड का वितरण किया. मुख्यमंत्री ने बाढ़ के दौरान मृत व्यक्ति के आश्रित को सहायता राशि का चेक दिया.

### बाढ़ पीड़ितों के चिकित्सा शिविर का लिया जायजा

सीएम ने चिकित्सा शिविर का निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की भी जानकारी ली. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक संजय गुप्ता, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा आदि उपस्थित थे.

## भाजपा कार्यालय से मरीन ड्राइव व नवीन सिन्हा पथ तक हुआ दीपोत्सव



जेपी गंगा पथ पर पीएम के जन्मदिन पर जलाया गया 'आशीर्वाद का दीया'.

- भाजयुमो ने 20 हजार दीये जलाये

**संवाददाता, पटना**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर बिहार भाजपा की ओर से राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये. पटना में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय सहित मरीन ड्राइव, कंकड़बाग, कच्ची तालाब, आर ब्लॉक और नवीन सिन्हा पथ समेत कई स्थानों पर दीप प्रज्वलित किये गये. कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की तथा सेवा एवं जनकल्याण का संकल्प लिया. भाजपा प्रदेश कार्यालय में शाम सात बजे आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए. पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद, विधान परिषद सदस्य संजय मयूख, रत्नेश कुशवाहा, रामकृपाल यादव, संजय गुप्ता और संजीव चौरसिया समेत कई नेताओं ने अलग-अलग स्थानों पर दीप प्रज्वलित किया. मरीन ड्राइव पर मंत्री इ शैलेंद्र कुमार और आर ब्लॉक में संजय मयूख ने कार्यक्रम में भाग लिया. इसी क्रम में दरभंगा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी ने राज मैदान परिषद में दीप प्रज्वलित किया. सांसद गोपालजी ठाकुर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## ईंट-भट्ठा संचालकों को मूल बकाया जमा करने पर ब्याज में मिलेगी छूट

**संवाददाता, पटना**



- 21 सितंबर से 20 दिसंबर, 2026 तक लागू रहेगी एकमुश्त समाधान योजना : डॉ प्रमोद चंद्रवंशी

**वर्षों** से बकाया राशि और उस पर चढ़ते ब्याज के बोझ से परेशान ईंट भट्ठा कारोबारियों को राज्य सरकार ने बड़ी राहत दी है. सरकार ने वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) के तहत बकाया राशि के निबटारे का रास्ता साफ कर दिया है. इसके तहत करीब छह हजार ईंट भट्ठा संचालकों को बकाया की मूल राशि एकमुश्त जमा करनी होगी. साथ ही वर्षों से देय ब्याज को माफ कर दिया जायेगा. इस प्रक्रिया से विभाग को करीब 204 करोड़ 38 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होगा. खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी.

मंत्री ने बताया कि ईंट भट्ठा कारोबारियों की ओर से लंबे समय से एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था करने की मांग की जा रही थी. मुख्यमंत्री के संज्ञान में मामला लाये जाने के बाद हाल में हुई कैबिनेट बैठक में ओटीएस के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी. इसके तहत संबंधित कारोबारियों को 21 सितंबर से 20 दिसंबर तक की निर्धारित अवधि में मूल बकाया राशि एकमुश्त सरकार के कोष में जमा करनी होगी. निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं करने वाले ईंट भट्ठा संचालकों को पूर्व व्यवस्था के तहत बकाया राशि ब्याज सहित जमा करनी होगी.

**85 करोड़ ब्याज की राशि होगी माफ :** उन्होंने बताया की ईंट भट्ठा संचालकों के स्तर से लगभग 316.66 करोड़ रुपये राजस्व संग्रहण के लिए लंबित था. इसमें से 27.28 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया जा चुका है. इस प्रकार 289.38 करोड़ रुपए राजस्व संग्रहण के लिए लंबित है. निर्धारित समयावधि तक राशि चुकता करने की स्थिति में लंबित राशि में से 85 करोड़ ब्याज की राशि माफ कर दी जायेगी. उन्होंने बताया कि ईंट निर्माता संघ से जुड़े कारोबारियों ने पर्यावरण के अनुकूल जिग-जैग तकनीक अपनायी है. वहीं नियमों के विरुद्ध ईंट-भट्ठा संचालन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी.

|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SITC of Transformer (750 KVA), HT & LT Panel and Cable, APFC (Capacitor) Panel, Wiring and Shifting of Existing 320 KVA DG at New S/S Beside the CM Secretariat, along with Operation & Maintenance for Five Years in the Campus of 4 No. Deshratan Marg (4 KGA), Patna, Bihar | Rs. 3,84,48,300/- | 2% of Estimated Cost | 10,000=00 | As per Online requirement | 03 माह |

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–1, पटना।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि : दिनांक– 14.09.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक– 28.09.2026 से 21.10.2026 के 15:00 बजे तक केवल बेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर।
4. निविदा कागजात अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक– 22.10.2026 के 15:00 बजे तक केवल बेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर।
5. निविदा कागजात हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान : 1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–1, पटना। 2) विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल, पटना। 3) मुख्य विद्युत अभियंता–1 का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, बिहार,पटना। दिनांक– 24.10.2026 को 15:00 बजे तक।
6. निविदा तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 24.10.2026 को 15:30 बजे। केवल बेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर।
7. निविदा वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी से तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात्।
8. प्री–बीड मीटिंग की तिथि एवं समय : (क) दिनांक– 07.10.2026 को विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल, पटना। 15:00 बजे से (ख) दिनांक– 08.10.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1 का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। 15:30 बजे से
9. निविदा की वैधता की अवधि : 120 दिन।
10. निविदा स्वीकृत करनेवाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता : सक्षम पदाधिकारी।
11. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार बेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगा। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ई–मेल आई०डी०– eproc2support@bihar.gov.in, Working Hours 8:00am to 7:00pm से प्राप्त किया जा सकता है। प्राक्कलित राशि कम या अधिक हो सकती है। परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि उसी के अनुसार मान्य होगा। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी e-proc2.0helpdesk Address- mjunction services ltd., RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S.- Shastri Nagar, Patna- 800014, फोन– 18005726571, मों०– 9939035696 से प्राप्त किया जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–1, पटना

PR. No. 011919 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।**

https://rktv.live/p/epaper.html

# नया आइफोन खरीदने आधी रात को ही पहुंच गये ग्राहक

**भारत में एपल आइफोन 18 प्रो और आइफोन 18 प्रो मैक्स की आधिकारिक बिक्री शुरू**


मुंबई

नेशनल कंटेंट सेल

**भारत** में शुक्रवार से एपल आइफोन 18 प्रो और आइफोन 18 प्रो मैक्स की आधिकारिक बिक्री शुरू हो गयी है, जिसके चलते दिल्ली, मुंबई, नोएडा और बेंगलुरु के एपल स्टोर्स के बाहर ग्राहकों की भारी भीड़ और लंबी कतारें देखी जा रही हैं. लोग अपने पसंदीदा नये आइफोन को सबसे पहले खरीदने के लिए आधी रात से ही स्टोर्स के बाहर 10 से 12 घंटे तक लाइनों में खड़े नजर आये.



**आइफोन 18 प्रो** शुरुआती कीमत ₹ 1,64,900

**आइफोन 18 प्रो मैक्स** शुरुआती कीमत ₹ 1,79,900


नयी दिल्ली



बेंगलुरू

**10-12 घंटों तक प्रमुख एपल स्टोर्स के बाहर लाइन में खड़े रहे**

**दिल्ली :** साकेत स्थित सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल एपल स्टोर के बाहर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी . लोग यहां अपनी पहले से बुक की हुई डिवाइस लेने पहुंचे थे .

**मुंबई :** मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स ( बीकेसी ) एपल स्टोर और जियो वर्ल्ड ड्राइव स्थित स्टोर्स के बाहर लोग 12 से 15 घंटे पहले से ही कतारों में लगे दिखायी दिये

**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्थित डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया एपल स्टोर पर पंजाब और हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्यों से भी लोग रात के दो बजे से ही लाइन लगा कर खड़े हो गये थे

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया एपल स्टोर पर भी सुबह पांच बजे से ही खरीदारों का भारी तांता लग गया

**आइडीएसइ का 77वां स्थापना दिवस**

## विकसित भारत के लिए नैतिकता पर मंथन



**नयी दिल्ली.** सैन्य अभियंता सेवाएं, रक्षा मंत्रालय के अधीन भारतीय रक्षा अभियंता सेवा ( आइडीएसइ ) कैडर के 77वें स्थापना दिवस पर नयी दिल्ली के जंबो मजूमदार सेंटर एयर फोर्स स्टेशन पालम में 17 सितंबर को एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया. इसका केंद्रीय विषय था विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में नैतिकता, जवाबदेही और उत्कृष्टता. आइडीएसइ के डीजी (पर्सनल) ने स्वागत भाषण दिया. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नैतिकता, सत्यनिष्ठा, जवाबदेही और पारदर्शिता प्रत्येक निर्णय और प्रत्येक परियोजना की आधारशिला रहे. रेलवे बोर्ड के आइआरएसइ सदस्य (इंफ्रास्ट्रक्चर) विवेक कुमार गुप्ता ने रेलवे में सत्यनिष्ठा और नैतिकता के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने गांधीजी द्वारा निर्धारित नैतिक आचरण के सात मानदंडों के महत्व को दोहराया. एमइएस के इंजीनियर इन चीफ एवीएसएम, एसएम लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहिल्ला, आइआरएसएमइ जेएस एंड सीवीओ रजनीश तोमर ने भी अपने विचार रखे. आइडीएसइ के निदेशक सीवीसी शरद शर्मा ने तीन महीने के निवारक सतर्कता अभियानः समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा पर व्याख्यान दिया. सम्मेलन का समापन आइडीएसइ के संयुक्त महानिदेशक (अनुशासन एवं सतर्कता) एके दुबे के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

**पश्चिम एशिया तनाव.** हमले जारी, यूएन में भी ईरान को लेकर खींचतान

# होर्मुज में फिर से टकराव, ईरान ने तेल टैंकर को बनाया निशाना

एजेंसियां, वाशिंगटन/तेहरान

**ईरान** के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में टोगो के झंडे वाले तेल टैंकर 'ट्रेंड' को निशाना बनाने और हिरासत में लेने का दावा किया. ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आइआरएनए के मुताबिक, टैंकर में आग लगने के बाद उसे रोका गया. ईरानी पक्ष ने आरोप लगाया कि जहाज महत्वपूर्ण जलमार्ग से तय मार्ग के बजाय 'अवैध तरीके' से गुजरने की कोशिश कर रहा था. हालांकि, ब्रिटेन के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने गुरुवार को होर्मुज में ओमान के खासब से करीब 29.6 किमी उत्तर-पूर्व में एक सुरक्षा घटना की सूचना दी थी, लेकिन उसने जहाज की पहचान नहीं बतायी. इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों घटनाएं एक ही हैं या नहीं.

**दुनिया के अहम तेल मार्ग पर दबाव :** होर्मुज में इस घटना से पहले से जारी तनाव और बढ़ गया है. क्षेत्र में संघर्ष के कारण इस मार्ग से जहाजों की आवाजाही सामान्य से काफी कम हो गयी है. रॉयटर्स के मुताबिक, गुरुवार को केवल चार कमोडिटी जहाज होर्मुज से गुजरे, जबकि पिछले 10 दिनों का औसत करीब 16 जहाज प्रतिदिन था. यह जलमार्ग वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. ऐसे में टैंकरों को निशाना बनाने या उनके मार्ग को लेकर विवाद बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय यूऊर्जा आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा पर चिंता बढ़ रही है. पिछले एक हफ्ते में होर्मुज में फिर से हमले बढ़ गये हैं.



**ईरान में बड़ा प्रदर्शन :** ईरान में शुक्रवार को हजारों नागरिकों ने फरवरी में अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद सरकार द्वारा आयोजित अपनी तरह के सबसे बड़े प्रदर्शन में संकल्प जताया कि वे हथियार उठाने को भी तैयार हैं .

**यूएन में रूस और चीन का अमेरिकी प्रस्ताव पर वीटो**

दूसरी ओर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ईरान को लेकर अमेरिका और उसके विरोधी देशों के बीच टकराव खुलकर सामने आया . रूस और चीन ने ईरान पर लगे प्रतिबंधों की निगरानी के लिए विशेषज्ञ पैनल का कार्यकाल बढ़ाने संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव को वीटो कर दिया . प्रस्ताव के पक्ष में 11 वोट पड़े, जबकि दो देशों ने मतदान से दूरी बनायी . रूस और चीन ने प्रतिबंधों की कानूनी स्थिति को लेकर अमेरिकी प्रस्ताव पर आपत्ति जतायी .

**ट्रंप बोले- अच्छा समझौता होगा या कोई नहीं :** इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ समझौता करना चाहता है, लेकिन अभी इसके लिए तैयार नहीं है . वाशिंगटन ऐसा समझौता चाहता है जो उसकी अपेक्षाओं के अनुरूप हो .

**सऊदी अरब को 48 एफ-35 देगा अमेरिका :** ट्रंप प्रशासन सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने की तैयारी कर रहा है . इस सौदे की अनुमानित लागत 24 .3 अरब डॉलर है . एफ-35 दुनिया का सबसे उन्नत व पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट है .

**यूएइ के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से की बात :** यूएइ के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने शुक्रवार को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की . दोनों नेताओं ने प एशिया में हो रहे घटनाक्रमों व द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी प्रगाढ़ करने पर चर्चा की .

## ट्रंप लगायेंगे 100% टैरिफ वाले बिल पर मुहर, भारत बोला- ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय जिम्मेदारी

एजेंसियां, वाशिंगटन/नयी दिल्ली

**रूस** से तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिका 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की तैयारी कर रहा है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ऐसा करने का अधिकार देने वाले 'ग्राहम बिल' पर हस्ताक्षर की तैयारी है. यह बिल अमेरिकी संसद से पास हो चुका है. व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रंप इस विधेयक पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं. हालांकि, विधेयक पर हस्ताक्षर होते ही टैरिफ अपने आप लागू नहीं होगा. इसके लिए तय शर्तों के पूरा होने पर राष्ट्रपति कार्रवाई कर सकेंगे.



**भारत ने ऊर्जा नीति का किया बचाव** :अमेरिकी दबाव के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा खरीद नीति को राष्ट्रीय जरूरत से जोड़ा है. अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'पीपुल फर्स्टः व्हाट ड्राइव्स इंडियाज एनर्जी इम्पेरेटिव' शीर्षक से पोस्ट की श्रृंखला में कहा कि भारत की ऊर्जा खरीद किसी भू-राजनीतिक पक्ष का समर्थन नहीं है. देश की बुनियादी जिम्मेदारी 1.4 अरब लोगों के लिए पर्याप्त, सस्ती और लगातार ऊर्जा उपलब्ध कराना है.

**भारत में तेजी से बढ़ रही ऊर्जा जरूरत**

क्वात्रा के अनुसार भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में है और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है . इसके बावजूद एक औसत भारतीय की ऊर्जा खपत वैश्विक औसत के एक-तिहाई से भी कम और एक औसत अमेरिकी की खपत की करीब दसवीं है . ऐसे में आने वाले समय में भारत की ऊर्जा जरूरत बढ़ना तय है . उन्होंने कहा कि भरोसेमंद और सस्ती ऊर्जा केवल घरों के लिए ही नहीं, बल्कि खेतों, अस्पतालों, स्कूलों, कारखानों और परिवहन व्यवस्था के लिए भी जरूरी है . इससे लोगों की आजीविका और आर्थिक विकास सीधे जुड़े हैं .

**85% से ज्यादा तेल विदेश से खरीदता है भारत :** भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल और करीब आधी प्राकृतिक गैस आयात करता है. ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार से पर्याप्त, सस्ती और निर्बाध ऊर्जा हासिल करना भारत के लिए महत्वपूर्ण है. इसी जरूरत के कारण भारत अपनी ऊर्जा खरीद को देश की आर्थिक और आम लोगों की जरूरतों से जोड़कर देखता है.

**ग्लोबल बाइट्स**

### डूसू चुनाव : पहले चरण में 36% मतदान, आज आयेगा परिणाम

**नयी दिल्ली.** दिल्ली विवि छात्र संघ ( डूसू ) चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को लगभग 36% मतदान हुआ और संध्याकालीन कक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए मतदान देर रात तक चला. सुबह 8.30 बजे 'सेंट्रल पैनल' के चार पदों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव और कॉलेज प्रतिनिधियों के लिए मतदान शुरू हुआ. चुनाव में एबीवीपी, एनएसयूआइ तथा आइसा-एसएफआइ गठजोड़ ने उम्मीदवार उतारे हैं. मतगणना शनिवार को होगी.

### फिलीपींस के स्कूल में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत, छह घायल

**मनीला.** दक्षिणी फिलीपींस के एक स्कूल में शुक्रवार को हुई गोलीबारी में कम से कम तीन युवकों की मौत हो गयी और हमलावर समेत छह अन्य घायल हो गये. दक्षिण कोटाबातो प्रांत के आपदा प्रतिक्रिया अधिकारी रॉली डोएन एक्विनो ने बताया कि बंगा शहर के बंगा नेशनल हाइस्कूल में यह घटना हुई. छह घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की जांच जारी है.

### अमेरिका : सिख ट्रक ड्राइवर पर जानलेवा हमला, 17 बार चाकू मारा

**वाशिंगटन.** अमेरिका में दक्षिण एशियाई विरोधी बयानबाजी बढ़ने के बीच, दक्षिण व्योमिंग में एक रेस्ट एरिया के बाथरूम में एक सिख ट्रक चालक को 17 बार चाकू मारा गया. स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सिंह नाम के इस ट्रक ड्राइवर को रविवार सुबह दक्षिणी व्योमिंग के बिटर क्रीक रेस्ट एरिया में चाकू मारा गया. वह पेंसिल्वेनिया जा रहा था और रास्ते में वहां रुका था. हमलावर की पहचान एंड्रयू क्रिस बज्दक के रूप में हुई है.

### अमृतसर : भगतांवाला अनाज मंडी में एएसआइ की गोली मार कर हत्या

**अमृतसर.** पंजाब के अमृतसर में भगतांवाला अनाज मंडी में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात हमलावरों ने पंजाब पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआइ) की गोली मार कर हत्या कर दी. शुक्रवार को डीजीपी गौरव यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों से मुलाकात की. इसके बाद यादव ने पत्रकारों को बताया कि एएसआइ हरजीत सिंह के गले के पास एक गोली लगी है, जो .30 बोर की पिस्तौल से चलायी गयी है.

## निठारी नरसंहार के मुख्य आरोपी रहे सुरेंद्र कोली का चाय दुकान में मिला शव

एजेंसियां, हरिद्वार

**निठारी** नरकंकाल कांड में मुख्य आरोपी रहे सुरेंद्र कोली का शव शुक्रवार को हरिद्वार के सप्त सरोवर क्षेत्र में उसकी चाय की दुकान से बरामद हुआ. पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आशंका है कि कोली ने दुकान में फंदा लगाकर आत्महत्या की. हालांकि, पुलिस ने मौत की वजह की पुष्टि नहीं की है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी.

अल्मोड़ा के भिकियासैंण क्षेत्र के मगरूखाल निवासी कोली कुछ दिन पहले ही हरिद्वार आया था. निठारी कांड में अदालत से बरी होने के बाद वह यहां रह रहा था और इसी महीने उसने चाय की दुकान किराये पर ली थी. पुलिस को करीब 11 बजे लालमाता मंदिर के सामने स्थित चाय की दुकान में शव पड़े होने की सूचना मिली. पुलिस ने देखा कि कोली के गले में रस्सी का फंदा बंधा था, जबकि छत के पंखे से भी रस्सी का एक हिस्सा बंधा हुआ था. वर्ष 2006 में नोएडा के सेक्टर-31 में कारोबारी मोहिंदर सिंह पंढेर के बंगले के पीछे और नालियों से कंकाल, खोपड़ियां और हड्डियां मिलने के बाद यह मामला सामने आया था.


हरिद्वार में जांच करते पुलिस कर्मी .

## जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**जम्मू.** पाकिस्तान से संचालित प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन सहयोगियों मोहम्मद आजम, जाकिर हुसैन और मोहम्मद मुश्ताक को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आतंकियों के तीन सहयोगी कई वर्षों से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे थे. पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी गत कई वर्षों से सक्रिय थे और तीनों ने 2023 में रियासी जिले के चसाना में एक मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादियों की मदद की थी. गिरफ्तारी के बाद उनकी निशानदेही पर गांव से सटे जंगल से एक शक्तिशाली आइइडी बरामद किया गया. सुरक्षा बलों का अभियान जारी है.

## नंदीग्राम में ममता की प्रत्याशी ने वापस लिया नाम

कोलकाता, संवाददता

**ममता** बनर्जी को विधानसभा उपचुनाव होने के पहले ही बड़ा झटका लगा है. नंदीग्राम सीट से उनके गुट की उम्मीदवार संचिता प्रधान डे ने शुक्रवार को अपना नामांकन वापस लिया. उनकी नामवापसी से ममता बनर्जी गुट इस सीट पर चुनाव मैदान से बाहर हो गया है. चूंकि नामांकन की तिथि पहले ही निकल चुकी है, ऐसे में अब किसी और प्रत्याशी को उतारा भी नहीं जा सकता. संचिता नाम वापस लेने से पहले पति के साथ राज्य सचिवालय 'नबान्न' पहुंचीं और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की. फिर निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय पहुंचीं और नाम वापस ले लिया. दो दिन पहले ही उन्होंने नामांकन-पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन उम्मीदवार का पर्चा दाखिल किया था. डे की नामवापसी के बाद ममता ने नंदीग्राम पर अपनी चुनावी प्रासंगिकता को कायम रखने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को समर्थन देने का एलान किया. इसके दो घंटे बाद ही पुलिस ने मिलन को एक पुराने केस में गिरफ्तार कर लिया.

**जिस कांग्रेस उम्मीदवार को ममता ने दिया समर्थन, पुलिस रिकॉर्ड में वह नंदीग्राम आंदोलन का आरोपी :** संचिता प्रधान डे के नाम वापस लेने के बाद ममता ने जिस कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को ।समर्थन देने की घोषणा की, उसे बंगाल कांग्रेस ने नंदीग्राम भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन मामले में दर्ज केस के आधार पर गिरफ्तार कर लिया .

**कांग्रेस उम्मीदवार पर हैं 12 मामले दर्ज :** मिलन प्रधान को 2007 के नंदीग्राम भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन में कथित संलिप्तता के मामले में गिरफ्तार किया गया है . आरोप है कि मिलन आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे . तब से उनके खिलाफ कम-से -कम 12 मामले दर्ज हैं . कांग्रेस नेता ने दावा किया है कि पार्टी के एक और नेता सुभाशीष भट्टाचार्य को भी प्रधान को गिरफ्तार करने से पुलिस को कथित तौर पर रोकने के आरोप में गिरफ्तार किया गया .

**ममता को चुनाव आयोग से भी मिला झटका**

उपचुनाव में ममता को चुनाव आयोग में भी बड़ा झटका मिला है . निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को विधानसभा उपचुनाव के लिए उनके गुट को 'फुटबॉल खिलाड़ी', जबकि अरूप रॉय गुट को 'लिफाफा' चुनाव चिह्न आवंटित किया . ममता के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और अरूप रॉय की अगुवाई वाले प्रतिद्वंद्वी गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम आवंटित किये गये . दोनों गुटों के दावे के कारण पार्टी का मूल नाम और चुनाव चिह्न अभी फ्रीज रखा गया है .

**यूबीटेक कंपनी ने शुरू की ह्यूमनॉइड फैक्ट्री, हर घंटे बन रहे छह नये रोबोट, सालाना 10 हजार की क्षमता**

# चीन में नया दौर शुरू, रोबोट बना रहे रोबोट

**खासें**

नेशनल कंटेंट सेल

**रोबोट** अब सिर्फ इंसानों का काम आसान करने वाली मशीन नहीं रह गये हैं. अब एक ऐसा दौर शुरू हो रहा है, जहां रोबोट ही दूसरे रोबोट बनाने में जुटे हैं. चीन की रोबोटिक्स कंपनी यूबीटेक रोबोटिक्स ने लिउझोउ, गुआंग्शी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र में ऐसी ह्यूमनॉइड फैक्ट्री शुरू की है, जहां उत्पादन प्रक्रिया में रोबोट खुद कई अहम जिम्मेदारियां संभालते हैं. करीब 14 हजार वर्गमीटर में फैली इस फैक्ट्री की सालाना क्षमता 10 हजार रोबोट बनाने की है. कंपनी के अनुसार यहां करीब 10 मिनट में एक नया रोबोट तैयार हो सकता है.


एआइ जेनरेटेड

**हर रोबोट को अलग-अलग जिम्मेदारी**

फैक्ट्री में अलग-अलग रोबोट को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गयी है . क्रूजर वाइ1 और क्रूजर एस2 रोबोट सामग्री को अनलोड करने, एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने और प्रोडक्शन लाइन तक लोड करने का काम करते हैं . यानी जिन हिस्सों से नये रोबोट तैयार होने हैं, उन्हें सही जगह तक पहुंचाने की जिम्मेदारी इन्हीं मशीनों की है . ये दूसरे रोबोटों के साथ मिलकर उन पाट्र्स को तैयार करने में भी मदद करते हैं, जिनसे आगे नये ह्यूमनॉइड रोबोट बनते हैं .

**'स्मार्ट ब्रेन' तय करता है पूरा काम :** फैक्ट्री को यूबीटेक और सिमेंस डिजिटल इंडस्ट्रीज सॉफ्टवेयर ने मिलकर तैयार किया है . इसके संचालन के लिए कंपनी ने 'स्मार्ट ब्रेन' नाम का सिस्टम विकसित किया है . यह सिस्टम तय करता है कि किस समय क्या तैयार करना है और उत्पादन प्रक्रिया में किन चीजों की जरूरत होगी . इसके जरिये पाट्र्स की आवाजाही, उत्पादन और क्वालिटी चेक जैसी प्रक्रियाओं को भी संभाला जाता है .

**चार घंटे की होती है टेस्टिंग :** फैक्ट्री से रोबोट निकलने से पहले उसकी कड़ी जांच होती है . तैयार रोबोट को करीब चार घंटे की टेस्टिंग से गुजरना पड़ता है . इसमें उसके अलग-अलग सिस्टम और काम करने की क्षमता जांची जाती है . इसके बाद 360 डिग्री विजुअल इंस्पेक्शन होता है . यानी रोबोट के हर हिस्से को चारों तरफ से देखा और परखा जाता है . इन जांचों के बाद ही उसे अंतिम रूप से तैयार माना जाता है .

**चीन में बढ़ रहा रोबोटिक्स का कारोबार**

यूबीटेक की यह फैक्ट्री ऐसे समय में शुरू हुई है, जब चीन रोबोटिक्स के क्षेत्र में तेजी से उत्पादन बढ़ा रहा है . रोबोट अब सिर्फ रिसर्च लैब या प्रदर्शन तक सीमित नहीं हैं . उद्योगों और उत्पादन इकाइयों में उनका इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है . चीन के नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स के अनुसार, देश में 98,677 इंडस्ट्रियल रोबोट तैयार किये गये हैं .

**मोहन भागवत बोले**

## भारत में 'धर्म' की अवधारणा पश्चिमी 'रिलिजन' से अलग

**उज्जैन.** आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में 'धर्म' की अवधारणा पश्चिमी देशों में प्रचलित 'रिलिजन' की धारणा से अलग है और देश ने विभिन्न मत-पंथों के बीच कभी भेदभाव नहीं किया जो उसकी 'पंथ-निरपेक्षता' की समझ है. भागवत यहां करीब 1,700 जेन जी प्रतिभागियों को युवा धर्म संसद में संबोधित कर रहे थे. धर्म और रिलिजन में अंतर बताते हुए उन्होंने कहा कि दोनों को समानार्थी नहीं मानना चाहिए. धर्म 'रिलिजन' से ऊपर है और जहां रिलिजन बांधता है, वहीं धर्म मोक्ष की ओर ले जाता है. अंग्रेजी में भारतीय अवधारणा के लिए कोई सटीक समानार्थी शब्द नहीं है और पश्चिमी लोगों को समझाने के लिए ऐतिहासिक रूप से रिलिजन शब्द का इस्तेमाल होता है. उन्होंने धर्म को सत्य, व आत्म-अनुशासन पर आधारित बताया.

https://rktv.live/p/epaper.html

**एशियन गेम्स आज से.** हांगझोउ में रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद नागोया एशियाई खेलों में नयी बुलंदियों को छूने पर भारत की नजरें

# 'युवा शक्ति' के दम पर भारत बदलने उतरेगा इतिहास

एजेंसियां, नागोया

**खेलों** में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे भारत के लिए यहां शनिवार से शुरू हो रहे 20वें एशियाई खेलों में कामयाबी की एक नयी कहानी लिखने की चुनौती होगी और अगले एक दशक में देश को शीर्ष दस देशों में लाने की भारत की आकांक्षा के लिए नींव का पत्थर रखने का दारोमदार खिलाड़ियों पर रहेगा. एशियाई खेलों में 43 खेलों में 11000 के करीब खिलाड़ी भाग लेंगे और 45 देश कम होने के बावजूद यहां प्रतिस्पर्धा का स्तर ओलिंपिक से बड़ा होने वाला है. भारत ने 501 खिलाड़ियों का दल भेजा है, जो यहां कदम रखने के बाद से रहने और आवागमन की लचर व्यवस्था से जूझ रहे हैं. कइयों को कमरों के लिये घंटो इंतजार करना पड़ा और कमरे भी काफी छोटे हैं, जिनमें एक खिलाड़ी की जरूरत के सामान भी नहीं हैं. नागोया जापान के निर्माण क्षेत्र का औद्योगिक केंद्र है और इसे अपनी इस पहचान पर गर्व है. शहर के आसमान में दिखती चिमनियां इसकी औद्योगिक ताकत की बानगी पेश करती हैं, लेकिन इसके बावजूद सड़कें और आस-पास के इलाके बहुत साफ-सुथरे और व्यवस्थित हैं. यहां का माहौल उस अफरातफरी से बिल्कुल अलग है, जिसमें लंबी उड़ानों के बाद शहर में कदम रखने वाले खिलाड़ियों को आराम करने के लिए कमरों का घंटों तक इंतजार करना पड़ा. जापान उम्मीद कर रहा होगा कि शनिवार को उद्घाटन समारोह के बाद चीजें व्यवस्थित हो जायेंगी.



आवास नहीं मिलने पर जमीन पर सोये हुए थाईलैंड के खिलाड़ी.

### कमरों की कमी से 30-35 भारतीय खिलाड़ी रहे परेशान

नागोया. एशियाई खेलों में भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें यहां पहुंचकर ही पता चला कि आयोजकों ने 30 से 35 भारतीय खिलाड़ियों को आवास व्यवस्था की सूची से निकाल दिया है, जिससे भारत को उनके लिये कमरों का इंतजाम करना पड़ा. कई भारतीय खिलाड़ियों को यहां पहुंचने पर रहने की व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा और कमरों के लिए घंटों इंतजार भी करना पड़ा. हमने उतने ही खिलाड़ी भेजे हैं, जितने तय हुए थे, लेकिन उन्होंने कुछ नाम हटा दिया, जिनके लिए हमने होटल बुक किये. 30-35 खिलाड़ियों को लेकर परेशानी हुई है. भारत के अलावा अन्य देशों के एथलीटों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

## महिला क्रिकेट : जापान को हरा भारत सेमीफाइनल में

**निशिन.** सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के हरफनमौला प्रदर्शन और बायें हाथ की स्पिनर श्री चरणी की शानदार गेंदबाजी के दम पर पिछली चैम्पियन भारतीय टीम ने अनुभवहीन जापान को शुक्रवार को आठ विकेट से हरा कर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. श्री चरणी ने 10 रन देकर चार विकेट लिये, जो टी-20 क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. शेफाली वर्मा ने 13 रन देकर दो विकेट चटकाये. जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर आउट हो गयी. भारत ने यह लक्ष्य पांच ओवर में हासिल कर लिया. अब भारत का सामना 20 सितंबर को बांग्लादेश से होगा. शेफाली ने 15 गेंद में नाबाद 40 रन बनाये जबकि रिचा घोष ने छह गेंद में 12 रन का योगदान दिया. जापान ने सलामी बल्लेबाज जी कमलिनी और तीसरे नंबर पर उतरी भारती फुलमाली को आउट किया. इससे पहले श्री चरणी की अगुआई में भारत के अनुभवी स्पिनरों ने जापानी बल्लेबाजों की अनुभवहीनता का पूरा फायदा उठाते हुए उन्हें 57 रन पर आउट कर दिया.




## भारत की क्विम्सी डिसूजा टेकबॉल में पदक के करीब

**नागोया (जापान).** भारत की क्विम्सी जोआकिम डिसूजा ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों की टेकबॉल प्रतियोगिता के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनायी और इस तरह से वह इस खेल में ऐतिहासिक पदक जीतने के करीब पहुंच गयी. एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए क्विम्सी ने नागोया सिटी हिगाशी स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गये अपने ग्रुप-ए के पहले मैच में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त युइना सकामोटो को 2-1 (10-12 12-11 13-11) से हरा कर उलटफेर किया. यह मैच 43 मिनट तक चला. इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने ग्रुप के अपने दूसरे मैच में भी लय बरकरार रखते हुए कंबोडिया की कोएमयेन डीवाई को केवल 24 मिनट में 2-0 (12-9 12-7) से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाइ किया. अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने के कारण उन्हें बाइ मिल गयी और उन्हें क्वार्टर फाइनल नहीं खेलना पड़ा. वह शनिवार को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की सुमाया से भिड़ेंगी और इस मैच में जीत हासिल करने पर टेकबॉल में भारत का पहला पदक पक्का हो जायेगा.



### पदकों की अगुआई ट्रैक और फील्ड एथलीट और निशानेबाज करेंगे

भारत के अभियान की अगुआई ट्रैक और फील्ड एथलीट और निशानेबाज करेंगे. निशानेबाजी दल में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है, जिनकी अगुआई दो ओलिंपिक पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर करेंगी. भारतीय दल में 30 निशानेबाज हैं, जिनमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन के धुरंधर शामिल हैं. एथलेटिक्स में दो बार के एशियाई खेल चैम्पियन और भारतीय एथलेटिक्स के सबसे बड़े सितारे नीरज चोपड़ा नहीं हैं. चोट के कारण वह इन खेलों में भाग नहीं ले पायेंगे, लेकिन भारत के 74 सदस्यीय दल में पदक के कई दावेदार हैं. लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर, लंबी दूरी की दौड़ में गुलवीर सिंह, भालाफेंक में रोहित यादव, डेकाथलन में तेजस्विन शंकर और महिलाओं की लंबी कूद में एंसी सोजन पर नजरें रहेंगी. ऊंची कूद में सर्वेश कुशारे, बाधा दौड़ में ज्योति याराजी और त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल से भी उम्मीदें रहेंगी.

### बैडमिंटन और हॉकी में पदकों की उम्मीद

बैडमिंटन में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी सबसे प्रबल दावेदार है, जिन्होंने पिछली बार स्वर्ण जीता था. पीवी सिंधु के पास अनुभव है, जबकि उन्नति हुड्डा और आयुष शेट्टी भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे. हॉकी में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली पुरूष टीम विश्व कप और प्रो-लीग की निराशा को भुलाकर एशियाई खेलों में लगातार दूसरा स्वर्ण जीतना चाहेगी. वहीं महिला टीम पिछली बार जापान से हारकर कांस्य पदक के साथ लौटी थी, लेकिन विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहने के बाद टीम आत्मविश्वास से भरी है और पदक का रंग बेहतर करना चाहेगी.

### विलंब और व्यवधान के बाद हुआ भारत समेत कई देशों का ध्वजारोहण समारोह

**नागोया.** एशियाई खेलों में भारत समेत छह देशों का ध्वजारोहण समारोह शुक्रवार को एक घंटे से अधिक की देरी से शुरू हुआ और बाद में बताया गया कि एशियाई ओलिंपिक परिषद और स्थानीय आयोजन समिति के बीच गलतफहमी इस व्यवधान का कारण रही. समारोह जापान के समयानुसार दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होना था, जो 20 मिनट की देरी से शुरू हुआ. समारोह के लिए बैंड तैयार था और निंजा योद्धाओं की तरह सजे कलाकार भी अपने हुनर की नुमाइश का इंतजार कर रहे थे. भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव और चार अभियान उप प्रमुख अचंता शरत कमल, लिजो डेविड टी, अलकनंदा अशोक और अंजलि भागवत गार्डन पियर पर समारोह के लिए मौजूद थे. यह स्थान खिलाड़ियों के लिये बने कंटेनरनुमा आवास के करीब है. समारोह में यमन, उत्तर कोरिया, फलस्तीन, भारत, चीनी ताइपे और तिमोर लेस्टे को भाग लेना था, लेकिन उन्हें इंतजार करने को कहा गया.

**फील्ड बाइट्स**

### शतरंज ओलिंपियाड: भारतीय पुरुष टीम के सामने इटली की चुनौती




**समरकंद (उज्बेकिस्तान).** गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने 46वें शतरंज ओलिंपियाड के शुरुआती दो दौर में निचली रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ जीत दर्ज की, लेकिन अब तीसरे दौर में उसके सामने मजबूत इटली की चुनौती है. इटली की टीम के पहले चार बोर्ड पर ग्रैंडमास्टर खिलाड़ी हैं. भारत ने पहले दौर में थाईलैंड को 3-1 से हराया, जबकि दूसरे दौर में इंडोनेशिया के खिलाफ 2.5-1.5 से मामूली जीत दर्ज की. निचली रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ जीत हासिल करने के बावजूद भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन पूरी तरह प्रभावशाली नहीं रहा. विश्व चैंपियन डी गुकेश दूसरे दौर में ड्रॉ खेलने के बाद लाइव रेटिंग में 2700 अंक से नीचे खिसक गये हैं.

### सैकिया का दावा जल्द बीसीसीआइ कार्यालय पहुंचेगी ट्रॉफी

**मुंबई.** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) के सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय पुरुष और महिला टीमों द्वारा जीती गयी एशिया कप की ट्रॉफियां एक दिन बीसीसीआइ मुख्यालय पहुंचेंगी, हालांकि इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बतायी जा सकती. एशिया कप जीतने के बाद भारतीय पुरुष टीम और हाल में महिला टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था.

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को छह विकेट से हरा कर टी-20 सीरीज जीती

**कार्डिफ (वेल्स).** टॉम बेंटोन के 24 गेंद में नाबाद 52 रन की मदद से इंग्लैंड ने श्रीलंका को छह विकेट से हरा कर टी-20 क्रिकेट सीरीज एक मैच बाकी रहते ही अपने नाम कर ली. श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 145 रन बनाये. इंग्लैंड ने 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया. इससे पहले गुरुवार को साउथम्पटन में इंग्लैंड ने 119 रन से जीत दर्ज की थी.

### राशिफल — डॉ एनके बेरा

**मेष** : परिस्थितियों में काफी बदलाव होंगे, लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे.

**वृष** : आमदनी में वृद्धि, धर्म-कर्म में रुचि, मान-सम्मान-यश में वृद्धि होगी.

**मिथुन** : पदोन्नति तथा व्यवसाय में लाभ के अवसर बढ़ेंगे.

**कर्क** : आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है.

**सिंह** : मकान, वाहन, भौतिक सुखों की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय.

**कन्या** : नये प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा. रुका हुआ काम पूरा होगा.

**तुला** : नवीन योजनाओं को पूरा करने में कठिनाईयों का सामना हो सकता है.

**वृश्चिक** : आत्मविश्वास में वृद्धि, पुरानी परेशानी से छुटकारा मिलेगा.

**धनु** : कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, अधिकारियों का सहयोग मिलेगा.

**मकर** : आमदनी में सुधार. गृहस्थी में शांत वातावरण.

**कुंभ** : पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, अभी नौकरी न बदलें.

**मीन** : नौकरी करनेवालों को नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना.

## सैमसन को बाहर करना हमारा सबसे कठिन फैसला था : गंभीर

### वैभव सूर्यवंशी को अगला मौका पाने के लिए इंतजार करना होगा

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि इंग्लैंड के हालिया दौरे पर संजू सैमसन को टीम से बाहर रखना उनके कोचिंग कार्यकाल का शायद सबसे कठिन फैसला था. सैमसन ने भारत में आयोजित टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार हासिल किया था. लगातार कुछ खराब पारियों के बाद सैमसन को इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में जगह नहीं मिली और उनकी अनुपस्थिति में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को अंतरराष्ट्रीय पदार्पण का मौका दिया गया. संजू ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी की है. गंभीर ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी को अभी इंतजार करना पड़ेगा. संजू अच्छा खेल रहे हैं और उन्हें अभिषेक के साथ आगे भी मौका मिल सकता है.



### एशियाई खेल : सॉफ्ट टेनिस में पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में हारी

**नागोया.** भारतीय टीम एशियाई खेलों की सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा के पुरूष टीम क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया से 0-2 से हार गयी. भारत ने ग्रुप-सी में मंगोलिया और लाओ को हराया, जबकि चीनी ताइपै से पराजय का सामना करना पड़ा. भारतीय टीम में जय मीणा, आर्यन ठाकुर, योगेश चौधरी, अनिकेत पाटिल और ओम यादव हैं. दूसरे क्वार्टर फाइनल में वे इंडोनेशिया से हार गये, जिसमें फर्नांडो सांगेर, टियो हुतारूक, मोहम्मद फालेवी, रिजकी लालुयान और बागुस प्राडेवा थे. जय मीणा और योगेश चौधरी को पुरूष युगल मुकाबले में टियो और फर्नांडो ने हराया. आर्यन ठाकुर को पुरूष एकल में बागुस ने मात दी. सॉफ्ट टेनिस एक रैकेट वाला खेल है, जिसकी शुरुआत इन एशियाई खेलों की मेजबानी कर रहे जापान में हुई थी.

## अभिषेक का तूफानी शतक, अफगानिस्तान को 127 रन हरा कर भारत ने सीरीज जीती

### 30 गेंद में जड़ा शतक, भारत ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**सलामी** बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने गुरुवार को यहां तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 30 गेंद में शतक जड़ दिया, जिसकी बदौलत भारत ने 127 से जीत दर्ज कर सीरीज 3-0 से अपने नाम की. अभिषेक ने 34 गेंद में 108 रन की पारी खेली, जिसमें 11 छक्के और नौ चौके शामिल थे. यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका तीसरा शतक है. महज 30 गेंदों में शतक जड़ कर वह इस प्रारूप में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय क्रिकेटर बन गये. इससे भारत ने सात विकेट पर 221 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. अभिषेक के ज्यादातर शॉट गेंदबाजों के सिर के ऊपर से बाउंड्री के पार गये. उनका सैकड़ा किसी टेस्ट खेलने वाले देश के बल्लेबाज का दूसरे टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ सबसे तेज शतक भी है. उन्होंने न्यूजीलैंड के फिन एलन के इसी साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंद में बनाये शतक का रिकॉर्ड तोड़ा. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम 14.1 ओवर में 94 रन पर आउट हो गयी. इस सीरीज में अफगानिस्तान की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों से ही निराशा मिली है.




भारत ने अफगानिस्तान की पारी का पहला ओवर ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को दिया. उन्होंने 15 रन दे दिये, लेकिन बाद में तीन विकेट लेकर वापसी की. अक्षर पटेल ने चौथे ओवर में रहमानुल्लाह गुरबाज (15 रन) और सेदिकुल्लाह अटल के रूप में दो विकेट लेकर अफगानिस्तान को शुरुआती झटके दिये.

## बीसीसीआइ एजीएम आज : अगरकर के भविष्य पर अब पदाधिकारी करेंगे फैसला

एजेंसियां, मुंबई

- 04 अक्तूबर को खत्म हो रहा मुख्य चयनकर्ता का कार्यकाल
- जूनियर चयन समिति के पांच पद भी भरे जाएंगे



**भारतीय** क्रिकेट में अगले कुछ दिनों में चयन समिति को लेकर बड़ा फैसला हो सकता है. बीसीसीआइ की 95वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के भविष्य पर अंतिम मुहर नहीं लगी. सदस्य इकाइयों ने अगरकर का कार्यकाल बढ़ाने या उनकी जगह नया मुख्य चयनकर्ता नियुक्त करने का फैसला बोर्ड के पदाधिकारियों पर छोड़ दिया है. ऐसे में अब निगाहें बीसीसीआइ के पदाधिकारियों के फैसले पर टिक गयी हैं. अगरकर का मौजूदा कार्यकाल चार अक्तूबर को समाप्त हो रहा है. एजीएम के बाद बीसीसीआइ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चयन समितियों से जुड़े मामलों पर फैसला लेने के लिए पदाधिकारियों को अधिकृत किया गया है. हालांकि, उन्होंने अगरकर के भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया. इसका मतलब है कि अभी यह तय नहीं है कि अगरकर को आगे भी सीनियर चयन समिति की कमान सौंपी जायेगी या बीसीसीआइ नये चेहरे की तलाश करेगा.

**जूनियर चयन समिति में भी पांच पद खाली** : बीसीसीआइ सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष के भविष्य के साथ जूनियर चयन समिति के गठन की प्रक्रिया पर भी काम कर रहा है. जूनियर चयन समिति के सभी पांच पदों को भरने की तैयारी है.

### भारत अंडर-19 टीम की जीत में चमके द्रविड़ और सहवाग

**राजकोट.** अन्वय द्रविड़ और आर्यवीर सहवाग की तूफानी पारियों तथा यशवर्धन चौहान के शानदार अर्धशतक की मदद से भारत की अंडर-19 टीम ने बारिश से प्रभावित युवा वनडे मैच में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पर सात रन से रोमांचक जीत हासिल की. बारिश के कारण यह मैच 20-20 ओवर का कर दिया गया. चौहान ने 34 गेंदों में 54 रन, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय ने मात्र 18 गेंदों में 38 रन बनाये. इससे भारत छह विकेट पर 182 रन बनाने में सफल रहा. इस मैच में वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने अंडर-19 में पदार्पण भी किया. उन्होंने 26 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 28 रन बनाये, जबकि उनके पिता उन्हें खेलते हुए देख रहे थे.

## बिछू देवी-अब्दुल को एफआइएच विश्व कप 'मैजिक स्किल' अवॉर्ड

एजेंसियां, लुसाने

**भारतीय** महिला हॉकी गोलकीपर बिछू देवी खारीबम और पाकिस्तान के स्ट्राइकर अब्दुल रहमान ने हाल ही में नीदरलैंड और बेल्जियम में हुए एफआइएच विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए 'पोलिग्रास मैजिक स्किल' पुरस्कार जीते. विजेताओं का चयन प्रशंसकों के वोट के आधार पर किया गया. विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के पलों के आधार पर नामांकन तय किये गये थे. यह पुरस्कार एफआइएच के वैश्विक सप्लायर पोलिटेन द्वारा दिया जाता है. इसमें पुरुष और महिला वर्ग में तीन-तीन दावेदार थे. बिछू को इंग्लैंड के खिलाफ पूल चरण के मैच में आखिरी तीस सेकंड में शानदार तरीके से गोल बचाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया. यह मैच ड्रॉ रहा और इसके आधार पर भारत ने दूसरे दौर में प्रवेश किया. भारतीय टीम विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही, जो 1974 के बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था. बिछू को 52 प्रतिशत वोट मिले. पुरुष वर्ग में पाकिस्तान के रहमान को उसके शानदार 3डी कौशल के लिए यह पुरस्कार मिला, जिन्होंने वेल्स के खिलाफ चार डिफेंडरों के बीच से गेंद को निकाल कर गोल किया था.




**फीफा अंडर-15 विश्व कप 24 अक्तूबर से, भारत करेगा लाओस के खिलाफ करेगा अभियान की शुरुआत**

# क्वालिफिकेशन स्टेज में भारत को कड़ी चुनौती

एजेंसियां, बाकू

**भारतीय** युवा फुटबॉल के लिए अक्तूबर में एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है. भारत की अंडर-15 पुरुष टीम पहले फीफा अंडर-15 विश्व कप में मैदान पर उतरेगी. बाकू में होनेवाले इस टूर्नामेंट के क्वालिफिकेशन स्टेज में भारत को ग्रुप-के में बहरीन, कैमरून, ग्रेनेडा, लाओस और सेनेगल के साथ रखा गया है. भारतीय टीम को तीन दिनों में पांच मुकाबले खेलने होंगे, यानी हर दिन कड़ी परीक्षा होगी. भारत अपने अभियान की शुरुआत 24 अक्तूबर को लाओस के खिलाफ करेगा.इसके बाद 25 अक्तूबर को टीम को दो मुकाबले खेलने हैं. पहले कैमरून और फिर ग्रेनेडा से सामना होगा. क्वालिफिकेशन स्टेज के अंतिम दिन 26 अक्तूबर को भारत बहरीन और सेनेगल से भिड़ेगा.



### 191 टीमें, छह दिन में 943 मुकाबले

फीफा के सभी सदस्य संघों के लिए खुले इस टूर्नामेंट में 191 राष्ट्रीय टीमों को 32 ग्रुप में बांटा गया है. छह दिन चलनेवाले आयोजन में 20 पिचों पर कुल 943 मैच खेले जायेंगे. मुकाबले सामान्य फुटबॉल से अलग 8 बनाम 8 फॉर्मेट में होंगे. मैच में 20-20 मिनट के दो हाफ होंगे और हाफ टाइम में पांच मिनट का ब्रेक मिलेगा. 68 मीटर लंबी और 50 मीटर चौड़ी पिच पर खेले जाने वाले मुकाबलों में पूरे मैच के दौरान रोलिंग सब्स्टीट्यूशन की अनुमति होगी.

### 28 अक्तूबर से टूर्नामेंट स्टेज

सभी टीमें 22 अक्तूबर को बाकू पहुंचेंगी और 23 अक्तूबर को आधिकारिक ट्रेनिंग डे होगा. 24 से 26 अक्तूबर तक क्वालिफिकेशन स्टेज के बाद 27 अक्तूबर को रेस्ट डे रहेगा. इसके बाद 28 और 29 अक्तूबर को टूर्नामेंट स्टेज तथा 30 अक्तूबर को टियर फाइनल खेले जायेंगे. भारतीय टीम फिलहाल बेंगलुरु के सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में कैंप कर रही है. अजरबैजान रवाना होने से पहले टीम घरेलू मैदान पर अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी. इसके बाद 14 खिलाड़ियों की अंतिम टीम चुनी जायेगी. फीफा अंडर-15 विश्व कप का यह पहला संस्करण लड़कों के लिए है. 2027 में दूसरा संस्करण केवल लड़कियों की टीमों के लिए होगा. 2028 से सभी सदस्य संघों को लड़कों और लड़कियों की अंडर-15 टीमों के साथ दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा.

### डेविस कप : नागल और सुरेश की हार से भारत पीछे

**सियोल.** भारत की डेविस कप के अंतिम आठ में पहुंचने की उम्मीदें उस समय धूमिल पड़ गयीं, जब दक्षिणेश्वर सुरेश व सुमित नागल अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे, शुक्रवार को अपने एकल मैच गंवाने पड़े, जिससे भारतीय टीम पहले दिन के बाद दक्षिण कोरिया से 0-2 से पीछे चल रही है. दक्षिणेश्वर ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन लय कायम नहीं रख सके और दक्षिण कोरिया के सून वू क्वोन ने उन्हें 3-6, 6-3, 6-4 से हरा दिया. भारत को वापसी दिलाने की जिम्मेदारी भारत के नंबर एक खिलाड़ी नागल पर थी, लेकिन उन्हें भी अच्छी शुरुआत के बावजूद तीन घंटे से अधिक चले मैच में अनुभवी ह्योन चुंग से 6-2, 4-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा. चुंग ने धैर्य दिखाया और सबसे महत्वपूर्ण समय पर अंक अर्जित किये. क्वोन ने अपने घरेलू मैदान पर डेविस कप का कोई भी मैच नहीं हारा है.

https://rktv.live/p/epaper.html

बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग





विकसित भारत - समृद्ध बिहार

# सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान

# श्री सम्राट चौधरी

**माननीय मुख्यमंत्री, बिहार**

के कर-कमलों द्वारा

**दिनांक- 18 सितम्बर 2026 को**

**सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया है**

## सार्वजनिक सुविधाओं और परिसंपत्तियों को बेहतर और स्वच्छ बनाने तथा नई आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए एक समग्र अभियान

## अभियान अंतर्गत प्रमुख कार्य

### शिक्षा विभाग
- विद्यालय भवनों, क्लासरूम, शौचालयों और किचन शेड की मरम्मति।
- पेयजल, बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करना।
- अतिरिक्त वर्ग-कक्षों, नए शौचालयों और चहारदीवारी तथा भवनविहीन विद्यालयों के लिए भवनों का निर्माण।

### समाज कल्याण विभाग
- वर्तमान आंगनबाड़ी केंद्रों का अनुरक्षण एवं मरम्मति।
- आवश्यकतानुसार नए आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण।

### अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग
- आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों व वर्तमान सामुदायिक भवनों की मरम्मति एवं रख-रखाव।
- नए सामुदायिक भवनों का निर्माण।

### नगर विकास एवं आवास विभाग
- शहरी सार्वजनिक परिसंपत्तियों की मरम्मति एवं रख-रखाव।
- स्ट्रीट लाइट व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण।
- नई परिसंपत्तियों का निर्माण।
- वृहद स्वच्छता अभियान का संचालन।
- छूटे हुए इलाकों में गली-नाली पक्कीकरण कार्य।

### पंचायती राज विभाग
- ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था एवं सुदृढ़ीकरण।
- छूटे हुए इलाकों में गली-नाली पक्कीकरण कार्य।

### ग्रामीण विकास विभाग
- ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान का संचालन।

### लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
- वर्तमान पेयजल परिसंपत्तियों का नियमित रख-रखाव, अनुरक्षण व सफाई।
- पेयजल संबंधी शिकायतों का 24 घंटे के अंदर त्वरित निवारण।

### स्वास्थ्य विभाग
- स्वास्थ्य संस्थानों की व्यापक साफ-सफाई, मरम्मति, रंग-रोगन एवं रख- रखाव।
- आवश्यकतानुसार नए स्वास्थ्य उप-केंद्र भवनों का निर्माण।
- मरीजों व परिजनों के लिए सुविधाओं का विकास।

योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया के लिए पोर्टल

kayakalp-brlps-in

**मजबूत व्यवस्था, बेहतर सुविधाएं**

PR-012220(RDD)D.2026-27

https://rktv.live/p/epaper.html

दुर्गावती मुख्य नहर पथ स्थित लखमीपुर माइनर के समीप हुई दर्दनाक दुर्घटना

# दो बाइकों की टक्कर में पानी भरे गड्ढे में गिरने से तीन युवकों की हुई मौत

**तीन घायल**

**मोहनिया शहर (कैमूर).** जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के दुर्गावती मुख्य नहर पथ स्थित लखमीपुर माइनर के समीप शुक्रवार को दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गयी. टक्कर के बाद एक बाइक पर सवार तीन युवक पानी भरे गड्ढे में जा गिरे, जिससे तीनों की मौत हो गयी. वहीं, दूसरे बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों का इलाज गांव के निजी क्लिनिक में कराया जा रहा है.मृतकों में बघिनी गांव निवासी स्वर्गीय अवधेश कुमार चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र विकास कुमार, रामशंकर चौधरी के 19 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार व जैनुद्दीन राय के पुत्र सकील राय शामिल हैं. जानकारी के अनुसार, तीनों युवक अपने गांव बघिनी से बाइक पर सवार होकर मोहनिया आ रहे थे. इसी दौरान नटिनिया माई मंदिर के समीप दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गयी. टक्कर के बाद बाइक सवार तीनों युवक पानी भरे गड्ढे में जा गिरे. सड़क से गुजर रहे लोगों ने तत्काल उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी. इधर, हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया. आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेज दिया गया. इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक पर सवार तीन युवक पानी भरे गड्ढे में जा गिरे, जिससे तीनों की मौत हो गयी. शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेज दिया गया है. मृतक सकिल राम उर्फ दिलकुश राय भी दसवीं कक्षा का छात्र था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था. उसके पिता मुंबई में रहते थे. वह शुक्रवार को ही मुंबई जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुए थे. बेटे की मौत की खबर सुनकर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. परिजनों के लिए शब्दों में बयां करना मुश्किल हो गया. बेटे की मौत की खबर सुनकर पिता बीच रास्ते से ही वापस लौट रहे हैं.

## रील्स बनाने के दौरान दोनों बाइकों की हुई थी टक्कर

**मोहनिया शहर.** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुर्गावती मुख्य नहर पथ पर हुए दो बाइकों की टक्कर रील्स बनाने के दौरान हुई थी. बताया जाता है कि दो बाइकों पर बघिनी गांव से छह लोग मोहनिया की तरफ जा रहे थे. एक बाइक पर तीन लोग, तो दूसरे बाइक पर तीन लोग बैठे थे. इसी दौरान बहदुरा गांव के पास रील्स बनाने के दौरान पीछे की बाइक अगली बाइक में जा टकरायी, जिस हादसे में अगली बाइक पर सवार तीन लोग सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में जा गिरे, जिससे उनकी मौत हो गयी. वहीं, दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग भी दुर्घटना में घायल हो गये, जो वहां से घायल अवस्था में भाग गये. उनका इलाज गांव में ही किया जा रहा है.


रोते-बिलखते परिजन.

## एक साथ उठीं तीन अर्थियां तो हर आंख हुई नम

मोहनिया के बघिनी गांव में तीनों युवकों की मौत की खबर के बाद मातमी सन्नाटा छा गया. जिसने भी यह खबर सुनी, वह मृतकों के घर की ओर चल पड़ा. रिश्तेदारों व ग्रामीणों की भीड़ जमा रही. किसी के घर मां-बाप बेटे को याद कर रो रहे थे, तो कहीं भाई अपने भाई की मौत पर बिलख रहे थे. गांव के लोगों का कहना था कि तीनों की उम्र ही क्या थी, अभी तो उनके सामने पूरी जिंदगी पड़ी थी. एक साथ तीनों युवकों की अर्थियां उठीं, तो पूरा गांव रो पड़ा.

## भारत-नेपाल सीमा पर बुद्ध प्रतिमा के साथ दो गिरफ्तार

**बेतिया.** पश्चिम चंपारण जिले में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में सशस्त्र सीमा बल और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने दो संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पीली धातु से निर्मित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा बरामद की है. प्रतिमा का वजन करीब 7.705 किलोग्राम बताया गया है. कार्रवाई के दौरान एक स्कूटी और दो मोबाइल फोन भी जब्त किये गये हैं.

जानकारी के अनुसार, 44वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नरकटियागंज के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ई समवाय मांगुराहा की टीम को प्रतिमा की तस्करी से संबंधित सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर 17 सितंबर की शाम करीब 6:45 बजे एसएसबी निरीक्षक/सामान्य अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में एसएसबी और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 441 से करीब 6.2 किलोमीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रही थी.

## 1.226 किलो चरस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**सीतामढ़ी/सोनबरसा.** बिहार एसटीएफ व जिला पुलिस की विशेष टीम ने 16 सितंबर की रात संयुक्त कार्रवाई कर कई कांडों में वांछित शिवनंदन बैठा उर्फ रौशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया. वह कन्हौली थाना क्षेत्र के रामनगरा गांव निवासी रवींद्र बैठा का पुत्र है.

## पीएम पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में राजद महानगर अध्यक्ष गिरफ्तार

**मुंगेर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में मुंगेर पुलिस ने राजद के महानगर अध्यक्ष जुनैद मकबूर को गिरफ्तार किया है. कासिम बाजार थाना पुलिस ने लिखित शिकायत और प्रारंभिक डिजिटल सत्यापन के बाद कार्रवाई करते हुए उसे बेलन बाजार स्थित आवास से गिरफ्तार किया. पुलिस ने पोस्ट करने में इस्तेमाल किये गये मोबाइल फोन को भी जब्त कर लिया है. पुलिस के अनुसार, जुनैद मकमुर ने अपने फेसबुक अकाउंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ एक पोस्ट साझा किया था. इसमें लिखा था, "दीया जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है, हमने सुबह ही जला दिया है दीया, कोई दिक्कत किसी को." पोस्ट सामने आने के बाद पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया और इसकी जांच शुरू की.

# शराब मामले में नेहा झा को नहीं मिली जमानत

**सुनवाई**

**समस्तीपुर.** स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के एसी कोच में शराब के हाइ प्रोफाइल मामले में गिरफ्तार नेहा झा को गुरुवार को बेल नहीं मिला. इसके बाद उसे फिर से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. विशेष उत्पाद कोर्ट में 17 सितंबर को सुनवाई के बाद फिलहाल यह फैसला किया गया है. पक्षों की सुनवाई के बाद अगली तिथि तय की गई. बताते चलें कि स्थानीय जंक्शन के प्लेटफार्म 5 से स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के फर्स्ट क्लास बोगी से शराब की तस्कर करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया. इसमें एक युवक और लड़की शामिल है. आरक्षी दीपक कुमार के साथ प्लेटफार्म संख्या एक पर ट्रेन में उक्त बॉगी की तलाशी शुरू की गई. जिसके बाद बैग में रख कर ले जा रहे शराब को बरामद किया गया. इसके अलावा एक युवक युवती को भी हिरासत में लिया गया.












Cheil 33530/26

वर्ष : 31, अंक 137, रजिस्ट्रेशन : आर एन 66055/96, पोस्टल रजिस्ट्रेशन : पी टी-42/2009, अखबार के स्वामी न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विकाश कुमार द्वारा न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि., प्लॉट संख्या डी-9-10, पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया, पटना (बिहार) - 800013 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक (पटना संस्करण) : रंजीत प्रसाद सिंह*, संपादक (बिहार) : अजय कुमार, प्रधान संपादक : अंकित शुक्ला, फोन : कार्यालय : 0612-2540550, 9264427606, 9264427607, इ-मेल : patna@prabhatkhabar.in (*पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

https://rktv.live/p/epaper.html